सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 12 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 305, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 336 अंकों की उछाल

शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरते हुए सेंसेक्स में 411.32 अंक की गिरावट के साथ 83,124.03 अंक पर आ गया था। } 14

## भारत-अंगोला के साझा विकास में निभाएं सक्रिय भूमिका : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत और अंगोला के बीच व्यापार, निवेश तथा जनता के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की अपार संभावनाएं हैं। } 16

## बख्शे नहीं जायेंगे दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ता

एजेंसी




थिंपू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना की जांच कर रही एजेंसियां मामले की तह तक जाएंगी और इसके लिए जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के शिकंजे में लाया जाएगा। मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक की 70वीं जयंती के मौके पर चांगलीमेथांग स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की घटना के मद्देनजर वह भारी मन से थिंपू आए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सोमवार को पूरी रात विस्फोट की जांच कर रही एजेंसियों के संपर्क में रहे।

दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। मोदी ने कहा, भारत और भूटान के बीच सदियों से गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। इसलिए, इस खास मौके का हिस्सा बनना भारत और मेरी प्रतिबद्धता थी। उन्होंने कहा लेकिन आज मैं भारी मन से यहां आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को बहुत दुखी किया है। मैं प्रभावित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मोदी ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एनआईए करेगी लाल किला धमाके की जांच

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली विस्फोट मामले में सलिप्त प्रत्येक दोषी की तलाश करें। इस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस विस्फोट में संलिप्त सभी लोगों को सुरक्षा एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा।

शाह ने यह निर्देश राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक सोमवार शाम हुए विस्फोट के मद्देनजर आयोजित दो सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करने के बाद दिये। केंद्रीय गृहमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली कार विस्फोट पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें इस घटना के पीछे के प्रत्येक अपराधी को पकड़ने का निर्देश दिया। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हमारी एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। सूत्रों ने बताया कि पहली बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते शामिल हुए। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों को नक्सल रोधी इस कार्वाई में मिली सफलता पर बधाई दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया है तथा मुठभेड़ स्थल से हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जिले के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को नक्सल रोधी अभियान में रवाना किया गया था। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस अभियान के दौरान आज सुबह 10 बजे से संयुक्त दल और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

### महोबा : तीन बहनों के शव कुएं से बरामद

बांदा (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के अजनर थाना क्षेत्र के आरी गांव में पुलिस ने सोमवार रात तीन नाबालिग सगी बहनों के शव एक खेत में बने कुएं से बरामद किए। तीनों बहनें सोमवार शाम से लापता थीं। अजनर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव ने बताया कि आरी गांव की बस्ती से कुछ दूरी पर, ललौनी रोड स्थित तिजवा अहिरवार के खेत में बने जर्जर कुएं से रम्मू अहिरवार की तीन बेटियों रुचि (7 वर्ष), पुष्पा (5 वर्ष) और दीक्षा (3 वर्ष) के शव निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए। एसएचओ ने कहा कि प्रारंभिक जांच में संकेत मिलता है कि तीनों बहनें खेलते समय कुएं के पास गई होंगीं और पैर फिसलने से कुएं में गिर गई होंगीं।

# लखनऊ समेत कई राज्यों में ताबड़तोड़ छापेमारी

## दिल्ली विस्फोट मामला : गिरफ्तार डॉक्टर के घर की गहन तलाशी, पूरे उत्तर प्रदेश में कड़ी की गयी सुरक्षा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। दिल्ली में लालकिले के पास हुए कार विस्फोट के एक दिन बाद मंगलवार को पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा चौकसी और सघन निरीक्षण बढ़ा दिया गया। इस विस्फोट में कम से कम 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। आतंकवाद-रोधी एजेंसियों और पुलिस टीमों ने लखनऊसहित कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया।

राजधानी लखनऊ में आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस), लखनऊ पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की एक संयुक्त टीम ने दिल्ली विस्फोट मामले में पहले गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन शाहिद के मुत्तकीपुर स्थित आवास पर गहन तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने शाहीन की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी जुटाने के लिए दस्तावेज एकत्र किये और परिवार के सदस्यों तथा पड़ोसियों से पूछताछ की। शाहीन के पिता सैयद अहमद अंसारी ने संवाददाताओं को बताया कि वह दिल्ली ...शेष पृष्ठ 14 पर





### कार चला रहे डॉक्टर के आतंकी मॉड्यूल से थे संबंध

नयी दिल्ली/श्रीनगर। लाल किले के पास हुए विस्फोट की जांच मंगलवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गई। जांचकर्ताओं ने पुलवामा के एक डॉक्टर पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसका संबंध मुख्य रूप से फरीदाबाद से विस्फोटकों की बरामदगी के साथ पर्दाफाश किए गए एक आतंकी मॉड्यूल से है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डॉ. उमर नबी उस कार को चला रहा था, जिसमें विस्फोट हुआ और माना जा रहा है कि वह मारे गए 12 लोगों में से एक है। विस्फोट के एक दिन बाद ...शेष पृष्ठ 14 पर

### आरोपियों के पास बड़ी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट बरामद

नयी दिल्ली। सुरक्षा एजेंसियां इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं कि कैसे एक सफेदपोश आतंकवादी नेटवर्क ने अमोनियम नाइट्रेट सहित भारी मात्रा में विस्फोटक हासिल करने और भंडारण करने में कामयाबी हासिल की। संदेह है कि इसी पदार्थ का इस्तेमाल सोमवार को लाल किला के पास हुए घातक विस्फोट में किया गया, जिसमें 12 लोग मारे गए। इस हमले ने एक बार फिर इस बात को उजागर कर दिया है कि अमोनियम नाइट्रेट जैसे प्रतिबंधित रसायन को कितनी आसानी से हथियार बनाया जा सकता है, तथा अधिकारी हाल में पकड़े ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिहार विस चुनाव : 67.14 प्रतिशत पड़े वोट

एजेंसी



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को रिकॉर्ड 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। इस चुनाव को राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व पर जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है।

राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, दूसरे चरण में 122 विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो छह नवंबर को पहले चरण में हुए रिकॉर्ड 65.09 प्रतिशत मतदान से लगभग दो फीसदी अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि कई मतदान केंद्रों पर शाम तक लंबी कतारें देखी गईं, इसलिए अंतिम मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है। राज्य का मुस्लिम बहुल जिला किशनगंज इस चरण में सर्वाधिक मतदान वाले जिलों में शीर्ष पर रहा, जहां 76.26 फीसदी वोट पड़े। इसके बाद कटिहार (75.23 प्रतिशत), पूर्णिया (73.79 प्रतिशत), सुपौल (70.69 प्रतिशत) और अररिया (67.79 प्रतिशत) का स्थान रहा। ये सभी जिले नेपाल की सीमा से सटे कोसी-सीमांचल क्षेत्र में आते हैं, जो बाढ़ प्रभावित और अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले इलाके हैं। दक्षिण बिहार के जिलों में भी मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। जमुई में 67.81 प्रतिशत, गया में 67.50 फीसदी और कैमूर में 67.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नवादा जिले में मतदान सबसे कम रहा, जहां शाम पांच बजे तक 57.31 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। हालांकि मुख्यमंत्री कुमार स्वयं चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वंदे मातरम का विरोध करने वाला भारत माता का विरोधी

जिला संवाददाता

बाराबंकी (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि "जो कोई भी वंदे मातरम का विरोध कर रहा है, वह वास्तव में भारत माता का विरोध कर रहा है। आदित्यनाथ बाराबंकी में 1,734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने आए थे।

इस मौके पर एक जनसभा में आदित्यनाथ ने कहा, "जो कोई भी वंदे मातरम का विरोध कर रहा है, वह वास्तव में भारत माता का विरोध कर रहा है। यह वंदे मातरम किसी व्यक्ति, किसी जाति या किसी क्षेत्र के लिए नहीं है। यह किसी व्यक्ति को किसी विशेष पूजा पद्धति की ओर प्रवृत्त नहीं करता। यह वास्तव में भारत माता के प्रति श्रद्धा है। मुख्यमंत्री ने देशवासियों से कहा, उन चेहरों को पहचानों, जो शासकीय योजनाओं को हड़पने की लाइन में सबसे पहले खड़े होते हैं, लेकिन कहते हैं कि हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे। उन्होंने यह ...शेष पृष्ठ 14 पर




### मुगलों व अंग्रेजों ने भारत की एकता को किया खंडित

बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि मुगल काल और ब्रिटिश राज ने भारत की एकता को भिन्न-भिन्न कर दिया। जिले में राष्ट्रीय एकता यात्रा समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, अंग्रेज नहीं चाहते थे कि भारत एकजुट रहे। उन्होंने भारत को विभाजित करने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि मुगल काल और ब्रिटिश राज ने एकता को छिन्न-भिन्न कर दिया। लाखों वर्षों ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.
न्यूनतम : 13.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- जल पुरस्कारों में मीरजापुर व आगरा ने मारी बाजी (पृष्ठ-02)
- विधानमंडलों में संवाद लोकतंत्र की ताकत : महाना (पृष्ठ-02)
- शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 12.92 लाख करोड़ (पृष्ठ-14)
- रुपया 16 पैसे बढ़कर 88.57 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- चीनी उत्पादन 3.09 करोड़ टन होने का अनुमान (पृष्ठ-14)

विशेष खबर | 12 एग्जिट पोल में एनडीए गठबंधन को जीत का अनुमान

## एग्जिट पोल : बिहार में राजग की बड़ी जीत के आसार

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में संभावना जताई गई है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बड़े बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बना सकता है।

यदि असल नतीजे भी चुनाव बाद आए इन सर्वेक्षणों के आंकड़ों की तरह रहते हैं तो एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वाम दल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के महागठबंधन के लिए सत्ता दूर की कौड़ी साबित होगी। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग में जनता दल (यू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। बिहार में मतदान संपन्न होने के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राजग को बड़ी जीत मिलने की भविष्यवाणी की गई है। मैट्रिज के सर्वेक्षण के अनुसार, राजग 147 से 167 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत का आंकड़ा हासिल कर सकती है। इसके एग्जिट पोल में कहा गया है कि महागठबंधन को 70 से 90 सीटें मिल सकती हैं तथा जन सुराज को शून्य से दो सीट ही मिलने के आसार हैं। दैनिक भास्कर के सर्वेक्षण में कहा गया है कि राजग को 145 से 160 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 73 से 91 सीटें ही मिलने का अनुमान है। पीपुल्स पल्स के एग्जिट पोल में भी राजग के एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

| एजेंसी | एनडीए | महागठबंधन | जनसुराज | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रीज आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | - | 2-6 |
| पीपल्स पल्स | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| जेवीसी पोल | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| पीपल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 3-6 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-138 | 100-108 | - | 3-5 |
| पोलस्ट्रैट | 133-148 | 87-102 | - | 3-5 |
| पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | - | 1-5 |
| प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | - | 0-7 |
| टिफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | - | 3-6 |
| पी-मार्क | 142-162 | 80-98 | 1-4 | 3-6 |
| डीवी रिसर्च | 137-152 | 83-98 | 2-4 | 1-8 |
| कामाख्या एनालिटिक्स | 167-187 | 54-74 | 0-2 | 2-7 |



## सरकार का लक्ष्य है परिणाम आधारित शासन देना : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। प्रदेश सरकार का लक्ष्य पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणाम आधारित शासन देना है। इसके लिए यह बेहद आवश्यक है कि विभाग जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप संवेदनशील रुख अपनायें और तकनीक का अधिकतम उपयोग कर शिकायत निवारण प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से पहुंचे नागरिकों की समस्यायें, शिकायतों और सुझावों को विस्तार से जाना। राज्य सरकार भविष्य में शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक आधुनिक बनाने पर भी काम कर रही है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों तक भी तेज समाधान ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में यूपी के मीरजापुर व आगरा ने मारी बाजी

## छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में उत्तर प्रदेश का शानदार प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्र सरकार की ओर से घोषित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2024 में उत्तर प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से घोषित इन पुरस्कारों में उत्तर प्रदेश के मीरजापुर को उत्तर जोन में सर्वश्रेष्ठ जिला घोषित किया गया है, जबकि आगरा नगर निगम को सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन सरकार हर घर जल, हर खेत को पानी की नीति धरातल पर परिणाम दे रही है।

राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में उत्तर प्रदेश की यह सफलता इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। डबल इंजन सरकार की योजनाएं जनभागीदारी का जीवंत उदाहरण बन चुकी हैं। मीरजापुर और आगरा की उपलब्धियां न केवल प्रदेश, बल्कि देश के लिए भी जल संरक्षण के नए मानक प्रस्तुत कर रही हैं। प्रदेश के मीरजापुर ने नार्थ जोन में बेस्ट जिले का खिताब अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में जिले में जल जीवन मिशन और अटल भू-जल योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, जिससे ग्रामीण इलाकों में जलाशयों के पुनरुद्धार, नालों की खुदाई और सिंचाई क्षमता में वृद्धि संभव हुई। जनभागीदारी पर आधारित इन योजनाओं में पंचायतों से लेकर स्थानीय युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। मीरजापुर के कई गांवों में वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणालियों और तालाबों की पुनर्जीवन योजना के कारण भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। आगरा नगर निगम ने नवाचारी योजनाओं से जल संरक्षण के क्षेत्र में ह्वस्मार्ट सिटी मॉडलह्व प्रस्तुत किया है। नगर निगम की ओर से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकले पुनर्चक्रित जल का उपयोग पार्कों और औद्योगिक इकाइयों में किया जा रहा है। साथ ही, जल अपव्यय रोकने के लिए लीकेज ट्रैकिंग सिस्टम और स्मार्ट मीटरिंग जैसी तकनीकों का उपयोग आगरा को देश के अग्रणी शहरी निकायों में शामिल कर चुका है। योगी सरकार की पहल पर हर घर नल योजना के तहत आगरा समेत कई शहरों में घर-घर पेयजल आपूर्ति में सुधार हुआ है।

- मीरजापुर बना सर्वश्रेष्ठ जिला, आगरा को भी मिली राष्ट्रीय पहचान

सरकार ने साढे आठ वर्ष के कार्यकाल में जल संरक्षण को जनांदोलन का रूप देने में सफलता प्राप्त की है। हर घर जल, हर खेत को पानी, अटल भू-जल योजना जैसे सभी अभियानों की मॉनिटरिंग भी मुख्यमंत्री की ओर से समय-समय पर की जाती है। राज्य के सभी 75 जिलों में जलाशयों के पुनरुद्धार, हैंडपंपों की पुनर्स्थापना, ग्रामीण घरों को नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध जल की आपूर्ति करने की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक गांव का चयन किया जा रहा है, जहां 'पायलट प्रोजेक्टह्व के तहत 24 घंटे शुद्ध पेयजल की सुविधा तेजी से उपलब्ध कराई जा रही है। शुरूआती परीक्षण की सफलता के बाद सभी जिलों में धीरे-धीरे गांवों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे आने वाले समय में पूरे प्रदेश में इस 'पायलट प्रोजेक्ट मॉडल को लागू किया जाएगा। प्रदेश में नदियों के पुनर्जीवन व संरक्षण का कार्य भी गतिमान है। सीएम योगी खुद कई अवसरों पर कह चुके हैं कि जल की एक-एक बूंद बहुत महत्वपूर्ण है। उनकी यही सोच आज उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रही है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने मंगलवार को नई दिल्ली में विजेताओं की घोषणा की। पुरस्कार वितरण समारोह 18 नवंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। इस वर्ष पुरस्कारों के लिए देशभर से 751 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 46 विजेताओं का चयन किया गया। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों में उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन न केवल संख्यात्मक रूप से मजबूत रहा, बल्कि नीति, नवाचार और जनसहभागिता के आधार पर प्रभावी माना गया।

# नयी वंदे भारत ट्रेन बनारस के पर्यटन उद्योग को देगी बूस्टर डोज

विशेष संवाददाता (vol)



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण तथा काशी की जल, थल, नभ और रेल परिवहन की बेहतर कनेक्टिविटी के साथ ही सरकार की ओर से वाराणसी के विकास में मूलभूत ढांचे में सुधार करने से काशी में पर्यटकों की आमद का नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है। अब वाराणसी से खजुराहो के लिए शुरू हुई नई वंदेभारत ट्रेन पर्यटन उद्योग को रफ़्तार देते हुए नया अध्याय लिखने को तैयार है। अर्थिक मामलों के जानकारों के मुताबिक नई वंदे भारत ट्रेन में यदि दैनिक औसतन 400 यात्री यात्रा करते हैं और प्रत्येक यात्री किराए के अतिरिक्त औसतन 2000 रुपये वाराणसी में खर्च करता है। वार्षिक अतिरिक्त व्यय अट्ठाईस करोड़ अस्सी लाख रुपये होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बूस्टर डोज साबित होगी।

- यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन साबित होगी बूस्टर डोज

वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से न केवल काशी, बल्कि उससे जुड़े पूरे सांस्कृतिक परिक्षेत्र प्रयागराज, विंध्याचल और चित्रकूट की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा और संभावनाओं का संचार होगा। यह केवल एक रेल सेवा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, आर्थिक कॉरिडोर के रूप में कार्य करेगी, जो उत्तर भारत के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों के परिवहन को तीव्र गति देगी। यह ट्रेन वाराणसी (धार्मिकझ्रसांस्कृतिक केंद्र) को खजुराहो (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल) के साथ-साथ प्रयागराज और चित्रकूट जैसे तीर्थ स्थलों से जोड़ती है। पहले हवाई सेवा की अनिश्चितता और धीमी रेल कनेक्टिविटी के कारण विदेशी पर्यटक खजुराहो या चित्रकूट को अपने यात्रा कार्यक्रम से बाहर रखते थे।

अब तेज, सुरक्षित और आरामदायक रेल संपर्क के कारण घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि की संभावना है। पर्यटकों की बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव वाराणसी के होटल व्यवसाय, ट्रैवल एजेंसी, टैक्सी/ऑटो चालकों, गाइड, हस्तशिल्प विक्रेताओं और रेस्टोरेंट्स पर पड़ेगा। यात्रा का समय लगभग 2 घंटे 40 मिनट घटने से व्यापारियों और तीर्थयात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी पर्यटन अवधि और संख्यां दोनों बढ़ेंगी। डी. ए. वी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो.अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि नये वंदे भारत मे आठ बोगी हैं और मान लें कि यदि दैनिक औसतन 400 यात्री यात्रा करते हैं और यदि प्रत्येक यात्री किराए के अतिरिक्त औसतन 2000 रुपये वाराणसी में खर्च करता है, तो दैनिक स्तर पर 8,00,000 रुपये मासिक स्तर पर 2,40,00,000 रुपये एवं वार्षिक स्तर पर 28,80,00,000 रुपये अतिरिक्त व्यय होने का अनुमान है। वास्तविक आर्थिक प्रभाव इससे कहीं व्यापक हो सकता है, क्योंकि इसमें रेल किराया, पर्यटन की समग्र वृद्धि, और रोजगार के अवसरों की गणना शामिल नहीं है। इसकर इफेक्ट पूरे मध्य गंगा क्षेत्र और बुंदेलखंड तक फैलेगा। भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट अब पर्यटकों के लिए अधिक सुलभ हो जाएगी। इससे स्थानीय गाइड, परिवहन, पूजा सामग्री विक्रेताओं और आश्रम, धर्मशालाओं की आय में वृद्धि होगी। अब खजुराहो के अलावा विंध्याचल, प्रायजराज, चित्रकूट से भी कशी आना -जाना सुगम होगा, जिससे पर्यटन उद्योग को काफी लाभ होगा।

# आगरा में 55 हजार घरों को बड़ी राहत, मिल सकेगा शुद्ध पेयजल

## यमुना नदी में 85 एमएलडी क्षमता का इंटकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/आगरा।** यमुनापार क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल संकट की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। जल निगम ने पोइया घाट पर यमुना नदी में 85 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) क्षमता का एक विशाल इंटकवेल और उससे जुड़ा 55 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। यह परियोजना यमुनापार के 55 हजार घरों में सुबह और शाम यमुना जल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

इसके अंतर्गत पोइया घाट, खंदौली की तरफ यमुना नदी में 85 एमएलडी का इंटकवेल बनेगा, जो नदी में तीन से सात मीटर तक भीतर होगा। वर्तमान में जल निगम की टीम ने मिट्टी के नमूने लेने का कार्य शुरू कर दिया है। जहां भी मिट्टी सख्त होगी, वहीं इसका निर्माण किया जाएगा। इंटकवेल से केवल आधा किलोमीटर की दूरी पर 55 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा। इंटकवेल से सीधा पानी प्लांट में पहुँचेगा, जहाँ इसका शोधन होगा और फिर शुद्ध जल की आपूर्ति यमुनापार के क्षेत्रों में की जाएगी।

- 231 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाने और घरों में कनेक्शन देने का काम भी शुरू

परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए 231 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी तेजी से चालू हो चुका है। लाइन बिछाने के साथ ही घरों में कनेक्शन देने का काम भी शुरू किया जाएगा। यह कार्य एक से डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य है, जिसके बाद यमुनापार के निवासियों को पेयजल संकट से मुक्ति मिल सकेगी। यमुनापार के कई नए क्षेत्रों में पाइपलाइन न बिछने के कारण, खासकर गर्मी के मौसम में, लोगों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ता था। निजी टैंकर संचालक भारी मनमानी वसूली करते थे, जिसकी शिकायत प्रतिदिन नगर निगम और कलेक्ट्रेट में पहुँचती थीं। सरकार ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लिया और यह नई पेयजल योजना (प्रथम और द्वितीय) शुरू की गई है, जिससे जल संकट को खत्म किया जा सके।

ंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार प्रदेश के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने की प्रतिबद्ध है। जनपद आगरा के 55 हजार घरों में पेयजल उपलब्ध कराने की इस महत्वपूर्ण परियोजना की हर सप्ताह समीक्षा की जा रही है, ताकि कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके। इस वृहद पेयजल परियोजना से यमुना पार के ट्रांस यमुना कॉलोनी प्रथम व द्वितीय, फाउंड्री नगर, शाहदरा, राज नगर, सीता नगर, नगला रामदास, कालिंदी विहार, कछपुरा सहित अन्य क्षेत्र सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

# विधानमंडलों में संवाद लोकतंत्र की ताकत: सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सदस्यों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। महाना ने समिति का हार्दिक स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया और कहा कि विधानमंडलों के बीच अध्ययन व संवाद लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती का प्रतीक हैं। इस प्रकार के दौरे न केवल आपसी अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में बेहतर नीतियों के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

- हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति का उत्तर प्रदेश अध्ययन दौरा, विधानसभा अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने भी सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा विधानसभा की समिति का यह अध्ययन दौरा दोनों राज्यों की समितियों के बीच सहयोग और संवाद को और सुदृढ़ करेगा। हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सभापति राम कुमार गौतम के नेतृत्व में आए इस दल में प्रमुख रूप से गीता भुक्कल और बलवान सिंह दौलतपुरिया सदस्य के रूप में मुख्य रूप से शामिल हैं। समिति ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की समकक्ष समिति के साथ सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली एवं सुशासन से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

इसके बाद समिति ने उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन का भ्रमण किया। समिति का दल चार दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश आया हुआ है और अपने प्रवास के दौरान अयोध्या एवं वाराणसी का भी भ्रमण करेगा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा की यह समिति राज्य के सभी सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों की आय-व्यय, वित्तीय लेखा-विवरण, संतुलन पत्र और लाभ-हानि विवरण की जांच करती है। समिति यह सुनिश्चित करती है कि संबंधित उपक्रमों का प्रबंधन ठोस व्यावसायिक सिद्धांतों और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के अनुरूप हो।

# विजन इंडिया को लेकर 16 को करेंगे स्टार्टअप समिट की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को विजन इंडिया का प्रारूप रखते हुए कहा कि देश में विभाजनकारी और पुरातनपंथी ताकतों से निबटने के लिए नई सोच और प्रगतिशील इरादों के साथ युवा भारत को आगे लाना है। नई पीढ़ी की सोच में सहिष्णुता प्रेम और सम्मान है। वह दयुाल और प्रगतिपंथी है।

अखिलेश यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान घोषणा की कि विजन इंडिया, स्टार्टअप समिट की पहली बैठक 16 नवम्बर को ताज बंगलोर, बेगलुरू, कर्नाटक में होगी। इसके मुख्य समन्वयक राजीव राय सांसद होंगे और मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र होंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भारत एक ऐसा देश बन गया है जहां लोगों को हर कदम पर मुश्किलों और संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए, हमने एक रास्ता सोचा है विजन इंडिया जो हमें एक सकारात्मक, यथार्थवादी, प्रगतिशील भविष्य की ओर ले जाएगा। विजन इंडियाः प्लान, डेवलप और एसेंट एक ऐसी मुहिम है जो इनोवेशन, कोलैबोरेशन और प्रोग्रेस का प्रतीक है। विजन इंडिया के तहत देशभर में आयोजित होने वाले सम्मेलनों और सेमिनारों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना को प्लान करना, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवसरों और संभावनाओं की पहचान करना। उन्होंने कहा कि डेवलपः संवाद, साझेदारी और समाधान-आधारित तरीकों को बढ़ावा देना, जिससे हम डेवलप होकर जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकें। एसेंटः इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए एसेंट करना और अपने देश को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाना। हम सभी को अपने विजन इंडियाः प्लान, डेवलप और एसेंट मिशन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते जिसमें देश के अलग-अलग शहरों में भारत की विविध क्षेत्रों की प्रतिभाएं एक साथ आएंगी। इसकी शुरूआत बंगलूरू से हो रही है। हमारा उद्देश्य है सामाजिक-मानसिक सशक्तीकरण, संतुलित संवृद्धि और वास्तविक समावेशी विकास को बढ़ावा देना। हम सामाजिक न्याय के राज को स्थापित करने के लिए वचनबद्ध हैं, जिसमें समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बरकरार रखा जाएगा। न्याय, स्वतंत्रता, समानता, भाईचारे और गरिमा जैसे मूल्यों को सुरक्षित करना चाहते हैं, जिससे सभी को समान अवसर मिलें और वे आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि स्टार्टअप योजना का प्रारम्भ उत्तर प्रदेश से समाजवादी सरकार के कार्यकाल में हुआ था। छात्र-छात्राओं में 20 लाख लैपटॉप बांटे गए इससे वे नई तकनीकि से जुड़े। लखनऊ में एचसीएल जैसी कम्पनी आई। हजारों युवक वहां नौकरी कर रहे है। इस अवसर पर शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव, माता प्रसाद पाण्डेय नेता विरोधी दल विधानसभा, लाल बिहारी यादव नेता विपक्ष विधान परिषद, राजीव राय सांसद, पूर्व मंत्री बलराम यादव, पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारवार्ता कर दी जानकारी
- कहा, सामाजिक-मानसिक सशक्तीकरण, संतुलित संवृद्धि और वास्तविक समावेशी विकास को बढ़ावा देना उद्देश्य

# दिल्ली विस्फोट एसआईआर से उपजी निराशा का परिणाम : बहुजन क्रांति पार्टी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली ब्लास्ट एसआईआर से उपजी निराशा का परिणाम है। केंद्र सरकार राष्ट्रहित में एसआईआर जैसा कदम भी उठा सकती है, इसका अंदाजा राष्ट्रद्रोही ताकतों को बिल्कुल नहीं था। इस कदम से राष्ट्रद्रोही ताकतें व उनके रहनुमा बिलबिला उठे हैं इसलिए हताशा में वे आगे भी दिल्ली ब्लास्ट जैसी अप्रिय घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

बहुजन क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता केशव चंद्र पाण्डेय ने मंगलवार को लखनऊ में बयान जारी कर कहा कि एसआईआर देर से उठाया गया, एक सही कदम है। पर इस देरी की वजह से राष्ट्रद्रोही ताकतें देश में मजबूती से अपने पैर पसार चुकी हैं उन्हें खत्म करना अब कठिन हो रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा में खतरे के सबूत अब मिलने लगे हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते किस स्तर पर राष्ट्रद्रोही ताकतों व घुसपैठियों को बढ़ावा दिया, इसका जीवंत उदाहरण कोलकाता की गुलशन कालोनी है जिसकी आबादी लगभग दो लाख है, सबके पास मतदाता पहचान पत्र हैं पर मतदाताओं की संख्या बीस हजार मात्र ही है। यह आंकडा चौंकाने वाला है।

केशव चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह कालोनी बनी और सत्ता दल के प्रभावशाली नेताओं की मदद से बांग्लादेशियों को यहां लाकर बसाया गया जो वास्तविक मतदाताओं से दस गुनी संख्या के लगभग हैं। प्रवक्ता ने बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के हवाले से कहा कि एसआईआर लागू होने के बाद गुलशन कालोनी खाली हो रही है। बांग्लादेशी भाग रहे हैं। उन्होंने एसआईआर का स्वागत करते हुए कहा कि कमोवेश यही स्थिति देश के कई हिस्सों की है, जहां एसआईआर के बाद अब भारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने उन राजनीतिक दलों की आलोचना की जो इतने बड़े खुलासे के बाद भी चुप्पी साधे बैठे हैं।

एसआईआर ने उन दलों के मंसूबों को मिट्टी में मिला दिया है, जो इन अवैध बांग्लादेशियों के बूते सत्ता में आने का सपना पाले बैठे थे। केशव चंद्र पाण्डेय ने कहा कि विपक्ष का हिस्सा होते हुए भी बहुजन क्रांति पार्टी राष्ट्रहित से जुड़ी नीतियों का समर्थन करने वाली पार्टी है। हम जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर भाजपा के साथ दृढ़ता से खड़े रहेंगे।

# अनिल दुबे ने की दिल्ली विस्फोट की निंदा



**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने सोमवार की शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस घटना ने पूरे देश को व्यथित कर दिया है। रालोद पीड़ित परिवारों के साथ है, उनका दुख समझता है और पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सभी जांच एजेंसियां युद्धस्तर पर इस षड़यंत्र की तह तक जाने के लिए लगी हुई है और षडयंत्रकारियों की किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

# गंभीर इंटेलिजेंस फेलियर देश की सुरक्षा में चूक : लोकदल

**लखनऊ।** पिछले दिनों पुलवामा की घटना ने पूरे राष्ट्र को हिला दिया था, और अब दिल्ली में हुए धमाके ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि देश की सुरक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है। दो-दो बड़ी घटनाओं का इतने कम समय में होना केवल संयोग नहीं, बल्कि गंभीर इंटेलिजेंस फेलियर और गृह मंत्रालय की लापरवाही का परिणाम है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह का आरोप है कि जब देश की जनता अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है, तब गृह मंत्री अपनी जिम्मेदारियों से भटककर बिहार चुनाव जीतने की रणनीतियों और सुरक्षा में अधिक व्यस्त रहे। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की राजधानी दिल्ली और पुलवामा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा चूक होती रही, जबकि गृह मंत्री चुनावी राजनीति पर ध्यान देते रहे। देश के गृह मंत्री का पहला कर्तव्य राष्ट्र की सुरक्षा होता है लेकिन वे इस सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने में विफल रहे हैं।

# भाजपा भगवान बिरसा मुंडा 150वीं जयंती समारोह पर करेगी कार्यक्रम : भूपेंद्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा भगवान बिरसा मुंडा 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मां भारती के अमर सपूत भगवान बिरसा मुंडा का नाम सुनते ही मिट्टी की सौंधी सुगंध और संघर्ष की ज्वाला एक साथ महसूस होती हैं। भगवान बिरसा मुंडा एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग, एक आंदोलन और आदिवासी समाज की आत्मा के प्रतीक थे। 15 नवम्बर 1875 को झारखण्ड के उलीहातू गांव में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ। पार्टी उनकी 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाएगी तथा राष्ट्र और संस्कृति के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले भगवान बिरसा मुंडा के संदेश को लेकर जनमानस के बीच पहुंचेगी।

- पत्रकारवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा ने स्वराज, स्वदेशी और ग्राम स्वावलम्बन का दिया संदेश

उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा 150वी जयंती समारोह अभियान के लिए प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश को अभियान प्रभारी तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय गोंड को अभियान का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विद्या भूषण गोंड तथा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सूरज सिंह सोमवंशी को सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने स्वतत्रंता संग्राम को स्वाभिमान और स्वदेशी की चेतना दी। स्वराज, स्वदेशी और ग्राम स्वावलम्बन का संदेश दिया। भगवान बिरसा मुंडा ने मंत्र दिया कि अपने धर्म, अपनी धरती और अपने देवता को पहचानों। इस मंत्र के साथ उन्होंने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया। जंगल हमारा, जमींन हमारी, हवा-पानी हमारा, हमारी धरती पर कोई पराया अधिकार नहीं कर सकता। इस आह्वान के साथ उन्होंने 1899 में उलगुलान महासंग्राम प्रारम्भ किया। यह महासंग्राम अंग्रेजी सत्ता के विरूद्ध स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ही सामाजिक, आर्थिक तथा धार्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक बना। अंग्रेजो ने बिरसा मुंडा को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया और सन 1900 में उन्हें गिरफ्तार किया गया। अंग्रेजो ने यातनाओं की हदें पार कर दी और 6 जून 1900 को मां भारती के सपूत भगवान बिरसा मुंडा ने वीरगति प्राप्त की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत भगवान बिरसा मुंडा के संदेश के साथ प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा प्रदेश में 15 नवम्बर तक सभी कमिश्नरी केंद्रों पर जनजातीय गौरव स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन करेगी। केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री तथा पार्टी के केंद्र व प्रदेश के पदाधिकारी सम्मेलनों में पहुचेंगे। सम्मेलनों में जनजातीय समाज के साथ सभी वर्गो को जोड़कर गीतों, काव्यों, नाटकों तथा जनजातीय कलाओं के माध्यम से राष्ट्रनायक का चरित्र जनमानस के बीच पहुंचेगा। भगवान बिरसा मुंडा के विचारों के साथ सोशल मीडिया पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 12 से 15 नवम्बर तक प्रदेश के सभी जिलो में जनजातीय स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाएगी। सभी स्मारकों पर दीपोत्सव तथा पुष्पार्चन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर जनजातीय गौरव और स्वाभिमान को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती पर 15 नवम्बर को सोनभद्र में जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। जनजातीय संस्कृति, कला, नृत्य, वाद्य, युद्ध कौशल के प्रदर्शन के साथ उत्साह, उमंग से परिपूर्ण सम्मेलन में जनजातीय उत्कर्ष की छटा और भगवान बिरसा मुंडा का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।

संक्षेप

## चार पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर कैलहा गांव की सीमा देवी पत्नी अनिल कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ नवंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने मकान में निर्माण कार्य करवा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर परिवार के ही लक्ष्मण उर्फ विष्णुदत्त, विक्की, नान्हू, रिंकू कोरी एकराय होकर वहां पहुंचे और निर्माण कार्य बंद करवाने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने पीड़िता के पति अनिल कोरी, देवर सचिन, को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जानलेवा धमकी व मारपीट को लेकर पीड़ित ने दी तहरीर

प्रतापगढ़। जानलेवा हमले व मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रामगंज कोल मुस्तफाबाद निवासी कृष्ण कुमार यादव पुत्र जियालाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती रविवार को दोपहर करीब तीन बजे वह खेत से हरा चारा लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने तमंचा लहराते उसे जानलेवा धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि इसी दिन रात करीब आठ बजे उसके चाचा ओमप्रकाश यादव बाजार से घर लौट रहे थे। जिसे रास्ते में रोक कर आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए जमकर मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान की मां का निधन

प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ के समीप पूरे गंगू निवासी पूर्व प्रधान एवं अधिवक्ता दिनेश मिश्र की माँ सुभद्रा कुमारी 95 का सोमवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की जानकारी पर विधायक आराधना मिश्रा मोना व सांसद प्रमोद तिवारी ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर दुख जताया है। वहीं मंगलवार को साथी की मां के निधन पर दुखी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, टीपी यादव, संदीप सिंह, राम मोहन सिंह, केबी सिंह, राजेन्द्र मिश्र, लाल विनोद प्रताप सिंह, राजेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, अजय शुक्ल गुडडू, प्रमोद सिंह, विनय शुक्ला, रवीन्द्र नाथ तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, संतोष सरोज, घनश्याम मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, विनोद शुक्ल, प्रमोद तिवारी, संजय सिंह, संतोष सिंह, सुशील शुक्ला, विनोद मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, शहजाद अंसारी, कमलेश तिवारी, रमेश पाण्डेय, आशुतोष सिंह, सुमित त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

# दिल्ली में हुए विस्फोट में श्रावस्ती के युवक की मौत

- जिलाधिकारी ने की शोकसंतप्त परिवार से फोन पर बात
- उप जिलाधिकारी पीयूष जायसवाल पहुंचे परिजन के घर

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** दिल्ली के चावड़ी बाजार क्षेत्र में हुए दर्दनाक बम विस्फोट में श्रावस्ती जनपद के युवक दिनेश की मौत ने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय ने तत्काल उपजिलाधिकारी इकौना पीयूष जायसवाल को मृतक के गांव भेजकर परिजनों से मिलने और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय ने मृतक दिनेश के पिता भूरे मिश्र से स्वयं फोन पर बात की और उन्हें हर संभव सरकारी मदद व सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है और शासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही तत्काल शुरू की जा रही है। उपजिलाधिकारी इकौना पीयूष जायसवाल ने मृतक के गांव पहुंचकर परिवारजनों से मुलाकात की, सांत्वना दी और घटना की जानकारी विस्तार से ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिवार को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन



की ओर से अंतिम संस्कार में सहयोग के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक दिनेश दिल्ली के चावड़ी बाजार स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस की दुकान में काम करते थे। रविवार की देर शाम जब दुकान में कार्य चल रहा था, तभी अचानक हुए बम विस्फोट में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दिल्ली पुलिस और एनएसजी की टीमें मौके पर पहुंचीं और क्षेत्र को सील कर जांच शुरू की। मृतक के पिता भूरे मिश्र ने बताया कि दिनेश परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जो अब पूरी तरह अनाथ हो गए हैं। वृद्ध माता-पिता का सहारा भी उसी के जाने से छिन गया। परिवार का कहना है कि दिनेश बीते कई वर्षों से दिल्ली में रहकर मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। परिजनों के अनुसार, मृतक का शव दिल्ली से श्रावस्ती के लिए रवाना हो चुका है और शाम तक जिले में पहुंचने की संभावना है। शव के साथ मृतक के बड़े भाई और अन्य परिजन मौजूद हैं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने सरकार से परिवार को मुआवजा और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उठाने की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे से पूरा क्षेत्र गमगीन है और हर कोई दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना कर रहा है।

## फरियादियों को न्याय सुलभ कराने में तहसीलदार बांसी का सार्थक प्रयास जारी

जिला संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 श्रीवास्तव ने दायित्वों के निर्वहन हेतु सार्थक प्रयास करते हुए फरियादियों की समस्याओ शिकायतों की सुनवाई कर उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का हर सम्भव प्रयास जारी हैं।

जिलाधिकारी के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्परता पूर्ण माहौल क्रियाशील तहसीलदार बांसी द्वारा जन समस्याओ शिकायतों के निस्तारण करने हेतु जहां सार्थक प्रयास किया जा रहा है वहीं राजस्व वसूली कराते हुए सरकारी कोष में लाखों रूपए जमा कराते हुए सरकारी राजस्व का बड़ा लाभ पहुंचाता गया है,तो वहीं अतिक्रमण कारियों द्वारा कई सरकारी जमीनों पर किए गए अनाधिकृत कब्जा कर खड़ा किए गए इमारतों /अवैध निर्माण कब्जे को तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी के नेतृत्व राजस्व टीम मैं पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन से ध्वस्त कराते हुए अनाधिकृत कब्जा न सिर्फ हटवाया गया, अपितु सरकारी जमीनों अवैध निर्माण कब्जे को खाली कराते हुए सरकारी जमीनों को अवमुक्त करा कर सरकार को करोड़ों के राजस्व का भारी लाभ पहुंचाने में तहसीलदार बांसी पीयूष कुमार श्री0 का बड़ा योगदान रहा , स्वभाव के सरल व कार्य शिथिल कर्मियों के सख्त विरोधी समझे जाने वाले तहसीलदार बांसी श्री श्रीवास्तव ने कार्य शिथिल एवं ढिलाह किस्म के राजस्व कर्मियों को आगाह करते हुए कड़ी चेतावनी दिया है, गणमान्यों के अनुसार काफी वर्षो से सरकारी जमीनों पर किए गए अनाधिकृत कब्जे को अवमुक्त करा कर तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 ने न सिर्फ सरकारी राजस्व का करोड़ों का लाभ पहुंचाता अपितु जिलाधिकारी व राजस्व परिषद के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भी संकेत दिया है।

## विहिप नेता की गिरफ्तारी को लेकर विवाद

पीलीभीत। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पीलीभीत जिले की एक वरिष्ठ अधिकारी पर संगठन के स्थानीय पदाधिकारी के खिलाफ झूठा और राजनीति से प्रेरित मामला दर्ज कराने का आरोप लगाया है। विहिप के स्थानीय पदाधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर विवाद के बाद अधिकारियों ने मामले की जांच का आदेश दिया है।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं




श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को फोन कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जन शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण है। इसलिए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में जनसुनवाई अवश्य करें तथा शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि लापरवाही या विलंब की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का प्रभावी और पारदर्शी निस्तारण करना शासन की प्राथमिकताओं में है। अतः सभी अधिकारी इसे गम्भीरता से लें और जनता को समयबद्ध न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी को कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। सभी शिकायतों को तत्काल निस्तारित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं जन समस्याएं



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान मारपीट, जमीनी विवाद, साइबर अपराध, रुपए के लेन-देन एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ायी गयी

## दिल्ली बम विस्फोट के बाद डीएम-एसपी ने किया देर रात निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** दिल्ली में हुए बम विस्फोट की घटना के बाद पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर है। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर जिले में स्थित भारत-नेपाल सीमा पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं। सोमवार देर रात जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने भारत-नेपाल सीमा के कई चेकपॉइंट्स, भंसार पोस्ट, सीमा स्तंभ क्षेत्रों और आवागमन बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर तैनात पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और खुफिया इकाई के अधिकारियों से सुरक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी है। खुफिया एजेंसियों ने भी सीमावर्ती इलाकों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि नेपाल के रास्ते संदिग्ध गतिविधियों की सूचनाएं मिलती रहती हैं। जिले की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए शाम से ही सीमा पर जांच बढ़ा दी गई है। आने-जाने वाले लोगों के पहचान पत्रों की जांच, वाहनों की तलाशी, संदिग्ध व्यक्तियों की वीडियो रिकॉर्डिंग और थर्मल वॉक-थ्रू के माध्यम से निगरानी की जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। जिले के प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और हाट-बाजारों जैसे क्षेत्रों में पैदल गश्त शुरू कर दी गई है। पुलिस लगातार लोगों की आवाजाही पर नजर रख रही है और दिन-रात चेकिंग अभियान चला रही है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, लेकिन सतर्क रहें। सुरक्षा एजेंसियों ने आम जनता से यह भी अनुरोध किया है कि यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है, तो तुरंत स्थानीय पुलिस, थाना, चौकी या हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचित करें।

## नेपाल में 218 बोरी भारतीय यूरिया खाद बरामद



सिद्धार्थनगर- नेपाल पुलिस और सशस्त्र बल ने कपिलवस्तु जिले के मर्यादपुर में एक बगीचे से 218 बोरी भारतीय यूरिया खाद बरामद की है। यह कार्रवाई मंगलवार को भारत-नेपाल सीमा पर हुई। खाद को अवैध रूप से भारत से नेपाल तस्करी कर लाया गया था और बगीचे में छिपाकर रखा गया था। नेपाल कस्टम कार्यालय सुठौली और नेपाल सशस्त्र पुलिस बल बीओपी डंगरी की टीम ने विशेष खुफिया सूचना के आधार पर देर रात छापेमारी की। तलाशी के दौरान, यह खाद झाड़ियों और मिट्टी से ढकी हुई मिली। नेपाल कस्टम कार्यालय के प्रमुख किरण बिष्ट ने बताया कि जब्त की गई खाद को कस्टम कार्यालय ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद का नेपाल पहुंचना जांच का विषय है। बिष्ट के अनुसार, ₹संभावना है कि तस्करों ने रात के अंधेरे में और स्थानीय रास्तों का उपयोग कर यह खाद सीमा पार कराई हो।₹ सूत्रों के अनुसार, तस्करों ने यह खेप भारत के खुनुवा बॉर्डर से नेपाल के मर्यादपुर इलाके तक पहुंचाई। यह क्षेत्र पहले भी यूरिया, पेट्रोल और अन्य वस्तुओं की तस्करी के लिए जाना जाता है। इस बार बरामद खाद की बड़ी मात्रा ने सीमा सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है कि एसएसबी, पुलिस, कस्टम और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की लगातार गश्त के बावजूद तस्करों का इतना बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। इतनी भारी खेप का बिना किसी की जानकारी के सीमा पार करना सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। नेपाल पुलिस ने तस्करों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। बरामद यूरिया की बाजार कीमत लाखों रुपए आंकी गई है।

## दिल्ली विस्फोट के बाद जनपद में कड़ी चौकसी

श्रावस्ती। दिल्ली में हुई विस्फोट की घटना के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं सतर्कता बढ़ा दी गई है। जनपद पुलिस द्वारा आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। साथ ही स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूर्णतः तैयार रहे। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, बाजारों, सार्वजनिक आयोजनों, धार्मिक स्थलों, प्रतिष्ठानों एवं बस अड्डों पर गश्त करते हुए वाहनों की निरंतर जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने आमजन से अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल 112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें — अफवाह न फैलाएं, न फैलने दें।

## एनसीसी कैडेट्स ने सीखी ध्यान साधना की विधि



कटरा श्रावस्ती। बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में चल रहे ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप के पांचवें दिन शनिवार को 51वीं यूपी एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल के निर्देशन में प्रातःकाल गुजरात निदेशालय के कैडेट्स ट्रैकिंग के लिए निकले। सूबेदार नन्द सिंह की अगुवाई में गुजरात निदेशालय के कैडेट्स अपने एनसीसी अधिकारी के साथ श्रावस्ती भ्रमण पर पहुँचे। भ्रमण के दौरान उन्होंने महामांकोल छाय धम्मा डिवोटेड लैंड वर्ल्ड पीसफुल सेंटर श्रावस्ती में ध्यान साधना किया। इस दौरान वॉकिंग मेडिटेशन, सिटिंग मेडिटेशन और स्टैंडिंग मेडिटेशन की प्रैक्टिस की गई। कैडेट्स ने डॉ. वांगकोड सिंधीपाल के ऑनलाइन निर्देशन में ध्यान की विधि जानी और यह भी सीखा कि मनुष्य अपने विचारों से जीवन को कैसे सफल बना सकता है। डॉ. सिंधीपाल ने कहा कि अपने विचारों को बदलो, जीवन बदल जाएगा। मनुष्य अपने जन्म या कुल से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से श्रेष्ठ होता है। सत्य और दया का आदान-प्रदान करो, हार मत मानो, क्योंकि शुरूआत हमेशा कठिन होती है। उन्होंने यह भी कहा कि दुःख की जड़ मन है, इसलिए मन को एकाग्र करो। दूसरों के गुणों को देखो, कमियों पर नहीं। शांतिप्रिय व्यक्ति का जीवन सदैव आनंदमय रहता है। इस अवसर पर शिक्षकगण, एनसीसी अधिकारी तथा 51 यूपी बटालियन बलरामपुर कैंप के कैडेट्स व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रावि. भूपतजोत में तिथि भोजन का आयोजन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारत सरकार की मंशा व विभागीय निर्देश के अनुसार खेसरहा ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्रावि0 भूपतजोत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर बच्चे उत्साहित दिखे। स्वादिष्ट व पोष्टिक भोजन ग्रहण कर बच्चों के चेहरे खिल गए। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन



भी मिल सके, इसके लिए सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत ₹तिथि भोजन₹ के क्रम व प्रधानाध्यापक धीरज प्रसाद गौड की देखरेख में मंगलवार को आयोजित सामूहिक भोज में बच्चों के अलावा अभिभावक गंण के साथ क्षेत्र के कुछ गणमान्य लोगों ने भी सहभागिता किया। बिना किसी भेदभाव के सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ। प्र0अ0 धीरज प्रसाद गौड ने कहा है कि पीएम० पोषण योजनान्तर्गत तिथि भोजन का आयोजन किया गया है। विद्यालय परिवार के सौजन्य से अतिरिक्त व्यवस्था के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योजना का उद्देश्य भेदभाव को खत्म कर गांवों की सामूहिक भोजन की परंपरा को पुनर्जीवित करना और इसी बहाने बच्चों में सामूहिकता की भावना को जगाना है। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन मीनू के अतिरिक्त सलाद, पूड़ी के साथ मटर पनीर की सब्जी बनवाई गई। बच्चों ने मटर- पनीर की तारीफ करते हुए कहा कि आज का भोजन बहुत रुचिकर व स्वादिष्ट था।

## दिल्ली में आतंकी विस्फोट की घटना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर : प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के समीप हुए धमाके को दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण तथा चिन्ताजनक कहा है। उन्होने धमाके में मृतक नौ लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि धमाके के ठीक पहले फरीदाबाद में दो हजार नौ सौ किलोग्राम विस्फोटक का बरामद होना पहले ही देश की चिन्ता को बढ़ा गया था। उन्होने कहा कि देश की राजधानी में यह आतंकी विस्फोट राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। वही उन्होने कहा कि सरकार जांच में इस बिंदु को अवश्य केन्द्रित रखे कि इस भयावह घटना के पीछे कहीं न कहीं से गंभीर चूक हुई है। उन्होने केन्द्र से कहा है कि वह इस घटना के सभी तथ्यों की सावधानीपूर्वक जांच कराते हुए सुनिश्चित करे कि इस प्रकार की आतंकी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होने कहा कि पहली दिसंबर से संसद के लोकसभा व राज्यसभा का सत्र शुरू हो रहा है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष संसद के भीतर फरीदाबाद में रासायनिक जहर के विस्फोटक पदार्थो व नई दिल्ली के धमाके पर सरकार के समक्ष गंभीर सवाल उठायेगी। उन्होने भरोसा जताया कि



संसद सत्र में केन्द्र सरकार हमले के साथ विस्फोटक की बरामदगी का देश को विस्तार से जानकारियां प्रदान कर सकेगी। वहीं बिहार चुनाव को लेकर यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के वहां राजद व कांग्रेस महागठबंधन सरकार बनने के बयान को पूरी तरह सही आकलन करार दिया है। उन्होने कहा कि गंगा के उस पार बिहार प्रदेश है। प्रदेश के मंत्री राजभर को भी वहां की सियासत की जानकारियां हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि बिहार में जब कभी भी साठ प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है वहां राजद की सरकार चुनी गयी है। उन्होने कहा कि पहले ही चरण में बिहार में पैंसठ प्रतिशत से अधिक मतदान का राजनैतिक संदेश यही है कि वहां इस बार तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

## स्ट्रोक और आधुनिक इलाज की भूमिका: समय बचायें, जीवन बचायें

**मेरठ।** स्ट्रोक तब होता है जब दिमाग के किसी हिस्से में खून का बहाव अचानक रुक जाता है या कोई नस फट जाती है। जब ऐसा होता है, तो दिमाग की कोशिकाएँ कुछ ही मिनटों में मरने लगती हैं। इसके कारण अचानक शरीर के एक हिस्से में कमजोरी, बोलने या समझने में परेशानी, चक्कर आना या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। स्ट्रोक मृत्यु और विकलांगता का एक प्रमुख कारण है — लेकिन अच्छी बात यह है कि अगर समय पर इलाज मिल जाए तो इसे नियंत्रित किया जा सकता है। भारत में स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और अब यह केवल बुजुर्गों में नहीं, बल्कि युवाओं में भी देखा जा रहा है। इसके मुख्य कारण हैं — उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), मधुमेह (डायबिटीज), धूम्रपान, मोटापा, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, तनाव और व्यायाम की कमी। अनियमित दिल की धड़कन भी जोखिम बढ़ाती है। इन जोखिमों को नियंत्रित करके, संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम और तंबाकू व शराब से परहेज कर, स्ट्रोक से बचाव किया जा सकता है।मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत के न्यूरोइंटरवेंशनल सर्जरी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. देवाशीष कामरा ने बताया कि फिर भी कभी-कभी स्ट्रोक अचानक हो जाता है। ऐसी स्थिति में सबसे जरूरी है कि मरीज को तुरंत अस्पताल पहुँचाया जाए। हर मिनट की देरी से दिमाग को होने वाला नुकसान बढ़ता जाता है। आज के समय में स्ट्रोक के इलाज में बहुत प्रगति हुई है। अब कई मामलों में बिना खुली सर्जरी किए ही इलाज संभव है।

# अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक को लेकर वकीलों ने भरी हुंकार

### आल इंडिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनर तले कुंडा में विधेयक के समर्थन में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

जिला संवाददाता

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक की मांग को लेकर मंगलवार को यहां कुण्डा तहसील परिसर में वकीलों ने विधेयक के समर्थन में आवाज बुलंद किया। वही अधिवक्ता सुरक्षा की मांग के समर्थन में परिसर मे अधिवक्ताओं के बीच हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व दि बार एसोसिएसन के अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर कानून बनाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। वहीं तहसील सभागार में अधिवक्ताओं की हुई आम सभा में केन्द्र सरकार से संसद




के शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराए जाने की मांग उठाई गयी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रतापगढ़ जिले समेत प्रदेश व देश के कई हिस्सो मे रोज अधिवक्ताओ पर प्राणघातक हमले हो रहे है। उन्होने यूपी बार कौंसिल के आसन्न चुनाव में अधिवक्ताओ से विधेयक के समर्थन में आवाज उठाने वाले अधिवक्ताओ को प्रतिनिधि बनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने बताया कि प्रदेश भर मे जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयो पर अधिवक्ताओं से सघन संपर्क के जरिए अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मुहिम को तेज किया जाएगा। अध्यक्षता महामंत्री दयाशंकर मिश्र व संचालन श्यामकृष्ण पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी पंकज व पुष्पेष पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता विशंभर नाथ शुक्ला, प्रेमचंद्र शुक्ला, अशोक पाण्डेय, सोमनाथ मिश्र को राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा महासचिव अनिल महेश व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरविंद पंकज ने माल्यार्पण एवं मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने तहसील व दीवानी परिसर में अभियान को लेकर साथी अधिवक्ताओं के बीच हस्ताक्षर अभियान के जरिए समर्थन जुटाया। इस मौके पर अविनेश ओझा, राहुल मिश्र, अभय सिंह, एसके सिंह, शीतला प्रसाद केसरवानी, हेमंत शुक्ला, राजेश तिवारी, दिनेश सिंह, हरिओम मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

## सांसद खेल महोत्सव आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता औरसांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल की उपस्थिति में सांसद खेल महोत्सव आयोजन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। सांसद खेल महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष और सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने बैठक को संबोधित करते हुए सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार चार वर्षो से होता चला आ रहा है। हमारे जनपद के हजारों खेल प्रतिभाएं जिनका कोई उचित प्लेटफार्म नहीं मिल पा रहा था उनको सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभाग कर उनका हौसला बढ़ाने का काम किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने सांसद खेल महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला खेल अधिकारी और सांसद आयोजन समिति के विधानसभा प्रभारीयों के साथ चर्चा कर विकासखंड स्तरीय तथा जनपद स्तरीय खेल तिथियां के निर्धारण पर विधिवत चर्चा की। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में युवा कल्याण विभाग एवं जिला खेल विभाग ने भी अपनी बात रखी। सांसद जगदंबिका पाल के सहयोग से सांसद खेल महोत्सव और युवा कल्याण विभाग द्वारा विधायक खेल स्पर्धा को करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कीगई। सांसद खेल महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने 25 से 28 नवंबर तक विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की घोषणा भी की।

संक्षेप

## राजगढ़ की ग्राम प्रधान मीरा त्रिपाठी का निधन



मझगांवा, गोरखपुर। विकास खंड गगहा के ग्राम सभा राजगढ़ की ग्राम प्रधान मीरा त्रिपाठी का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रही थी। 65 वर्ष की अवस्था में गोरखपुर स्थित निजावास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार गोला बाजार स्थित सरयू घाट पर किया गया। उनके पुत्र दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि उनके छोटे भाई विकास त्रिपाठी ने मां को मुखाग्नि दिया है। उनके निधन पर ब्लॉक प्रमुख शिवाजी चंद, भाजपा नेता संतोष चंद्र कौशिक, ग्राम प्रधान अनिल शाही, हरिकेश चंद, विनोद सिंह, धीरेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष चंद, संतोष सिंह, भास्कर तिवारी, विक्की निषाद, अंकित चंद, दीपक दीवाना, अखिलेश सिंह सहित सभी प्रधानों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## हाटा बाजार अण्डरपास पर अक्सर लग रहा जाम



गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हाटा बाजार स्थित अण्डरपास पर अक्सर जाम लग रहा है। मंगलवार को भी अण्डरपास पर भीषण जाम लग गया। जिसे खुलवाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार की अपरान्ह में हाटा बाजार स्थित अण्डरपास पर भीषण जाम लग गया। अन्तर्गत पर जाम लगने के कारण सड़क के दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीरों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक राहुल सिंह व कांस्टेबल एंकाश सिंह ने कड़ी मशक्कत कर जाम को खुलवाया। उसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारू हो सका।

## युवक ने लगायी फांसी

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के शत्रुध्नपुर में बीते सोमवार को रात लगभग नौ बजे 28 वर्षीय सतीश विश्वकर्मा पुत्र रंजीत विश्वकर्मा ने कमरे में पंखे की कुंडी में रस्सी से लटकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और जांच पड़ताल कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल का पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा चौरी चौरा मनीष कुमार शर्मा और प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से जानकारी लिया। परिजनों के अनुसार सतीश विश्वकर्मा पांच वर्षों से किडनी की समस्याओं से जूझ रहा था। और वह बीमार चल रहा था। जिससे आर्थिक रूप से टूट चुका था।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम गलती से आधार कार्ड में अभिनव सिंह अंकित हो गया है, जो कि गलत है। पुत्र का सही नाम जन्म प्रमाण-पत्र एवं विद्यालय अभिलेख में आरुल सिंह दर्ज है। मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में आरुल सिंह ही दर्ज किया जाये। सन्तोष कुमार सिंह पुत्र कन्हैया सिंह नि.-ग्राम बरवारीपुर, पर. अल्देमऊ, तह. कादीपुर, जिला-सुलतानपुर।

सूचना
श्री जगदेव सिंह लॉ कालेज
पता- अतरौली, भरावन, हरदोई में
विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु प्रचार्य एवं असिस्टेट प्रोफेसर की आवश्यकता है
योग्यता एवं वेतन यूजीसी तथा बार काउसिंल ऑफ इण्डिया के मानक अनुसार।
आवेदन करे शीघ्र। मो0 8840884463, 9919784444

# सीएचसी में गंदगी मिलने पर बिफरे डीएम

- डीएम ने अटल आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण कर व्यवस्था को परखा
- डीएम ने सीएचसी व धान क्रय केंद्र का भी किया औचक निरीक्षण



गीडा, गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सहजनवां स्थित अटल आवासीय विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहजनवां एवं धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण करके व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहजनवां मे गन्दगी मिलने पर एमवाईसी को चेतावनी/कडे.निर्देश देते हुये कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहजनवां में बेहतर साफ सफाई रखा जाये। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय में साफ सफाई बेहतर था विद्यालय में 610 छात्र/छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर रहे है। मौके पर प्रधानाचार्य उपस्थित मिले। विद्यालय में सीसीटीवी शतप्रतिशत कार्य कर रहा था। उन्होने निर्देश दिया कि अग्निसुरक्षा यंत्र को अपडेट कर लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अन्य कक्षा में प्रवेश के लिये शासन से मार्गदर्शन मांग लिया जाये।

सीएचसी के निष्प्रोज्य भवनों के ध्वस्तीकरण के लिए पत्र भेजने का दिया निर्देश अटल आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के उपरांत डीएम ने सीएचसी सहजनवां का निरीक्षण किया तो पाया कि परिसर में काफी गन्दगी थी। स्वास्थ्य केन्द्र पर 4 रेगुलर एवं 3 संविदा डाक्टर थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निष्प्रोज्य सामानों के निस्तारण के लिये उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये निस्तारण कराये। निष्प्रोज्य भवनों के ध्वस्तीकरण करने हेतु पत्र भेजने का निर्देश दिया। जीवन रक्षक दवा व कुत्ता व सांप काटने का टीका स्टाक में हमेशा रहे उपलब्धता

उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्य द्वार पर भवन वाईज/वार्ड वाईज साईनेज लगा दिया जाये। साथ ही कक्ष के सामने नेम प्लेट और कौन सा कक्ष है भी डिस्पले किया जाये। जिससे लोगो को प्रवेश करते ही जानकारी मिल सकें। टीकाकरण की समीक्षा करते हुये उन्होने कहा कि अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण हो। एमवाईसी नियमित इसकी समीक्षा करें। जन औषधि केन्द्रो पर दवाओ का डिस्पेल करे। फार्मासिस्ट को दवाओ की उपलब्धता रहे, विशेष तौर पर जीवन रक्षक दवाओं साथ ही कुत्ता/सांप काटने की दवा समय से आये। उन्होंने कहा कि मेन हाइवे पर चिकित्सालय में 24 घण्टे डाक्टर रहें। एएनएम रजिस्टर की जांच करने में पाया कि 2 से 3 टीकें ही लगे।

जिलाधिकारी ने एमवाईसी को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक टीके लगाया जाये एमवाईसी नियमित इसकी समीक्ष करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर निर्देश दिया कि डिप्टी सीएमओ का चिकित्सालय का आवंटन करके 15-15 दिनों पर जांच कराया जाये। उन्होने निर्देश दिया कि अस्पताल के रखरखाव के लिये फण्ड की मांग कर आवश्यक कार्य कराया जाये। क्रय केन्द्र पर किसानों को नही होनी चाहिए कोई दिक्कत

इसके उपरात उन्होने सहजनवां मण्डी में स्थित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। मौके पर पर्याप्त मात्रा में बोरे की उपलब्धता थी। मौके पर दो किसानों के धान का तौल किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों को कोई असुविधा न हो, रजिस्ट्रेशन एवं वैरिफेकेशन कम समय में हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इसी प्रकार जनपद के अन्य केन्द्रो की भी जांच करायी जाये। साथ ही खाद बीज के साधन सहकारी समितियो की भी जांच करायी जाये। बिचौलियो और खाद बीज के शिकायत पर इसी प्रकार से औचक जांच कर कार्यवाही किया जायेगी। निरीक्षण पर जाते समय राष्ट्रीय राज्य मार्ग में बेतरतीब वाहनों के खड़े होने तथा जगह जगह गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ठण्ड के मौसम के दृष्टिगत वाहन सड़को पर बेतरतीब ढंग से खड़ी न रहे। उन्होंने नियमित साफ सफाई की व्यवस्था सम्बंधित विभाग को करने के लिए पत्र भेजकर निर्देशित किया।

## अखिलेश यादव के चचेरे भाई आर्यन यादव जल्द परिणय सूत्र में बंधेंगे , 25 नवंबर को सैफई में होगी शादी



सैफई, इटावा। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के चचेरे भाई, मुलायम परिवार के युवराज आर्यन यादव 25 नवंबर को परिणय सूत्र में बंधने जा रहे है। उनकी शादी लद्दाख की सेरिंग से होने जा रही है। रिंग सेरेमनी 15 दिसंबर 2024 को दिल्ली में हो चुकी है और मार्च 2025 में शादी थी लेकिन जनवरी 2025 में आर्यन के पिता व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव के निधन के बाद शादी टाल दी गयी थी। शादी 25 नवंबर सैफई में होगी आर्यन की दुल्हन सेरिंग हैं, जो लद्दाख की रहने वाली हैं। वह दिल्ली हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही है। सेरिंग के पिता ठेकेदार व कारोबारी है। आर्यन की प्रारंभिक शिक्षा इटावा में हुई है। इसके बाद कक्षा 7 से 12 तक की पढ़ाई उन्होंने डीपीएस नोएडा से की। कुछ समय तक दिल्ली यूनीवर्सिटी में बीकॉम आनर्स की पढ़ाई की। लेकिन बाद में बीएससी इन बिजनेस करने के लिए कारडिफ यूनिवर्सिटी, यूके चले गए। वर्ष 2015 से 2018 तक की पढ़ाई इंग्लैंड में पूरी की। इसके बाद 2019 में आस्ट्रेलिया की यूनीवर्सिटी ऑफ सिडनी से मास्टर ऑफ कॉमर्स की डिग्री हासिल की। इसी यूनीवर्सिटी में उनके चचेरे भाई और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी पढ़ाई कर चुके हैं। आर्यन की मां प्रेमलता यादव इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी है। व बड़े भाई अंशुल यादव वर्तमान में इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष है। शादी में पूर्व मुख्यमंत्री सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव व मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, सपा के राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रो. रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव विधायक शिवपाल सिंह यादव, सांसद बदायूं आदित्य यादव, सांसद आजमगढ़ धर्मेंद्र यादव, सांसद फिरोजाबाद अक्षय यादव, करहल विधायक तेज प्रताप यादव, सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव अनुराग यादव आदि शामिल होंगे।

## मौलाना आजाद को उनकी जयंती पर किया याद



इटावा। भारतीय इतिहास के एक महान राष्ट्रवादी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद की जयंती उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान मैं साबितगंज में एक प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मैं मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धान्जी अर्पित की गयी। इस अवसर आयोजित विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा आजादी की लड़ाई में मौलाना साहब हमेशा तत्पर रहे थे। उन्होंने इस लड़ाई में अपना हथियार कलम को बनाया। कलम की मदद से वह अक्सर ब्रिटिश राज की कड़ी आलोचना करते थे। जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी ने कहा कि देश की आजादी के बाद मौलाना आजाद को शिक्षा मंत्री बनाया गया। मौलाना आजाद गंभीर विचारक थे और दुनिया भर में खासे पढ़े लिखे नेताओं में एक थे। धार्मिक मामलों के ज्ञानी होने के कारण उन्हें मौलाना भी कहा जाता है उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। जिलाउपाध्यक्ष हाजी चांद मंसूरी एवं हाजी शेख आफताब ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद न केवल आपसी भाई चारे के प्रतीक थे बल्कि राष्ट्रीय सौहार्द का जीता जागता उदाहरण थे। उन्होंने देश में एकता बढ़ाने के लिए जो भी काम किए उन्हें यह देश हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, जिलासचिव सै लकी, युवा जिलाउपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, उघोग मंच के अध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, फैज आलम कुरैशी, अश्विनी यादव, आलोक गुप्ता, अदनान कुरैशी, राशिद, अभिषेक कठेरिया, उवैस, पीयूष वर्मा, अमित गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

उदी, इटावा। थाना बढ़पुरा क्षेत्र उदी-वाह मार्ग पर ग्राम मनिकापुरा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी। सूचना पर थानां पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। थानां बढ़पुरा के ग्राम भगवानदास पुरा निवासी 42 वर्षीय विक्रम पुत्र रामप्रताप सोमवार शाम करीब 6 बजे घर से बाइक पर मध्यप्रदेश के बरही गांव निजी काम से जाने की बात कह कर निकले थे कि तभी मनिकापुरा गांव के पास पहुंचने पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे स्वजन गंभीर घायल विक्रम को तत्काल जिलाअस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## जमीन व आवास विहीन परिवार आकाश तले रहने को मजबूर

- जमीन व आवास के लिए महिला ने लगाई जिलाधिकारी से गुहार
- पचास वर्षों से किराये पर रहता है यह परिवार
- मकान मालिक करा रहा है मकान खाली, परिवार के सामने आयी समस्या

जिला संवाददाता

चौरीचौरा, गोरखपुर। मुख्यमंत्री के गृह जनपद में एक ऐसा भी परिवार है, जो कुछ ही दिनों में आकाश तले रहने को मजबूर हो जायेगा। हम बात करते हैं, नगर पंचायत चौरीचौरा के मुहल्ला भोपा बाजार का, जहां लगभग पचास वर्षों से नूरजहां पत्नी नसीम किराये की मकान लेकर रहती है। जिसका पति पैर से विकलांग है और पान की एक छोटी सी गुमटी तहसील मुख्यालय गेट पर रखकर उस परिवार का भरण पोषण करता है, जिसमें तीन लड़कियां तथा दो लड़के शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

नूरजहां ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि पचास वर्षों से पूरा परिवार इधर उधर किराये की मकान में रहता है। परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय है। मेरे पास न रहने के लिए आवास है और न आवास बनाने के लिए एक इंच भूमि ही है। उनका कहना है कि जब भोपा बाजार ग्राम पंचायत था, तब पचासों बार मैं ग्राम प्रधान के पास आवास व भूमि के लिए दौड़ लगाई, लेकिन सार्थक नहीं हुआ। अब भोपा बाजार नगर पंचायत का एक मुहल्ला हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष से भी भूमि व आवास की मांग किया। किन्तु कोई जवाब नहीं मिला। उनका कहना है कि मकान मालिक अपनी मकान खाली करने का दबाव बना रहा है। अब पूरा परिवार आकाश तले रहने को मजबूर हो जायेगा। नूरजहां ने बताया कि मैं एक व्यक्ति विशेष जाति का होने के कारण मुख्यमंत्री के जनपद में रहने के लिए शरण नहीं मिल रही है। पीड़ित नूरजहां ने जिलाधिकारी गोरखपुर को रजिस्टर्ड डाक पत्र भेजकर आवास व भूमि की मांग किया है।

## 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन सम्पन्न

गोरखपुर। महिला सशक्तिकरण की दिशा में किया गया कार्य देश की मजबूती का आधार है। महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा का कार्य हम सबकी जिम्मेदारी है। सोमवार को बड़हलगंज स्थित राष्ट्रीय कन्या इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन और वीएस गुरुकुल की स्थापना के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने उक्त उदगार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार को पांच लाख के मदद की घोषणा किया।

# गोलचक्कर से टकरायी बस, 15 यात्री घायल

गोरखपुर। गोरखपुर के विश्वविद्यालय चौराहे पर उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के कैसरबाग डिपो (लखनऊ) की एक बस कथित तौर पर अनियंत्रित होकर गोलचक्कर से टकरा गई, जिससे 15 यात्री घायल हो गए। घायलों में बस्ती जिले की 55 वर्षीय गुजराती देवी भी शामिल हैं, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना सोमवार रात लगभग 12:30 बजे हुई। पुलिस के अनुसार बस में 45 यात्री सवार थे और बस रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। बाराबंकी निवासी रामबाबू नामक चालक ने दावा किया कि मोहद्दीपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से बचने की कोशिश में उसने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। इस टक्कर में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों और यात्रियों ने आरोप लगाया कि चालक शराब के नशे में था। दुर्गा प्रसाद नाम के यात्री ने कहा कि ड्राइवर नशे में था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। जैसे ही बस गोल चक्कर से टकराई, लोग चीखने-चिल्लाने लगे और अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। गुजराती देवी के पुत्र दुर्गा प्रसाद अपने परिवार के 20 सदस्यों के साथ मुंबई जाने वाली ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। छावनी पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल पहुंचाया और क्रेन की मदद से सड़क साफ़ करायी। छावनी थाने के प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामूली रूप से घायल अधिकतर यात्री बिना अधिकारियों को बताये चले गए। बस चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और उसका मेडिकल परीक्षण कराने का आदेश दिया गया है। पुलिस ट्रक का भी पता लगा रही है।

# महिला सशक्ती कार्यक्रम का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना परिसर में मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता पैदा किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकार व कर्तव्य के विषय में विधिवत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया है महिलाएं आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा कैसे कर सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा के लिए 112/ 181/1090 के विषय में जानकारी दी गई। बताया गया है आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 112 या 181 नंबर पर काल करना चाहिए। आपात स्थिति से निपटने के लिए महिलाओं को 1090 नंबर का भी प्रयोग करना चाहिए। बताया गया है शिकायतकर्ता की शिकायत और शिकायत कर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों तथा में तमाम अन्य प्रकार की जानकारियों दी गई। जिससे महिलाएं इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने अधिकारों कर्तव्यों तथा शरीर की सुरक्षा स्वयं कर सके। उक्त अवसर पर थाना प्रभारी वेदप्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रजनीश मिश्रा कांस्टेबल बैशाली शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 101 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए



इटावा। पुलिस ने चोरी और गुम हुए 101 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर सर्विलांस सेल और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न कंपनियों के ये फोन बरामद किए। इनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपए है। बरामद मोबाइल फोन पुलिस लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। एसएसपी ने मंगलवार दोपहर पुलिस लाइन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जनता द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में लगातार प्रार्थना पत्र मिल रहे थे। इन प्रार्थना पत्रों पर संज्ञान लेते हुए पुलिस सर्विलांस टीम को खोजबीन का निर्देश दिया गया था। टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मैनुअल कार्यवाही के माध्यम से मोबाइल फोनों की लोकेशन ट्रेस की। ये फोन उत्तर प्रदेश के कई जिलों और दिल्ली से बरामद किए गए। एसएसपी ने यह भी बताया कि मोबाइल चोरी की घटनाओं में शामिल कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अपने मोबाइल फोन वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। सभी ने इटावा पुलिस की कार्यशैली और तत्परता के लिए आभार व्यक्त किया। मोबाइल प्राप्त करने वाले पीड़ितों में से एक कुमकुम ने बताया, हमारे घर से दो महंगे एंड्रॉयड फोन लगभग एक साल पहले चोरी हो गए थे, जिसकी हमने शिकायत की थी। कल पुलिस द्वारा सूचना मिली कि आपका फोन मिल गया है और इसे पुलिस लाइन में दिया जाएगा। आज हमें अपने दोनों नए फोन वापस मिल गए हैं। हम इटावा पुलिस का आभार व्यक्त करते हैं। बरामद किए गए मोबाइल फोन में विभिन्न कंपनियों के हैंडसेट शामिल हैं। इनमें ओप्पो के 13, वीवो के 24, रियलमी के 17, रेडमी के 6, सैमसंग के 10, इनफिनिक्स के 4, टैक्नो के 2, पोको के 7, वन प्लस के 7, मोटोरोला के 4, आईक्यू के 3, नोकिया का 1, लावा का 1, नथिंग का 1 और आईफोन का 1 फोन शामिल है।

## पीड़िता ने मारने पीटने तथा अश्लील हरकत करने का लगाया आरोप ,दी तहरीर

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर केवटान टोला निवासी रीता निषाद पत्नी रामकेवल ने अपन ही गांव के दस पन्द्रह लोगों पर मारपीट गाली गलौज तथा अश्लील हरकत करने का करने आरोप लगाते हुए चौरीचौरा पुलिस को लिखित तहरीर दिया है। स्थानीय पुलिस चौरीचौरा तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी रीता निषाद ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दस पंद्रह लोग मंगलवार की सुबह लगभग दस बजे गाली गुप्ता देते हुए मेरे घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिए। मेरे दो छोटे बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिए। तथा मेरे साथ अश्लील हरकत किए। उन्होंने गले से मंगल सूत्र भी लेकर भागने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है धारदार हथियार के साथ हथौड़ा कुल्हाड़ी राड लेकर आये लोगों ने मेरी बाउंड्री वाल भी तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि सूचना पर 112 नं पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी तथा हथोड़ा बरामद किया है।

## केरल के किसानों ने एचयूआरएल में समझी यूरिया उत्पादन की तकनीकी



सरहरी, गोरखपुर। कर्नाटक प्रदेश के किसानो का एक पच्चीस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल चन्द्रशेखर जी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान उर्बरक एवं रसायन लिमिटेड में यूरिया उत्पादन की तकनिकी को नजदीक से देखकर बारीकी से समझा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल के एचयूआरएल के गोरखपुर युनिट पहुंचने पर कारखाना प्रबंधन टीम ने भव्य स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कारखाना प्रबंधन टीम द्वारा दक्षिण भारत से आये किसानो को गोरखपुर यूनिट से उत्पादित यूरिया के बारे में बिस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही सभी किसानो को खाद कारखाना सहित प्रमुख स्थानो का भ्रमण करा कर खाद बनाने की पूरी प्रक्रिय को साझा किया गया। सोमवार को कारखाना परिसर स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यूनिट हेड सन्त सिंह, परियोजना प्रमुख अखिलेन्द्र सिंह व रमाशंकर लाल एबीपी प्रोडक्सन ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यो को किसान सम्मेलन 2025 का सम्मान चन्द्रशेखर, लक्षीनारायण के, प्रकाश बी, रंजना टी के, दिनेश एचुरी सहित टीम के सभी पच्चीस महिला पुरुष सदस्यो को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। दक्षिण भारत से आये किसानो ने कहा कि यह दौरा उनके लिये बहुत ही प्रेरणादायक रहा। इस प्रकार की पहल न केवल कृषि ज्ञान के आदान प्रदान को बढ़ावा देती है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के बिकसित भारत 2047 के सपनो को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। यह शैक्षणिक भ्रमण एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त बनाता है और आत्म निर्भर भारत का संदेश देता है।

### एचयूआरएल गोरखपुर युनिट पर्यावरण अनुकूल एवं उर्जा दक्ष उत्पादन प्रणाली से है युक्त : अखिलेन्द्र सिंह

-एचयूआरएल गोरखपुर युनिट खाद उत्पादन के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक उत्थान का कर रही कार्य एचयूआरएल गोरखपुर युनिट के परियोजना प्रमुख अखिलेन्द्र सिंह ने बताया कि केरल से तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर आये किसाने को आधुनिक यूरिया उत्पादन तकनीक, स्वदेशी उर्वरक निर्माण प्रक्रिया तथा आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत उर्वरक क्षेत्र में हो रहे नवाचारो से अवगत कराया गया। उन्होने कारखाना में अपनाई जा रही पर्यावरण अनुकूल एवं उर्जा दक्ष उत्पादन प्रणाली के बारे में विस्तृत चर्चा की। यह यूनिट खाद उत्पादन के साथ ही अगल बगल के ग्राम सभाओ को गोद लेकर शिक्षा स्वास्थ के साथ ही सामाजिक स्तर पर भी कार्य कर क्षेत्रीय उत्थान का कार्य करती है।

# डॉ. सूर्यकांत ने युवा पीढ़ी को दी व्यसन से दूर रहने की सलाह

## केके कॉलेज ने पूर्व यशस्वी छात्र प्रो.सूर्यकांत का किया अभिनंदन

इटावा। के के पीजी कॉलेज में वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती विषय पर एक विशेष व्याख्यान छात्र छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। कॉलेज के सभागार में वायु प्रदूषण रू स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में के के कॉलेज के पूर्व टॉपर यशस्वी छात्र रहे विश्व के 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शुमार प्रोफेसर डॉ. सूर्य कान्त, प्रोफेसर एंड हेड रेस्पिरेट्री मेडिसिन डिपार्टमेंट, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी केजीएमयू, लखनऊ, नेशनल कोर कमेटी सदस्य, डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन रहे। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ महेंद्र सिंह एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने महाविद्यालय के पूर्व यशस्वी छात्र प्रोफेसर डॉ सूर्य कान्त का माल्यार्पण, बुके, स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। डॉ. सूर्य कान्त ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि मानव जीवन के लिए हीमोग्लोबिन और ऑक्सीजन दोनों अत्यंत ही आवश्यक हैं, किंतु यदि हम प्रदूषित वायु में लगातार ही सांस लेते रहते हैं तो यह प्रदूषित ऑक्सीजन रक्त



वाहिकाओं के माध्यम से शरीर के विभिन्न जरूरी अंगों तक पहुँचकर अनेक गंभीर बीमारियों का कारण भी बनती है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ महेंद्र सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज हमारा महाविद्यालय परिवार अपने पूर्व यशस्वी छात्र को अपने बीच पाकर बेहद ही गौरवान्वित महसूस कर रहा है उन्होंने डॉ. सूर्यकान्त का कॉलेज आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज आपका यह प्रेरक व्याख्यान विद्यालय के सभी बच्चों को एक नई दिशा प्रदान करेगा आपके सभी महत्वपूर्ण सुझाव हम सभी को जनपद में वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं युवा पीढ़ी को स्वस्थ रखने की भी हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। संचालन प्रो पद्मा त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सभागार में सैकड़ों छात्र छात्राओं शिक्षकों कर्मचारियों में प्रो ओमकुमारी, प्रो. मनोज गुप्ता, लेफ्टिनेंट प्रो सुनील सिंह सेंगर, प्रो हिमांशु, डा सुरभि सिंह, डा. अजरा बेगम अफरीदी, डा. मिथलेश दीक्षित, डा. चित्रा यादव, अजय कुमार, डा. मुरली, डा अंकुर वर्मा, डा सुशील कुमार, बड़ेबाबू मधुसूदन, अखिलेश कुमार वर्मा, पवन वर्मा, अंबुज दीक्षित, आशीष पटेल, बंटू, विक्रांत, हरिओम मौजूद रहे।

## दिल्ली के धमाके बाद इटावा में सुरक्षा बढ़ी

इटावा। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर कार में हुए धमाके की घटना के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा तंत्र को अलर्ट मोड पर ला दिया गया है। प्रदेश मुख्यालय से जारी अलर्ट के बाद इटावा पुलिस-प्रशासन ने भी जिले में सुरक्षा चैकसी को और कड़ा कर दिया है। सोमवार देर रात जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव समेत अधिकारी शहर की सड़कों पर उतरे और विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों, मुख्य चैराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस तैनाती की स्थिति को परखा।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई—निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई—निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं.:— 1. निविदा सं०:**— यमंविइ—टीआरडी—लज—ओटी—175, **कार्य का विवरण:**— पूर्वोतर रेलवे के लखनऊ मंडल में इंटरलॉक एलसी नंबर 28/सी (सीएम— एएनडीएन), 68/सी(सीआईएच—एसओटी) और 95/सी और 97/सी (बीएनवाई—पीपीडब्ल्यू), 1/सी (एमयूआर— टीआरई) और एलसी नंबर 308सी (बीयूडब्ल्यू—बीयूआर) और 156सी (जीके—पीडी) पर एटी आपूर्ति का प्रावधान।, **ई—निविदा बन्द होने की तिथि व समय:**— 11.12.2025 व 15.00 बजे, **ई—निविदा खुलने की तिथि व समय:**— 11.12.2025 व 15.30 बजे, **अनुमानित लागत:**— 31,98,236.38 रु., **बयाना राशि:**— 64,000.00 रु., **निविदा मूल्य:**— 0.00 रु०, **कार्य सम्पादन की अवधि:**— 09 माह।, **नोट—1.** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **2.** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, मुजाधि/विद्युत—181 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

## चोरी की घटना में सिपाही की भूमिका संदिग्ध

मोहम्मदी खीरी। मोहल्ला कोट निवासी एक व्यक्ति की ट्राली चोरी होने का मामला तूल पकड़ गया पीड़ित ने तलाश करते हुए लखनऊ के मोहल्ला मुन्नू लालगंज के एक मकान के बाहर खड़ी मिलने पर पुलिस को सूचना दी थी जिस पर पुलिस ने वहां से बरामदगी न कर अगले दिन नदी किनारे नाले के पास लावारिस खड़ी मिलना बताया गया पीड़ित ने ट्रॉली चोरी में पीआरबी में तैनात एक सिपाही की संलिप्तता मिलने पर चौकी इंचार्ज पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए एस पी खीरी को शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित मुन्ना ने बताया उसकी मकान के बाहर खड़ी ट्राली 21 अक्टूबर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी।शिकायत करने पर पुलिस ने दो दिन बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था।पीड़ित में ट्राली की तलाश करते-करते लखनऊ के मोहल्ला मोहनलालगंज में एक मकान के बाहर खड़ी मिलने पर पुलिस को सूचना दी थी।वह मकान कस्बा में पीआरबी पर तैनात एक सिपाही का बताया गया था। पुलिस ने मामला फंसते देख अगले दिन गोमती नदी के किनारे एक नाले के पास से बरामद कर लेने की बात बताकर ट्रॉली अपने सुपुर्दगी में होना बताया पीड़ित ने चोरी की घटना सिपाही की भूमिका मिलने के सबूत पाए जाने पर चौकी प्रभारी द्वारा उसे बचाने के लिए गलत स्थान से बरामदगी दिखाने पर चौकी प्रभारी के खिलाफ एस पी खीरी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## आज बंद रहेगी तिकुनिया मंडी

तिकुनिया खीरी। नगर व्यापार मंडल तिकुनिया ने एक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया कि अब तिकुनिया बाजार की साप्ताहिक बंदी शनिवार की जगह बुधवार को होगी। शनिवार की साप्ताहिक बंदी करीब चार दशक से होती आ रही है।इस बाबत व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल महावर ने बताया वर्ष 1980 में तिकुनिया बाजार की शनिवार की बंदी तत्कालीन व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप महावर तथा महामंत्री महावीर प्रसाद अग्रवाल के द्वारा शुरू की गई थी जो अभी तक चली आ रही थी लेकिन व्यापार मंडल के बैठक में नेपाल के नागरिकों के हितों को ध्यान को रखते हुए अब यह बंदी बुधवार से शुरू की गई है जिसका प्रचार प्रसार भी कस्बे में कर दिया गया है।

## पीयूष मेडिकल एजेंसी पर फिर छापेमारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। औषधि विभाग की टीम ने मंगलवार को गोला कस्बे में एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए पीयूष मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा। यह वही एजेंसी है, जहां 15 अक्टूबर को हुई छापेमारी में विभाग ने 37 पेटियां नशीली दवाओं की बरामद की थीं। मंगलवार की कार्रवाई कई घंटों तक चली और देर रात तक जांच जारी रही। औषधि निरीक्षक बबीता रानी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने रिकॉर्ड, स्टॉक और दस्तावेजों की गहन जांच की। पहले की गई कार्रवाई में पुलिस ने तीन लोगों कृ सरोज कुमार मिश्रा, आयुष मिश्रा और ऋषभ मिश्रा को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21 और 22 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।विभागीय सूत्रों ने बताया कि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री से संबंधित अन्य मेडिकल स्टोरों की भी जांच की जा रही है। औषधि विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# डीएम की पहल से सशक्त हुई बेटियां



लखीमपुर खीरी। जिला प्रशासन की पहल पर मिशन शक्ति अब नए मुकाम छू रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में लखीमपुर खीरी में मंगलवार को आयोजित ह्यड्राइविंग माय ड्रीमह्न कार्यक्रम ने बेटियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में नई उड़ान दी।

एआरटीओ ऑफिस में इस विशेष आयोजन में 101 बालिकाओं को निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरों पर आत्मविश्वास की चमक झलक उठी। कार्यक्रम का संचालन पीटीओ डॉ कौशलेंद्र ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग दीप जलाकर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। समारोह के दौरान जब बेटियों ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस ग्रहण किए, तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत चलाए जा रहे ह्यड्राइविंग माय ड्रीमह्न कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की 101 बालिकाओं को प्रशिक्षित कर ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया गया है। अब बेटियों के हाथ में स्टीयरिंग है, यानी दिशा भी उनकी और मंज़िल भी उनकी। डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति का मकसद हर बेटी को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाना है। ये बालिकाएं सड़क पर उतरने से पहले जीवन की राह पर आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा रही हैं। ड्राइविंग सिखाना केवल एक तकनीकी प्रशिक्षण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया सशक्त कदम है। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, जरूरत है। हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी ढाल हैं, इन्हें आदत बनाएं। डीएम ने संदेश दिया कि ड्राइविंग सिर्फ स्किल नहीं, आत्मविश्वास की उड़ान है। अब बेटियां खुद चलेंगी, खुद आगे बढ़ेंगी और नई प्रेरणा बनेंगी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति के इस अभियान ने साबित किया है कि जब अवसर मिले, तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहतीं। कई महिलाएं आज भी कार्यस्थल जाने के लिए पति या परिजनों पर निर्भर हैं, जबकि उन्हें खुद अपनी राह चलनी चाहिए। उन्होंने बेटियों को प्रेरित करते हुए जोड़ा कि अगर महिलाएं खुद ड्राइव करना सीख लें, तो आत्मनिर्भरता की सड़क खुद-ब-खुद खुल जाती है। एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल व्यावहारिक है, बल्कि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक अनुशासन की समझ को भी मजबूत करता है।

## ड्राइविंग माय ड्रीम अभियान में बालिकाओं ने दिखाई गजब की उत्सुकता

मिशन शक्ति के तहत ड्राइविंग माय ड्रीम कार्यक्रम के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में जनपद की बालिकाओं ने ड्राइविंग सिम्युलेटर पर कार चलाना सीखा। सिम्युलेटर पर रफ्तार पकड़ते हुए बालिकाओं ने न सिर्फ स्टीयरिंग थामी बल्कि ट्रैफिक सिग्नल, क्लच, ब्रेक, गियर और सड़क सुरक्षा के अहम नियमों को भी बारीकी से समझा।

बालिकाओं ने कहा कि यह उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था। पहली बार स्टीयरिंग थामकर लगा कि अब हम भी खुद अपनी मंजिल तक पहुंच सकती हैं।

## टूर्नामेंट के तीसरे दिन झांसी, बहराइच और अमन स्पोर्टिंग क्लब की टीमें रही विजयी

सिंगाही खीरी। कस्बे में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के तीसरे दिन सिंगाही के फुटबाल ग्राउंड पर तीन मैच खेले गये। खेले गए मैच में झांसी, बहराइच और अमन स्पोर्टिंग क्लब की टीमें विजयी रही। मंगलवार को सिंगाही में चल



रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट में पहला मैच सनराइज सिंगाही और झांसी के मध्य खेला गया। पहले हाफ में सनराइज सिंगाही टीम के खिलाड़ी राहिद ने 36वें मिनट पर पहला गोल मारा, दूसरे हाफ में झांसी की टीम खिलाड़ी ज्ञानेंद्र ने 6 मिनट पर एक गोल मारकर अपनी टीम को बराबरी पर ले आई।अंत तक दोनी टीमें कोई गोल नही कर सकी। ट्राईब्रेकर में झांसी की टीम ने 1/3 मैच को जीत लिया। दूसरा मैच गौतम स्पोर्टिंग क्लब और डीएफए बहराइच के बीच खेला गया। दोनों हाफ कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। पेनाल्टी शूट में बहराइच की टीम ने 4/3 से मैच को जीत लिया। तीसरा मैच खैराबाद और अमन सपोर्टिंग क्लब के मध्य खेला गया। दो टीमें खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए कोई गोल नही कर पाई। ट्राईब्रेकर में अमन सपोर्टिंग क्लब की टीम ने मैच को 4/3 से जीत लिया। महामंत्री शिखर तिवारी ने बुधवार को 10 बजे से तीन मैच खेले जाएंगे। इस दौरान आज के खास महमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह, अमरजीत सिंह, डॉ एमआर सेठी, श्रीराम सिंह, रमा शाह, पराक्रम शाह, सभासद रामनरेश गुप्ता, राहूल गुप्ता, धुर्व कुमार, प्रभात शुक्ला, नरेंद्र गुप्ता, सूरज कनौजिया, मो0 हारून सहित आज हजारों की संख्या में पहुचें खेल प्रेमियों नें आयोजित हो रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूनामेंट के मैच का आनन्द लिया।

## रन फॉर यूनिटी को लेकर की बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के ग्राम लंदनपुर में सोमवार को विधायक अमन गिरि ने आगामी 18 नवंबर को प्रस्तावित रन फॉर यूनिटी पैदल यात्रा की सफलता को लेकर कार्यकताओं और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि यह यात्रा जनसंपर्क और जनजागरण का संदेश बने। बैठक में यात्रा के मार्ग, सुरक्षा, व्यवस्था और प्रचार-प्रसार से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार किया गया। विधायक ने अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधान आलोक जायसवाल, राजपाल भैया, सिंघाड़ा सिंह, प्रधान चंद्रभान भैया, महेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक अमन गिरि ने खड़ंजा निर्माण का किया शुभारंभ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विकास की नई राह पर बढ़ते गोला क्षेत्र के ग्राम वसलीपुर में मंगलवार को विधायक अमन गिरि ने 800 मीटर लंबे नवीन खड़ंजा निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वर्षों से लंबित इस मांग के पूरा होने पर ग्रामीणों में उत्साह झलका। यह मार्ग अब गांव के कई हिस्सों को जोड़ते हुए आवागमन को सुगम बनाएगा।

विधायक अमन गिरि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सड़कों, बिजली, पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर होगा और क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी। विधायक ने ग्रामीणों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए भरोसा जताया कि क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित होगी। विधायक के आगमन पर ग्रामवासियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि खड़ंजा बनने से अब बरसात में जलभराव और कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य को लंबे समय से प्रतीक्षित बताया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य धर्मेश कुमार, ग्राम प्रधान ओमकार सिंह, सुखविंदर सिंह, हरदेव सिंह, निर्मल सिंह, श्रवण सिंह, दिलवाग सिंह, विनीत पांडे, गुरुचरण सिंह, शेखू सिंह, धलवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## चीनी मिल चालू होते ही बढ़ी जाम की समस्या

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में चीनी मिल का संचालन शुरू होते ही यातायात व्यवस्था चरमराने लगी है। विद्यालय समय में मिल से आने-जाने वाले वाहनों के कारण कई मार्गों पर जाम की स्थिति बन जाती है। इससे स्कूली बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप



गुप्ता ने समस्या को गंभीर बताते हुए शुगर मिल प्रबंधन से आग्रह किया कि विद्यालय समय में विकास चौराहा सहित प्रमुख स्थलों पर अतिरिक्त होमगार्ड तैनात किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे यातायात सुचारू रहेगा और छात्र-छात्राएं सुरक्षित रूप से अपने घर पहुंच सकेंगे। नगर के व्यापारी और आमजन लगातार बढ़ते जाम से त्रस्त हैं। जिला अध्यक्ष ने प्रशासन से भी मांग की है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

## विधायक अमन गिरी ने किया नहर सफाई कार्यों का शुभारंभ

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। क्षेत्र के ग्राम ममरी के पास सिंचाई एवं जल संस्थान विभाग खंड प्रथम लखीमपुर खीरी द्वारा रबी 1433 फसली वर्ष 2025-26 के अंतर्गत नहरों की शिफ्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमन गिरी ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पूजा अर्चना कर किया। उन्होंने कहा कि नहरों की नियमित सफाई से किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और फसल उत्पादन में वृद्धि



होगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा अवधेश मिश्रा प्रधान अमर सिंह प्रधान प्रतिनिधि रवित वर्मा गौरव वर्मा सभासद भोली गिरी रछपाल भैया राजू रावत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु अफसरों ने परखे सरकारी काम-काज



धौरहरा खीरी। मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसील पहुंचे छः प्रशिक्षु आईएएस व आई पी एस अफसरों ने परिसर के सभी पटलों के कामकाज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा व नगर पंचायत कार्यालय में मौजूद विभिन्न पटलों पर होने वाले सरकारी कामकाज के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान तहसील प्रशासन विकास विभाग व नगर प्रशासन के जिम्मेदारो की मौजूदगी रही। प्राप्त विवरण के अनुसार लालबहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी मंसूरी से आए छः सदस्यीय आई ए एस व आई पी एस प्रशिक्षु अफसरों के दल ने धौरहरा तहसील परिसर में एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट, रजिस्टार कार्यालय, निर्वाचन पटल, मीटिंग हाल में कार्य करने के तौर-तरीके के बारे में जानकारी प्राप्त की।इसके बाद सभी अफसरों की टीम ने सी एच सी धौरहरा में औषधि वितरण, ओ पी डी, प्रयोगशाला, प्रशिक्षण कक्ष, स्टाफ नर्स रुम व बी पी मशीन से स्वयं की जांच कराने के साथ जन औषधि केन्द्र में मौजूद दवाओं की गुणवत्ता परखी। इसके बाद सभी अफसर रामबाटिका धाम में लगे बट बृक्ष का निरीक्षण करके जानकारी ली। इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण में जन्म मृत्यु पंजीकरण, टैक्स कलेक्शन, कम्प्यूटर कक्ष, चेयरमैन कक्ष का अवलोकन किया गया इसके बाद सभी अफसरों ने जलपान किया। अफसरों के साथ एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि, तहसीलदार आदित्य विशाल, खण्ड विकास अधिकारी संदीप तिवारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गौरव सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रशिक्षु अफसरों के भ्रमण व निरीक्षण के दौरान बड़े बाबू रहे नदारद

धौरहरा खीरी। मंगलवार को प्रशिक्षु अफसरों के भ्रमण व निरीक्षण के दौरान कार्यालय में तैनात बड़े बाबू की सीट खाली रही। जबकि अध्यक्ष नगर पंचायत भी अपने कार्यालय में नही दिखे सूत्रों के मुताबिक प्रशिक्षु अफसरों को नगर पंचायत के बड़े बाबू की गैरमौजूदगी से सरकारी पैसे से हुए टेंडर प्रक्रिया व अन्य प्रकार के अभिलेखों से दूर रहें।

## मंडी समिति में 16 हजार क्विंटल धान का स्टॉक फंसा

### मिल मालिकों के उठान न करने से किसान परेशान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र की कृषि उत्पादन मंडी समिति में धान की तौल बंद होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। मंडी परिसर में करीब 16 हजार क्विंटल धान का स्टॉक जमा हो चुका है, लेकिन धान मिल मालिकों द्वारा उठान न किए जाने के कारण तौल प्रक्रिया ठप पड़ी है।



सरकार किसानों को एमएसपी का लाभ दिलाने के प्रयास में जुटी है, पर जमीनी हालात इसके विपरीत हैं। किसान अपनी फसल मंडी तक तो पहुंचा रहे हैं, लेकिन तौल न होने से उन्हें औनेह्पौने दामों पर व्यापारियों को धान बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई किसानों ने अपना धान मंडी परिसर की सड़कों पर फैला दिया है और फसल के उठान की प्रतीक्षा में दिनभर मंडी में डटे रहते हैं। मंडी अधिकारी सुभाष चंद्रा ने बताया कि लगातार तौल होने से मंडी में स्टॉक की मात्रा बढ़ गई है। मिल मालिकों द्वारा धान का उठान न करने से भंडारण की जगह नहीं बची है। इस कारण क्रय केंद्र प्रभारियों ने तौल रोक दी है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर समस्या के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। इस स्थिति से किसान खासे परेशान हैं और जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं ताकि वे अपनी मेहनत की फसल का उचित मूल्य पा सकें।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया बाइक सवार हुई मौत

लालगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बामी गांव में स्थित बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर मौत हो गई। मृत युवक की पहचान क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी जग्गन बिंद के 26 वर्षीय पुत्र दिपू बिंद के रुप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना दिया और अग्रेत्तर कार्यवाही में जूट गई है। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत लहंगपुर बामी रोड पर राजापुर गांव निवासी दिपू बिंद बाइक चलाते समय सड़क पर अनियंत्रित हो कर नीम के पेड़ में जाकर टकरा गया। हेलमेट न लगाएं होने के कारण सिर में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि वह बामी गांव में स्थित कोल बस्ती से वापस राजापुर लौटते समय सड़क पर स्थित पेड़ से टकरा गया। दिपू की इस वर्ष कोटाघाट के पास गांव में कंचन के साथ शादी हुई थी। शादी में अपाचे बाइक मिली थी उसी बाइक से पेड़ में अनियंत्रित होकर टकराकर मौत के मूंह में चला गया। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर दौड़ पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रेत्तर कार्यवाही में जुट गई।

## त्रिवेनी बनीं शतरंज की बादशाह, टाउन हॉल क्लब ने जीता हॉकी खिताब




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वच्छ भारत-नगरीय अभियान के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित गोला खेल महोत्सव के ग्यारहवें दिन मैदानों में खेल भावना और रोमांच का शानदार संगम देखने को मिला। हॉकी, बैडमिंटन और शतरंज प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

कृषक समाज इंटर कॉलेज मैदान पर हुए हॉकी मुकाबलों का शुभारंभ पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। फाइनल में टाउन हॉल क्लब ने कृषक समाज सीनियर टीम को 9-1 से हराकर चैम्पियनशिप जीती। उद्घाटन मैच में सीनियर टीम ने जूनियर टीम को 7/0 से पराजित किया। संचालन में अंपायर मकसूद अली, पुनीत गुप्ता, स्कोरर कपिल वर्मा और टेक्निकल अंपायर राजर्षि शुक्ला, राजकुमार, अतुल कुमार रहे। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गोला खेल महोत्सव नगर की युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का मंच प्रदान कर रहा है। नवीन बाईपास स्थित अनिल वर्मा कोर्ट पर बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन समाजसेवी केशव अग्रवाल और डॉ. निर्मल सिंह ने शुभारंभ किया। खिलाड़ियों ने तेज और सटीक खेल से दर्शकों की तालियां बटोरीं। आयोजन में दुर्गेश सक्सेना, गोपाल सक्सेना, सुफियान खान और अनिल वर्मा की भूमिका सराहनीय रही। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में त्रिवेनी बाजपेयी ने सभी सात राउंड जीतकर 7 अंक अर्जित किए और शतरंज की बादशाह बनीं। दूसरे स्थान पर मयंक सक्सेना (6 अंक) और तीसरे पर राम प्रकाश शुक्ला (5 अंक) रहे। वेटरन वर्ग में केएम वर्मा (6 अंक) विजेता बने। अंडर-10 वर्ग में अभय मिश्रा प्रथम, अरव भार्गव और आराध्या शुक्ला द्वितीय रहे। अंडर-15 में अक्षज सैनी ने बाजी मारी, जबकि अंडर-20 वर्ग में आराध्या वर्मा प्रथम और यश शुक्ला द्वितीय रहे। महिला वर्ग में शिवानी देवी ने 2.5 अंक के साथ खिताब जीता। प्रतियोगिताओं के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच को मजबूत बनाते हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा में भक्तों की उमड़ी आस्था

मीरजापुर। लहंगपुर बाजार में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन मंगलवार को कथा वाचक वृंदावन धाम के भरत कृष्ण शास्त्री महाराज ने सुदामा चरित, भगवान श्रीकृष्ण के निजधाम गमन और दत्तात्रेय गुरु की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। शास्त्री महाराज ने कहा कि सुदामा चरित भगवान और भक्त के स्नेह का सर्वोत्तम उदाहरण है। जब निर्धन सुदामा सूखे चिउड़े लेकर द्वारका पहुंचे तो भगवान श्रीकृष्ण स्वयं सिंहासन से उतरकर दौड़े और उन्हें गले लगाया। उन्होंने कहा कि सच्चे प्रेम में वैभव नहीं, बल्कि भावनाओं की गहराई ही ईश्वर तक पहुंचाती है। इसके बाद उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के निजधाम गमन का करुण प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जब भगवान ने पृथ्वी से अपना कार्य पूर्ण किया तब वे अपने लोक को लौट गए।पर जाते-जाते उन्होंने यह आशीर्वाद दिया कि जब तक संसार में धर्म और भक्ति रहेगी तब तक श्रीकृष्ण कथा जीवित रहेगी। शास्त्री महाराज ने दत्तात्रेय गुरु की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान दत्तात्रेय ने चौबीस गुरुओं से ज्ञान प्राप्त किया था।

## साइबर जागरूकता, यातायात नियम व मिशन शक्ति पर जन-जागरूकता कार्यक्रम

सोनभद्र। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में डी.आर. ड्रीम्स होटल, में साइबर जागरूकता, यातायात नियम एवं मिशन शक्ति विषय पर एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी ओबरा, क्षेत्राधिकारी सदर, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण, पत्रकार बंधु, उद्यमी, व्यापारीगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम वी.के. सिंह एवं अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। पुलिस महानिदेशक महोदय वी0के0 सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं, उद्यमियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहाकि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के लिए स्वयं सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर विश्वास न करें। साइबर अपराधों की रोकथाम में पुलिस के साथ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सबसे अहम है। उन्होंने सभी से सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, डळढ साझा न करने, बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने, तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना 1930 हेल्पलाइन पर देने की अपील की। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक साइबर सुरक्षा, यातायात सुरक्षा एवं मिशन शक्ति विषयों पर आधारित गीत, नाटक, पोस्टर प्रदर्शन एवं लघु फिल्में प्रस्तुत कीं। इन शिक्षाप्रद प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश दिया कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता ही सबसे प्रभावी उपाय हैं। सोशल मीडिया पर सोच-समझकर जानकारी साझा करें, किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल से दूरी बनाए रखें और साइबर हेल्पलाइन पर तुरंत सूचना दें। यातायात सुरक्षा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति में छात्रों ने संदेश दिया, हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएँ, गति सीमा का पालन करें और मोबाइल का प्रयोग न करें। मिशन शक्ति विषयक लघु फिल्मों और समूह गीतों के माध्यम से छात्राओं ने आत्मरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं नारी सशक्तिकरण का प्रेरक संदेश दिया।

इन प्रस्तुतियों को अधिकारियों द्वारा सराहा गया और छात्रों को जागरूकता के युवा दूत के रूप में समाज में ऐसे प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल साइबर एक्सपर्ट श अमित दुबे ने कहाकि डिजिटल अरेस्ट नामक कोई वैधानिक शब्द नहीं है। अतः यदि कोई व्यक्ति इस नाम से लिंक या कॉल भेजे, तो उस पर भरोसा न करें। किसी भी अनजान लिंक, क्यूआर कोड या ऐप से पैसे ट्रांसफर न करें और न ही अज्ञात कॉलर के कहने पर कॉल मर्ज या कॉल फॉरवर्डिंग करें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें और अपने बैंक को ईमेल कर अकाउंट फ्रीज करवाएँ। सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एंटी वायरस, बॉट रिमूवल टूल्स एवं सुरक्षा उपाय प्राप्त किए जा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा ने कहाकि साइबर अपराध से निपटने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है। यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा का मूल मंत्र है और मिशन शक्ति अभियान महिला सुरक्षा व सम्मान की दिशा में एक सशक्त पहल है।

संक्षेप

## बस के धक्के से दो बाइक सवार युवकों की मौत

जौनपुर। जिले के तेजी बाजार थाना क्षेत्र के रसकेपुर बाजार में मंगलवार की सुबह एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। बातते है कि एक बाइक से 30 वर्षीय मनोज मिश्रा पुत्र स्वर्गीय प्रदीप मिश्रा तथा पीछे बैठा 27 वर्षीय इस्लाम पुत्र मोहर्रम शाह बाउद्दीनपुर तेजी बाजार किसी काम से घर से 5 किलोमीटर दूर रसकेपुर जा रहे थे कि सामने से आ रही प्राइवेट बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मनोज मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई और पीछे बैठे इस्लाम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस्लाम को आनन फानन में जिला अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बस को कब्जे में ले कर ड्राइवर को हिरासत में लिया है। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## रामलीला में उत्पात मचाने वालों पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के पूरासंभलशाह गांव में रामलीला मंचन के दौरान हुए उपद्रव मामले में पुलिस ने समिति के सदस्यो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि विगत रात मंचन स्थल पर पहुंचे कुछ युवकों ने डांसर से विवाद के बाद जमकर तोड़फोड़ और मारपीट की थी।गांव के पूर्व प्रधान विजय बहादुर वर्मा के पुत्र वैभव, प्रतीक और आयुष वर्मा सहित अन्य कलाकारों को भी पीटा गया। लोगों ने आरोप लगाया कि उक्त युवक असलहा लहराते हुए मंचन स्थल पर पहुंचा और दोबारा रामलीला शुरू होने पर बमबारी करने की धमकी तक दी।घटना के बाद अगले दिन ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और आरोपी युवकों के खिलाफ शिकायती तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने स्थानीय निवासी अभय सिंह उर्फ छोटू पुत्र अजय सिंह सहित आधा दर्जन अज्ञात युवकों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष का कहना है कि जांच के बाद सभी को चिन्हित कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन विवाद में जान से मारने की धमकी दी, मुकदमा दर्ज

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम निवासी सतीश कुमार सिंह पुत्र स्व. राजकुमार सिंह ने थाना सुरेरी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। सतीश कुमार सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम के ही रंजीत सिंह (राहुल सिंह) पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने 08 नवम्बर को उनके मोबाइल नंबर पर फोन कर गोली मारने की धमकी दी। बताया गया कि धमकी देने वाला व्यक्ति मोबाइल से कॉल कर धमकियां दे रहा था, जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग प्रार्थी के पास मौजूद है।सतीश कुमार सिंह ने बताया कि रंजीत सिंह पर गैंगेस्टर एक्ट भी लग हुआ है। आशंका जताई कि वह कभी भी उन्हें नुकसान पहुँचा सकता है। पुलिस ने धारा 351(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

# निरहुआ के प्रयासों का असर, आजमगढ़ से दिल्ली तक दौड़ेगी दूसरी ट्रेन



आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के नेता व आजमगढ़ के पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने आजमगढ़वासियों को विकास की सेतु से जोड़े रखने के लिए अभी भी अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है। उन्होंने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात किया और वाराणसी-गोरखपुर रेल लाइन (आजमगढ़ होकर) के शीघ्र निर्माण और आजमगढ़ से दिल्ली के लिए एक और ट्रेन शुरू करने के बावत वातार्लाप किया। इसके बाद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने बताया कि शीघ्र ही आजमगढ़ से दिल्ली के लिए नई ट्रेन की सौगात मिलने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

बताते चले कि दिनेश लाल यादव निरहुआ ने संसद में अपने कार्यकाल के दौरान आजमगढ़ से दिल्ली के लिए एक और ट्रेन चलाने जाने को लेकर आवाज उठाई थी, जिसे जल्द ही हरीझंडी मिलने वाली है।

इतना हीं नहीं, भोजपुरी फिल्म स्टार व सासंद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने रेलमंत्री से यह भी कहाकि वाराणसी से गोरखपुर के मध्य आजमगढ़ होकर प्रस्तावित रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है, अंतिम परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है।इस रेल लाइन के निर्माण से आजमगढ़ को वाराणसी, गोरखपुर व लखनऊ से सीधा रेल सम्पर्क प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्रीय आवागमन में सुविधा बढ़ेगी और व्यापार शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार के अवसरों में अभूतपूर्ण वृद्धि होगी।

दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहाकि यह परियोजना पूर्वांचल के पिछड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में निर्णायक भूमिका निभाएगी, उन्होंने कहाकि आजमगढ़ की जनता ने मुझ पर जो प्यार और विश्वास जताया है उसे वह कभी नहीं भूलेंगे। ऐसे में जब तक आजमगढ़ एवं आस-पास के क्षेत्रों को अपेक्षित रेल अवसंरचना उपलब्ध न हो जाए और जब तक क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित न हो जाए तब तक वह अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। दिनेश लाल यादव निरहुआ ने यह भी कहा कि आजमगढ़वासी जब भी उन्हें याद करेंगे वह हर मौके पर उपलब्ध रहेंगे।

## बालिकाओं को जागरूक करने को चौपाल लगाया



जौनपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चैपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## जनपद स्तरीय अधिकारी बिना डीएम की अनुमति नहीं छोड़ेंगे मुख्यालय

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी अपने एक आदेश के तहत स्पष्ट रूप से चेताया है कि बिना उनकी अनुमति प्राप्त किए मुख्यालय से बाहर चले जाना अत्यंत आपत्तिजनक है। उन्होंने भविष्य में यदि किसी जनपदीय अधिकारी द्वारा उनकी (जिलाधिकारी) की अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय से बाहर जाते है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रायः यह देखने में आया है कि अवकाश के दिनों में शासन से मांगी जाने वाली सूचनाओं की आख्या जनपद स्तरीय अधिकारियों से मांगे जाने पर ज्ञात होता है कि वे जनपद मुख्यालय पर नहीं है, और अपनी आख्या समय से उपलब्ध नही करा पाते है जिससे शासन के समक्ष जिला प्रशासन की छवि खराब होती है। जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि जिलाधिकारी पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय से बाहर कदापि न जाए।

## नहर में गिरकर घायल व्यक्ति की मौत, परिवार में मचा कोहराम

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत देवरी उत्तर निवासी एक 35 वर्षीय युवक बीते रविवार की देर रात अपने घर आ रहा था कि अंधेरा होने के कारण फिसलकर बाणसागर नहर में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान सोमवार की देर रात मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची लालगंज थाने की पुलिस ने रविवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरी उत्तर निवासी चंदन पुत्र दुखरन 35 वर्ष नौकरी की तलाश में कानपुर गये थे कि वापस अपने घर आ रहे थे कि अंधेरा होने के कारण बाणसागर नहर में पैर फिसलने से नहर में गिर गये। घर वालों को सूचना मिलने पर आनन फानन मौके पर पहुंचकर घायल चंदन को नहर के पानी में से निकालकर उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर गए जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान चंदन की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलती ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर अस्पताल से अपने घर चले आए। परिजनों की सूचना पर पहुंचे लालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह मय पुलिस टीम ने मंगलवार सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बेंगलुरू में प्रतिभाग करेंगी रागेश्वरी व तेजस्विनी



आजमगढ़। आगामी 21-22 नवंबर 2025 को बेंगलुरू में आयोजित होने वाले आल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता में योगासन खेल में प्रतिभाग करने के लिए आजमगढ़ की कु. रागेश्वरी गोंड व तेजस्विनी गोंड के चयनित होने से हर्ष व्याप्त हैं। यह दोनों बहनें महाराजा सुहेलदेव विवि की तरफ से योगासन खेल में प्रतिभाग करते हुए अपने प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगी।

बताते चलें कि आल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता बंगलौर में प्रतिभाग करने के लिए एमएसडीयू आजमगढ़ में हुए चयन प्रतियोगिता में 30 महाविद्यालयों के खिलाड़ी छात्राओं ने प्रतिभाग किया था जिसमे शिब्ली पीजी कालेज की छात्रा कुमारी रागेश्वरी गोंड एम.ए. (दर्शन शास्त्र) व श्री जगदीश नरायन महेंद्र प्रसाद महाविद्यालय रघुपुर की छात्रा तेजस्वनी गोंड बीपीएड का चयन किया गया। कु. रागेश्वरी गोंड व तेजस्वनी गोंड के चयन की घोषणा से संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य खेल प्रशिक्षक व खिलाड़ियों के साथ-साथ शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं और बधाई दिया। दोनों सगी बहनें ग्रामीण परिवेश में रहते हुए भी अपने जीवन में योग को उतारा। इसके पूर्व भी भुवनेश्वर (उड़ीसा) 2023-24 में हुए आल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता में एमएसडीयू टीम का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हो चुका है।

## बिरसा मुंडा की जयंती समारोह पर करोड़ों की सौगात देंगे सीएमः संजीव



सोनभद्र। भाजपा पार्टी कार्यालय पर समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से पूजनीय भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कार्यक्रम के पश्चात 15 नवम्बर को जिले के चोपन रेलवे ग्राउंड पर मुख्यमंत्री का आगमन अथवा जनजाति स्वाभिमान सम्मेलन के आयोजन इस उपरांत स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों का सम्मान समारोह जिले के तमाम करोड़ परियोजनाओं के शिलान्यास लोकार्पण सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें राज्यपाल की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्यो की सौगात जनपद वासियों को दी जाएगी।

वहीं समाज कल्याण मंत्री संजीव गॉड ने बताया कि आदिवासी समाज के लिए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होने आ रहे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा उनका गौरव सम्मान प्रतिष्ठा बढ़ाते हुए सम्मानित करने का आकर करेंगे इसके साथ ही जनजाति गौरव दिवस के रूप में स्थित समाज के लोगों सम्मान समारोह का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता,सदर विधायक भूपेश चौबे,जिला प्रभारी अनिल सिंह ,पूर्व सांसद राम सकल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम व सीडीओ ने कम्पोजिट विद्यालय करवनियॉ का किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी ने मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय करवनियॉ का औचक निरीक्षण किये। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कक्षों में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन का कार्य शिक्षक द्वारा कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कक्ष में जाकर छात्रध्छात्रा से वार्ता कर विषयवार बनाये गये कापियों को देखा और किताब पढ़वाकर



बौद्धिक स्तर का परीक्षण भी किये। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से वार्ता कर विद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जा रही निःशुल्क किताब, ड्रेस, जूता, मोजा तथा आदि सामग्री के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किये। जिलाधिकारी ने बच्चों के उपस्थिति रजिस्टर को देखा, तो यह तथ्य सामने आया कि पंजीकृत बच्चों की संख्या कुल 138 है और मौके पर 67 बच्चें उपस्थित है, जिस पर उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश सम्बन्धित अध्यापको को दियें। अध्ययनरत्न छात्र-छात्रों के बौद्धिक स्तर के परीक्षण के उपरान्त मौके पर उपस्थित प्रभारी अध्यापक व अध्यापकों को छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना ही अध्यापक का परम कर्तव्य होता है। इसलिए अध्यापक को चाहिए कि पूरे मनोबल के साथ विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का प्रयास करें। जिससे कि ये छात्र-छात्राएं आगे की उच्च शिक्षा के लिए अपने को बेहतर तरीके से तैयार रख सकें और अपने शिक्षण कार्य को अच्छी से तरह से निखारने में सक्षम बन सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परीसर को साफ-सफाई व रंगाई-पोताई के कार्य को भी देखा, विद्यालय के रंगाई पोताई कार्य में शिथिलता बरतने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी अध्यापक को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के रंगाई-पोताई का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये। इस दौरान उन्होंनें खण्ड शिक्षा अधिकारी चतरा को निर्देशित करते हुए कहा कि चतरा ब्लॉक के अन्तर्गत सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवम्बर माह तक अनिवार्य रूप में रंगाई पोताई का कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जायें इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता और लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## अपहरण के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने मंगलवार को अपहरण से संबंधित मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित देनुआ गांव निवासी अभियुक्त सूरज गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता को पिपरौल मोड़ से सुबह करीब 6: 05 बजे दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरपतहाँ पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 87 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह तथा हेड कांस्टेबल महफूज हाशमी शामिल रहे।

## डीएपी खाद की कमी से जूझ रहे किसान

जौनपुर। रबी की बुआई के लिए किसान डीएपी खाद की कमी से जूझ रहे हैं। गेहूं और सरसों की बोआई प्रभावित हो रही है। खेतों में नमी सूखने लगा है। जनपद में स्थिति यह है की कहीं डीएपी खाद 29 अगस्त से नहीं आई है तो कहीं दस दिन से किसान चक्कर काट रहे हैं। जहां खाद है भी वहां सचिव मनमाने तरीके से खाद की बिक्री कर रहे हैं, जो पड़ताल में सोमवार को सामने आई। गोठाव में बोरी पर निर्धारित मूल्य से 30 रुपये अधिक सचिव लेते नजर आए। यहां खाद लेने के लिए किसान तीन-तीन घंटे कतार में खड़े नजर आए। बरसठी क्षेत्र की गोठाव समिति पर किसानों से 30 रुपये अतिरिक्त वसूला जा रहा हैं। किसान श्रीकांत शुक्ला, सुशील सिंह, प्रदीप, महिंदर और सुरेश ने बताया कि पहले तो उन्हें सदस्यता शुल्क के रूप में 250 रुपये जमा करने पड़े।उसके बाद 1380 रुपये में डीएपी खरीद की जा रही हैं। जबकि डीएपी 1350 रुपये ही अंकित है। इस तरह कुल 1630 रुपये देने के बाद भी उन्हें 2 से 3 घंटे लाइन में लगने के बाद डाई प्राप्त हो रही है।शाहगंज क्षेत्र की विभिन्न समितियों पर डाई न मिलने से किसान परेशान नजर आ रहे हैं। इमरानगंज पीसीएफ समिति के गोदाम प्रभारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि बीते 29 अगस्त से डाई की आपूर्ति नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जैसे ही डाई आएगी, किसानों को वितरण शुरू कर दिया जाएगा। मछलीशहर ब्लाक के साधन सहकारी समिति रामपुर खुर्द, रामपुर चैथार, चितांव में दस दिन से डीएपी खाद नहीं है। इसके कारण किसान बाजार से डीएपी खाद महंगे दर पर खरीदने के लिए मजबूर हैं। बदलापुर के घनश्यामपुर, गुलरा, तियरा, फत्तूपुर आदि समितियों पर मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं है। एडीओ को ऑपरेटिव नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि डीएपी उपलब्ध है, लेकिन किसानों की भीड़ के चलते बांटने में परेशानी हो रही।सुइथाकलां रू साधन सहकारी समिति अर्सिया, शेषपुर, अमारी, सरायमोहिउद्दीनपुर में खाद के लिए किसान परेशान हैं।

## प्रधानाचार्य को रोकने की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन



मीरजापुर। लालगंज क्षेत्र के लहंगपुर में स्थित राजकीय हाईस्कूल में संबद्ध प्रभारी प्रधानाचार्या को मूल जगह पर वापस भेजे जाने के कारण नाराज छात्र छात्राओं ने मंगलवार को हंगामा किया। प्रधानाचार्य को यहीं पर रोके जाने की मांग को लेकर दस आटो में भर कर सभी छात्र डीएम से मिलने के लिए जिला मुख्यालय मीरजापुर पहुंचे।

लहंगपुर में स्थित राजकीय हाईस्कूल में कुल 162 छात्र छात्राएं कक्षा नौ और दस में अध्ययनरत हैं। यहां पर प्रधानाचार्या सहित दो अध्यापिका तैनात है। पढ़ने वाले छात्र और छात्राएं परेशान हैं की प्रधानाचार्या के हट जाने के बाद सिर्फ एक अध्यापिका के सहारे कैसे होगी पढ़ाई। बता दें कि प्रधानाचार्य डा. सुषमा सिंह को वर्ष 2014 में लहंगपुर में स्थित नवीन राजकीय हाईस्कूल से संबद्ध किया गया था। जबकि उनकी नियुक्ति लालगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत जीजीआईसी बरौंधा में था। डीआइओएस मीरजापुर द्वारा डा. सुषमा को पुनः जीजीआईसी बरौंधा में उनके मूल स्थान पर वापस करने का आदेश जारी किया गया है। मीरजापुर से लहंगपुर की दूरी 16-17 किलोमीटर है, जबकि बरौधा की दूरी 42-43 किलोमीटर है। कम दूरी होने के कारण मीरजापुर से लहंगपुर पहुंचने में सुविधा है जिसके कारण प्रधानाचार्या सुषमा सिंह अपनी संबद्धता लहंगपुर में स्थित राजकीय हाईस्कूल में बनाए रखने के लिए छात्र-छात्राओं को आगे कर दिया है। अभिभावक लालबहादुर ने बताया की बिना जानकारी के मेरे बच्चों को मीरजापुर भेजा गया है। किस लिए बच्चे गए हैं इसकी जानकारी नहीं है। घर से बच्चे पढ़ने के लिए गए हुए थे। एक अभिभावक ने अपना नाम न छापने के शर्त पर बताया की हमारी बच्चियों को आंदोलन के लिए प्रेरित कर मीरजापुर भेजा गया है, यदि कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी भेजने वाली अध्यापिकाओं की होगी।

## धमाके के विरोध में अधिवक्ताओं को प्रदर्शन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को अधिवक्ता संघ ने दिल्ली धमाके के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार भी किया।अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि सोमवार शाम दिल्ली में हुए धमाके में 9 लोगों की मौत हुई और कुछ लोग घायल हुए। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। सिंह ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों पर संज्ञान लेने और उन पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने यह भी मांग की कि ब्लास्ट में मारे गए लोगों के परिजनों को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। महामंत्री मनोज मिश्रा ने घटना को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे स्थान पर ऐसी घटना सुरक्षा में चूक दशार्ती है। मिश्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से घटना की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की अपील की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने घायलों के बेहतर उपचार की भी मांग की।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की प्रबंध

समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय आय व व्यय के दस्तावेजों का निरीक्षण किया। प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय ने जिलाधिकारी को हरित पौध देकर स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली तथा विद्यालय प्रबंधन से अच्छे नम्बर से पास आउट बच्चों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि विद्यालय से पास आउट होने वाले बच्चों के बारे में फीडबैक लिया कि वे किन-किन क्षेत्रों में गये। बच्चों की रुचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा प्रदान कर ढाला जाए। उन्होंने कहा कि साइंस व मानविकी के कक्षा 10 व 12 में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाए, तथा जिस विषयध्क्लास के अधिक बच्चे अच्छे नम्बर से पास हुए हुए है ऐसे क्लास टीचर, सम्बंधित विषय के अध्यापक को भी आयोजित समारोहो में कला, संगीत, विज्ञान सहित अन्य टीचरों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में वाई-फाई सुविधा का सुन्दरीकरण करने व



आवश्यकतानुसार उपकरणों की खरीद का भी निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य के रिक्त पदों व श्रेणीवार विद्यालय में प्रवेश की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लैब को अधिक उपयोगी बनाने तथा स्कूल को वाई-फाई से लैस किया जाए। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत लर्निंग एवं आंकिक कौशल प्रशिक्षण की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से उसकी वर्तमान जरूरत के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक उपकरणों की नियमानुसार खरीद करने हेतु संबंधित को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों के टेस्ट आदि की जानकारी ली। कालेज के प्राचार्य ने जिलाधिकारी को विद्यालय की अर्जित उपलब्धियों के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पब्लिक स्पीकिंग कराई जाए ताकि उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा हो सके। उन्होंने एडोलोसेंट एजुकेशन के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में अच्छी तरह से बताया जाए। उन्होंने सामग्री व उपकरणों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता, प्रवक्ता केबी कालेज नम्रता मिश्रा व समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

जौनपुर। दिल्ली में सोमवार की रात को हुए कार विस्फोट के बाद पुलिस ने पूरी रात सघन चेकिंग अभियान चलाया। जफराबाद थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल मय फोर्स



जफराबाद स्टेशन पर पहुंचे। वहां पर रुकने वाली ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया।कुछ लोगों से पूछताछ भी किया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्मो पर लगायी गयी कुर्सियों के नीचे व प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों से भी पूछताछकिया। थानाध्यक्ष ने मौजूद लोगों से कहा कि किसी प्रकार के संदिग्ध सामान की जानकारी पुलिस को दें।कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े तो उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए रखते हुए पुलिस को तुरन्त सूचना दें।स्टेशन के अलावा पुलिस ने वाराणसी लखनऊ राजमार्ग पर भी जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया।वहां पर भी वाहनों के डिग्गी की तलाशी ली गयी।चालक से पूछताछ किया गया।कागजात आदि देखकर उन्हें जाने दिया गया।यह कार्य सुबह तक चलाया गया।

## एक दिवसीय जागरूकता शिविर आज

आजमगढ़। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया कि उ०प्र०, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद स्तर पर शिक्षित बेरोजगार, आई०टी०आई०, पालीटेक्निक तथा परम्परागत कारीगरों के युवक/युवतियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किये जाने हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन 12 नवंबर 2025 को अपरान्ह 2 बजे ब्लाक अजमतगढ़ तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ में किया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक लाभार्थी उपस्थित हो कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए नारी शक्ति को ईश्वरीय कार्य के लिए अग्रदूत बनाया गयाः बिंदु दीदी

सोनभद्र। राबट्र्सगंज के विकास नगर में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में स्थानीय सेवाकेंद्र का 24वां वार्षिकोत्सव ष्नवयुग अभिनंदनमष समारोह सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम का प्रारम्भ परमात्म स्मृति से प्रारम्भ हुआ। मंचासीन अतिथियों का ब्रह्माकुमारी बहनों नें अंगवस्त्रम तिलक तथा पुष्पमाला और बुके से स्वागत किया। मंचासिन महानुभावों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का औपचारिक रूप से प्रारंभ किया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मिजार्पुर से पधारी बीके बिन्दु दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व के 140 देशों में 8000 से भी अधिक सेवाकेंद्रों के माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग के माध्यम से संपूर्ण मानवता के लिए कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि परमात्मा ने आदि सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु नारी शक्ति को ईश्वरीय कार्य के लिए अग्रदूत बनाया है। मुख्य अतिथि एएसपी अनिल कुमार ने कहा कि जीवन में ज्ञान का बोध होना आवश्यक है तभी मनुष्य जीवन में श्रेष्ठ कर्म कर सकता है। हमें पुनः आध्यात्म की ओर लौटना होगा तभी जीवन सार्थक हो सकता है।

विशिष्ट अतिथि सीओ रणधीर मिश्रा ने कहा कि युग परिवर्तन की यात्रा का प्रारंभ हो चुका है। हम सभी को इस अन्तर्जगत की यात्रा से जुड़कर आत्म कल्याण के पथ पर चलना चाहिए। साईं हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ने के बाद जीवन के यथार्थ उद्देश्य का बोध हुआ। इससे हमारे जीवन में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया। उन्होंने सभी लोगों से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से जुड़ने की



अपील की है। विकास शाक्य एडवोकेट ने कहा कि मनुष्य तन को मानव सेवा के कल्याण में लगाना है। इससे हमारा जीवन सफल हो जाता है। स्थानीय सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बी के सुमन दीदी नें कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियो एवं उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह सेवाकेंद्र आध्यात्मिक ऊर्जा और सनातन संस्कृति का केंद्र है। यहाँ सभी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती है। कोई भी व्यक्ति इसका लाभ उठा सकता है। उन्होंने अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डाँ बीके हरीन्द्र भाई नें मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में,पूर्व चेयरमैन कृष्ण मुरारी गुप्ता, अवधेश धर दुबे, मनोज धर दुबे, डॉ संजय सिंह, विजय कनौडिया समेत जनपद के विभिन्न जगहों से पधारे हुए संस्था से जुड़े सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा, बीके सीता, बीके सरोज, बीके कविता, बीके दीपशिखा, संगीता बहन, गोपाल भाई का विशेष योगदान रहा।

संक्षेप

## देव बनो या दैत्य अपने हाथमें : डॉ.श्रीप्रकाश

**बरहज,देवरिया।** कपरवार में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ यज्ञ में श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए कथावाचक डाक्टर श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि शक्ति के दुरुपयोग से मानव से दानव बन जाता है। देव बनो या दैत्य सब अपने कर्मों पर आधारित है। जो दूसरे की सम्पति पर अधिकार जमाए और अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए प्राणिमात्र को सताए वही दैत्य है। कहा कि जब हिरण्याक्ष का बध बाराह भगवान ने कर दिया तब उसके परिवार वाले रोने लगे तब हिरण्यकशिपु ने अपने परिवार वालों को समझाया कि जो जन्म लिया उसकी मृत्यु भी निश्चित है। इसलिए रोना बंद करो सब मान गये। इधर हिरण्यकशिपु ने मंदराचल पर्वत पर जाकर कठिन तपस्या के द्वारा ब्रम्हा जी से अमरत्व का वरदान मांगा तब ब्रम्हा जी ने कहा जो जन्म लिया उसकी मृत्यु भी निश्चित है। कुछ और मांग तो उसने कहा कि मुझे आप ऐसा वर दीजिए, कि न तो रात में मरूं न तो दिन न धरती पर न आकाश न तो घर के अंदर मरूं न बाहर न अस्त्र-शस्त्र न आपके द्वारा बनाए किसी प्राणी से न अप्राणी से। एक तरह से अमरत्व का वरदान प्राप्त कर त्रिलोकी का राजा बन बैठा। एक दिन अपने ही पुत्र प्रह्लाद जो भगवान के भक्त थे मारने चला तब खम्भ फाड़कर नरसिम्ह के रूप मे प्रकट होकर हिरण्यकशिपु का बध कर डाला। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुरेन्द्र प्रसाद गुप्त, राम अवध गुप्त, अनिल गुप्त, अरविंद कुमार, अनिल मिश्र, अजय मिश्र अमित मिश्र,गुड्डू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जज परिसर स्थित पोखरा कैंटीन की नीलामी 18 को

**देवरिया।** अध्यक्ष नीलामी समिति, जजी देवरिया, रवि यादव ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायाधीश के निर्देशों के अनुपालन में न्यायालय परिसर के उत्तर दिशा में स्थित नव निर्मित पोखरा कैंटीन की नीलामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 18 नवम्बर, 2025 को अपराह्न 4 बजे दस कक्षीय न्यायालय भवन के केन्द्रीय सभागार में नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न की जाएगी। अध्यक्ष नीलामी समिति ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अनुसार नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

## सैनिक बंधु की बैठक 14 को

**कुशीनगर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी वि0 क0 आलोक सक्सेना (अप्रा0) ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के पूर्व सैनिकों, उनके विधवाओं तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निस्तारण हेतु 14 नवम्बर 2025 को अपराह्न 1:30 बजे सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की जाएगी इन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न होगी। विंग कमांडर ने बताया कि यदि किसी पूर्व सैनिक अथवा उनके परिवार को किसी प्रकार की पारिवारिक समस्या, भूमि विवाद या अन्य प्रशासनिक कठिनाई हो, तो वे अपने आवेदन 13 नवम्बर 2025 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कर सकते हैं ताकि उनके प्रकरणों पर बैठक में विचार किया जा सके इन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से अपील की है वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। विशेष जानकारी हेतु जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, कुशीनगर से संपर्क किया जा सकता है।

# मिशन शक्ति के तहत आयोजित हुई जन जागरूकता चौपाल



**कुशीनगर।** जिला प्रवेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये मिशन शक्ति 5.0 का विशेष अभियान के अनुपालन में मंगलवार को जन जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित किये जाने के क्रम में जनपद कुशीनगर के शत्रुधनजीत नरेन्द्र प्रताप गन्ना कृषक इण्टर कालेज, नेबुआ नौरंगिया में हब फार इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुए इसके दुष्प्रभाव प्रभाव के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती प्रीती सिंह जेण्डर स्पेशलिस्ट द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा श्रीमती बन्दना कुशवाहा जेण्डर स्पेशलिस्ट द्वारा प्रदेश में संचालित सभी हेल्पलाइन नम्बर जैसे-चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, वन स्टाप सेन्टर 181, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, 112, 108, 102 के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उपयोगिता के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट वितरित की गयी। इस अवसर पर अमृता कुमारी, योगिता कुशवाहा, बृज किशोर, आदर्श यादव शत्रुधनजीत नरेन्द्र प्रताप गन्ना कृषक इण्टर कालेज, नेबुआ नौरंगिया के प्राचार्य आरसी गुप्ता एवं आचार्य सुधीर कुमार सिंह, दिनेश कुमार गौतम, कपिल कुमार, सुजीत कुमार सिंह, नरेन्द्र मौर्या, श्रीमती पूजा यादव, श्रीमती रिता देवी आदि के साथ-साथ सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रही।

# प्रा.शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया के जिला कार्यकारिणी की बैठक आज जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक भवन पर सम्पन्न हुई। जिसमे आर टी ई लागू होने के वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी अनिवार्य किए जाने एवं अर्हता नहीं धारण किए जाने पर पद से हटाने के आदेश को अन्याय पूर्ण बताते हुए शिक्षकों की महारैली 5 दिसंबर 25 को रामलीला मैदान दिल्ली में किया जाएगा।

● टीईटी अनिवार्य किये जाने के विरोध में महारैली 5 दिसम्बर को दिल्ली में

9 नवंबर 25 को प्रदेश की बैठक में निर्देश दिया गया कि रामलीला मैदान दिल्ली में 16 राज्यों के शिक्षक लाखों की संख्या में शामिल होंगे। जिसमे उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्व पूर्ण है। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 5 दिसंबर 25 रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाला महारैली टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले पूरे देश के शिक्षकों के भविष्य के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ है। अभी तक 16 राज्यों के संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। टी. एफ. आई. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया की यह आंदोलन टी. ई. टी. प्रकरण के साथ ही अन्य राष्ट्रव्यापी मुद्दे के समाधान का रास्ता प्रशस्त करेगा। रामलीला मैदान दिल्ली का आंदोलन ऐतिहासिक एवं निर्णायक होगा। जिलामंत्री आनंद प्रकाश यादव ने कहा कि जनपद से एक हजार शिक्षक रामलीला मैदान दिल्ली में प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक ब्लॉक से न्यूनतम 50 शिक्षक जाने को तैयार रहें। इसके लिए जाने वाले शिक्षकों की वाहन या ट्रेन जिस साधन से जाना है वे जिला संगठन को अवगत करा दे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी आंदोलन शिक्षकों की राष्ट्रीय फलक की समस्याओं के समाधान हेतु अग्रणी भूमिका निभाएगा।बैठक का संचालन जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल एवं जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक को जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि, उपाध्यक्ष बैजनाथ पति त्रिपाठी, विनोद कुमार मिश्रा , सफीक अहमद खान, जयप्रकाश सिंह , नित्यानंद यादव , संजय कुमार मिश्र ने संबोधित किया। , ओम प्रकाश शुक्ला, निर्भय राय, सरिता जायसवाल, बसंती राय, संजय सिंह , लालकृष सिंह , रमेश कुमार यादव , ब्रजेश राव , सत्येंद्र सिंह , नरेंद्र यादव , अरुण दुबे , रामसिंगार यादव, सत्यप्रकाश सिंह, दिलीप प्रताप शुक्ला, आशुतोष शाह ,सुभाष यादव ,आलोक सिंह आदि शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# देश में वोट चोरी कर रही भाजपा : अखिलेश सिंह



**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी कर रही है और देश मे आतंकी जगह जगह बम ब्लास्ट कर रहे है। दिल्ली बम ब्लास्ट को सरकार की नाकामी का नतीजा बताते हुए पत्रकारों से मंगलवार को टाउन हॉल परिसर के जिला कांग्रेस कार्यालय पर बातचीत करते हुए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट में बहुत से लोग हताहत हुए हैं इस हादसे में देवरिया जनपद के भलुवनी का एक जायसवाल युवक के घायल हुआ है, मैं प्रार्थना करता हूं कि घायलों को ईश्वर जल्दी स्वस्थ करें और इस बम ब्लास्ट में जो नहीं रहे उनके परिजनों के प्रति हमारी संवेदना है। सरकार वोट चोरी करने के लिए सारे जतन करते हैं मगर देश के लोगों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नही है। देश की आंतरिक सुरक्षा पर कोई ध्यान नही। पूरे देश में और दिल्ली के आसपास किलो के भाव आरडीएक्स मिल रहे है हमारे देश की खुफिया एजेंसी गृह मंत्रालय क्या कर रहा है देश में ब्लास्ट हो रहा है। मगर सरकार को सिर्फ वोट चोरी से मतलब है लोग की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं है। चोरी का आलम यह है कि देश के कोने-कोने से कई ट्रेन है बिहार के लिए चलाई गई है मगर करोना काल में महाराष्ट्र गुजरात पंजाब समेत देश के कई इलाकों से लोग पैदल चलकर आये थे। सरकार ट्रेन की कोई व्यवस्था नहीं कराई। वोटरों के लिए ट्रेन की व्यवस्था कराई है सिर्फ और सिर्फ चोरी करने वाली सरकार है। देश के हित को सुरक्षित करने वाली सरकार नहीं है जो हमारी राजधानी है वह सुरक्षित नहीं है। गृह मंत्री अगर इस्तीफा नहीं दे रहे हैं तो प्रधानमंत्री मोदी जी को गृह मंत्री अमित शाह को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिये। वैसे तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों अक्षम है, तभी तो देश में आतंकी जो चाहे वह कर रहे हैं। पुलवामा की घटना का आज तक कोई पता नहीं चला। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' मौजूद रहे।

## कृषि यंत्रों के लाभार्थियों के चयन के लिए प्रस्तावित ई-लाटरी कार्यक्रम स्थगित

**देवरिया।** उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने बताया कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण सम्बन्धी अनुदान हेतु लाभार्थियों के चयन के लिए ई-लाटरी का आयोजन किया जाना था। यह चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डीएलईसी) के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कृषि विभाग की पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि उक्त ई-लाटरी कार्यक्रम, जो दिनांक 11 नवम्बर को प्रातः 10 बजे गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में आयोजित किया जाना निर्धारित था, अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## ग्राम पंचायतों में स्थापित होंगे डिजिटल बाल और किशोर पुस्तकालय

**कुशीनगर।** जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में डिजिटल (बाल एवं किशोर) पुस्तकालय स्थापित किया जाना है। पुस्तक चयन दिशा-निर्देश के अनुसार 50 प्रतिशत पुस्तकें नेशनल बुक ट्रस्ट से एवं 50 प्रतिशत अन्य प्रकाशकों से क्रय किया जाना है। जिसके अन्तर्गत प्राथमिकता स्थानीय साहित्यकार, स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्र नायक, क्षेत्रीय लेखक व इतिहासकार महिला-बाल साहित्य आदि पर आधारित पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं, चयन में विषयवस्तु की गुणवत्ता, सरल भाषा व सामर्थ्य को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने प्रकाशकों/वितरकों से अनुरोध किया है कि विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर भेजें, उपलब्ध पुस्तकों की सूची प्रतियोगी परीक्षा हेतु अलग सूची, विषयवार, भाषावार विवरण, मूल्य सूची एवं लेखक/प्रकाशक विवरण ईमेल कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, विकास भवन रविन्द्रनगर कुशीनगर पर प्रेषित करें, विलम्ब से प्राप्त आवेदकों पर विचार नहीं किया जायेगा। साथ ही विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वांछित पुस्तक/पाठ्य सामग्री की सूची उपरोक्त ईमेल पर भेज सकते है।

# दिल्ली बम धमाके में भलुअनी का युवा घायल



**बरहज, देवरिया।** दिल्ली के लालकिला के पास 11 नवम्बर की शाम हुए बम विस्फोट में नगर पंचायत भलुअनी के युवा व्यापारी व यूथ ब्रिगेड के रक्तवीर शिवा जायसवाल के घायल होने की खबर मिलते ही नगर के लोग स्तब्ध हो गए। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष माया जायसवाल के इकलौते पुत्र शिवा जायसवाल के घायल होने की जानकारी मिलते ही लोग उनके आवास पर पहुंचे और कुशलक्षेम पूछा। परिवार के लोगों ने बताया की शिवा रेडिमेड कपड़ों की खरीदारी के लिए दिल्ली गए थे इसी दौरान बम विस्फोट में घायल होने की सूचना मिली। अन्य घायलों के साथ शिवा का भी इलाज नजदीकी अस्पताल में चल रहा है। जहां गृहमंत्री अमित शाह ने उनसे मिलकर हालचाल लिया।

परिजनो ने बताया कि शिवा नौ नवंबर की शाम को रेडिमेड कपड़ों की खरीददारी करने के लिए बस द्वारा दिल्ली गये, 10 नवंबर को सुबह वह दिल्ली पहुचे, दिल्ली मे निवासरत अपनी बड़ी बहन पूर्णिमा जायसवाल के घर रुके थे। वह शाम को रेडिमेड कपड़ो की खरीददारी करने मार्केट गए तभी शाम को 6.30 बजे यह घटना घटी, जिसमे शिवा बुरी तरह घायल हो गये। रात्रि मे करीब 11 बजे बहन पूर्णिमा ने घर पर फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। मां माया जायसवाल जो गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। अपने इलाज के लिए अहमदाबाद गयी थी, वह दिल्ली के लिए रवाना हो गयी। घर पर शिवा की पत्नी पिंकी जायसवाल, दो बच्चे सूर्यांश तीन, लाडो एक वर्ष व बहन रंजना जायसवाल का रो रोकर बुरा हाल है।

उपजिलाधिकारी बरहज विपिन द्विवेदी ने परिवार से मिलकर घटना की जानकारी लेकर आवश्यक सहयोग की बात कही। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव दूबे, विनोद सिंह गुड्डू, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं यूथ ब्रिगेड संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य, भरत वर्मा, मनोज मद्धेशिया, दिनेश गुप्ता, शौर्य सिंह, श्रवण चौरसिया, अविनीत शर्मा, सोनू वर्मा, अजय मद्धेशिया, रामप्रवेश मद्धेशिया, किशन जायसवाल, जेपी मद्धेशिया, किशन विश्वकर्मा सहित अन्य व्यापारियों ने घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए शिवा जायसवाल सहित सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## कम प्रसव होने पर सीएमओ ने कई का वेतन रोका

**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को धन्वंतरि सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों पर कम प्रसव को देखते हुए जिम्मेदारों को नोटिस देने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा, भलुअनी में संस्थागत प्रसव कम होने पर एमओआईसी, बीपीएम और स्टॉफ नर्स का वेतन रोकने का निर्देश दिया। सीएमओ ने कहा कि सभी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। सभी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्साधिकारियों, स्वास्थ्य कार्मियों सहित सभी की शत प्रतिशत मौजूदगी रहे। ओपीडी में अगर फार्मासिस्ट मरीजों को देखता हुए पाया गया तो जिम्मेदार सहित फार्मासिस्ट पर कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक चिकित्सक का ओपीडी रजिस्टर अलग होना चाहिए। अस्पताल पर आने वाले किसी भी मरीज को परेशान न किया जाए। सीएमओ डॉ गुप्ता ने कहा कि ई-कवच पर शत-प्रतिशत आभा आईडी फीड कराई जाए। गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराएं। इस दौरान उन्होने हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदनशीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसीएमओ डॉ.अजय शाही, एसीएमओ डॉ.एसके सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ आरपी गुप्ता डीएमओ डॉ.सीपी मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## बिरसा मुंडा की जयंती पर भाजपा आयोजित करेगी कार्यक्रम



**देवरिया।** भाजपा की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को जिला पंचायत परिसर में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर पखवाड़े को लेकर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरूआत 1 नवंबर से हो गई है जो 15 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमे भगवान बिरसा मुंडा का प्रेरणादायी जीवन जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें धर्मांतरण के विरोध में लाए गए कानून को लेकर भी जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के जिला संयोजक व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय गोंड ने बताया कि 12 नवंबर को शहर के देवरिया क्लब में बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती पर मंडलीय सम्मेलन का आयोजक किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान रहेंगे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान भाजपा नेता विजय पटेल, अभिषेक राय अंकुर, रामधनी गोंड, आदित्य गोंड सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोजगार व स्वावलंबन का प्रतीक बनी खादी : दुर्गेश राय

● खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में उमड़ा जनसमूह, स्वदेशी उत्पादों के प्रति बढ़ा आकर्षण



**कुशीनगर।** पडरौना स्थित जूनियर हाईस्कूल मैदान में मंगलवार को खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, सपहां (फाजिलनगर) की ओर से खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पाद प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी ग्रामोद्योग ने नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं। आज खादी केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि रोजगार, स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत की पहचान बन चुकी है।

श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चरखा चलाकर खादी को पुनः सम्मान दिलाया। उनकी नीतियों के कारण आज देश ही नहीं, विदेशों में भी खादी उत्पादों का आकर्षण बढ़ा है। खादी उद्योग ने असंख्य प्रतिभाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि स्वदेशी अपनाना ही राष्ट्र के आर्थिक सशक्तिकरण का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे, तो देश की प्रगति रफ्तार पकड़ लेगी। आयोजक संस्था खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, सपहां (फाजिलनगर) के मंत्री पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि खादी केवल परंपरा न रहे, बल्कि हर घर की जरूरत और गौरव बने। ग्रामीण महिलाएं और युवा इस उद्योग से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। कार्यक्रम में संचालन मनंजय तिवारी ह्यनिर्मलह्न ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, मंत्री विवेकानंद पाल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन आनंद, नमोनारायण मौर्या, राधेश्याम गुप्ता, कृष्णा मिश्र, शैलेन्द्र पांडेय, सुजीत पांडेय सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। मंत्री पंकज कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## असहाय, वृद्ध व दिव्यांगों को घर तक पहुंचायी जायेगी खाद्यान्न सामग्री

**कुशीनगर।** डीएम ने निर्देशित किया है कि ऐसे असहाय, वृद्ध एवं दिव्यांगजन लाभार्थी जिनके परिवार का कोई सदस्य उचित दर की दुकान पर जाकर खाद्यान्न प्राप्त करने में असमर्थ है, उन्हें उचित दर विक्रेताओं द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उनके घर तक खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत शासन द्वारा पात्र गृहस्थी अथवा अंत्योदय कार्डधारकों को राशन उपलब्ध कराने हेतु उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से वितरण कार्य किया जाता है। परंतु कुछ लाभार्थी उम्र, दिव्यांगता या असहायता के कारण स्वयं जाकर खाद्यान्न प्राप्त करने में असमर्थ हैं। ऐसे लाभार्थियों को किसी भी स्थिति में खाद्यान्न से वंचित न किया जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने सभी तहसीलदारों, बीडीओ एवं उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि ऐसे लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें घर तक खाद्यान्न पहुंचाया जाए।

## किसानों को प्याज और लहसुन के बीज वितरित

**देवरिया।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर भुजौली कॉलोनी में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत जनपद के किसानों को प्याज और लहसुन के बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी ने की, जबकि विधायक देवरिया सदर प्रतिनिधि नवीन सिंह ने मुख्य अतिथि उपस्थिति दर्ज कराई। बीज वितरण पंजीकृत किसानों को प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर किया गया।

## एनसीसी कैडेटों को दी गयी कैरियर काउंसलिंग की जानकारी

**देवरिया।** आरएमएस एकेडमी लार रोड में 52 यूपी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन कैडेटों को करियर काउंसलिंग की विशेष जानकारी दी गई। मेरा युवा भारत, देवरिया के जिला युवा अधिकारी चंद्र भूषण चौबे ने इस सत्र में कैडेटों को माय भारत पोर्टल के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों, उच्च शिक्षा के विकल्पों व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा देना ही हमारे भविष्य को सुरक्षित करने का मूल है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से कैडेटों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिलती है। कैरियर काउंसलर शिव मिश्रा ने कहा कि जिन बच्चों ने अभी तक अपने लक्ष्य को हासिल नहीं किया है, उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से हर सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक लक्ष्य बनाकर उस पर केंद्रित रहने की आवश्यकता है। सफलता का यही मूल मंत्र है। इस अवसर पर कमांडिग ऑफिसर कर्नल दिग्वेंद्र सिंह, कैप्टन क्षमानंद, धनन्जय कुमार उपाध्याय, विनय कुमार, कैप्टन राम अवतार, डायरेक्टर डॉ रुद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य मनोज मिश्रा, राजीव दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिल्ली ब्लास्ट में घायल शिवा के परिजनों से मिले सदर सांसद



**देवरिया।** सदर सांसद शशांक मणि ने 10 नवंबर को दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट में घायल भलुअनी के कपड़ा व्यवसाई शिवा जायसवाल के परिजनों से मिलकर हाल जाना। शिवा जायसवाल की बहन रंजना जायसवाल से हुई बात के दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के एल एन जे पी अस्पताल में शिवा का बेहतर इलाज चल रहा है जल्द ही वह स्वस्थ होकर घर आ जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति में परिजनों को धैर्य रखने की जरूरत है, हम सब आपके साथ हैं जो भी संभव मदद हो सकेगा, किया जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, भलुअनी मंडल अध्यक्ष प्रणव दुबे, जितेंद्र तिवारी, दिनेश मधेशिया, विनोद सिंह गुड्डू, जितेंद्र सागर, सभासद प्रतिनिधि मनोज तिवारी, विकास तिवारी छोटेलाल प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बौद्ध धर्मगुरु को श्रद्धालुओं ने दी अंतिम विदाई



**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर में दिवंगत भदंत ज्ञानेश्वर को उनके निधन के 12 वें दिन देश विदेश के हजारों श्रद्धालुओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

मंगलवार को म्यांमार मंदिर के प्रमुख और भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष महास्थवीर का अंतिम संस्कार उनके गुरु भिक्षु चंद्रमणि के समाधि के निकट म्यांमार मंदिर में किया गया। इससे पूर्व संघ दान कार्यक्रम आयोजित हुआ और भंते की फूलों से सजे रथ पर शव यात्रा म्यांमार मंदिर से निकाली गई। जिसमें भारत, चीन, थाईलैंड, म्यांमार, कोरिया, तिब्बत, वियतनाम सहित विभिन्न देशों के उपासक, उपासिका, भिक्षु, भिक्षुणियां और विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। शव यात्रा बुद्ध द्वार, नेशनल हाईवे, गोरखपुर मार्ग, गांधी चौक, देवरिया मार्ग, नेशनल हाईवे चौक, दीवानी कचहरी होते हुए रामा भार स्तूप होते हुए बुद्ध मार्ग स्थित म्यांमार मंदिर पहुंची। जहां म्यांमार के संघ महा नायक धम्म गुरु यानिसरा, थाई धर्मगुरु फ्रा थेप बोदीयोंग, भिक्षु संघ के मंत्री भिक्षु डॉ नन्द रतन, भिक्षु चंदिमा, भिक्षु महेंद्र, भिक्षु नंदिका, भिक्षु अशोक आदि बौद्ध धर्म गुरुओं के निर्देशन में भिक्षुओं ने सूत्र पाठ किया। बौद्ध रीति रिवाज के साथ सभी रस्म पूरी की गई। पाली, थाई, वर्मी आदि भाषाओं में शांति पाठ किया गया। भिक्षुओं ने कहा कि भंते ने अपने जीवन काल में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का प्रसार किया और लोक कल्याण के लिए संस्थाओं को सहयोग किया। धम्म प्रसार लिए बौद्ध बिहार और शिक्षा प्रसार के लिए शिक्षण संस्थाओं का सहयोग किया।

अंत में भिक्षुओं ने धम्म पाठ के साथ उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान म्यांमार के राजदूत जॉ ऊ, वाइस चांसलर सुचिता, कंसल्टेंट जनरल कोलकाता, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या, पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा, विधायक पीएन पाठक, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष श्रीमती किरन जायसवाल, अभा कांग्रेस अनु विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित विभाग के चेयरमैन सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री लाल मणि प्रसाद, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद संघ मित्रा, शिव कन्या, रंजना भारती, पूर्व सांसद कमांडो कमल किशोर, सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा, राजेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार यादव, सभासद केशव सिंह, प्रभुनाथ सिंह के अलावा भिक्षु सगरा, भिक्षु शील प्रकाश, तिब्बती भंते कंचुक लामा, भंते सों क्रान, डॉ कितिफान, पी पविन, विनय कीर्ति, पी नलोंग, भंते सगरा, पी अनुवत और भिक्षुणी धम्म नैना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## कांग्रेसियों ने सुमन बाल्मीकि के इलाज का लिया जायजा

फतेहपुर। डॉक्टरों से मिल वस्तुस्थिति से हुए परिचितपिछले दिनों तुराब अली के पुरवा निवाशी हरिओम बाल्मीकि की रायबरेली में हत्या के बाद मृतक के परिवार से मिलने जनपद आए राहुल गांधी द्वारा मृतक की बहन सुमन सागर के कैंसर पीड़ित होने की जानकारी होने पर उसके इलाज हेतु जिम्मेदारी लेते हुए जिले व प्रदेश के नेताओं को निर्देश दिए थे।जिस क्रम में पीड़ित सुमन सागर को शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा द्वारा ले जाकर कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट लखनऊ में दिखाया गया था ।जहां डाक्टरों ने जांच कर आज रिपोर्ट देख कर इलाज शुरू कर दिया।आज शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, अनीस अंसारी संग विधान मंडल दल की नेता विपक्ष आराधना मिश्रा उर्फ मोना मिश्रा व प्रदेश के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने भी डाक्टरों से मिल आगे के उपचार हेतु वस्तुस्थिति की जानकारी ली एवं पीड़ित परिवार से इलाज हेतु चिंता मुक्त रहने का आश्वासन दिया।

## पोर्टल न खुलने से किसान लौटे मायूस, ई लाटरी तिथि आगे बढ़ी

उन्नाव। सोमवार को ई- लाटरी से मिलने थे किसानों को कृषि यंत्र पूरा दिन पोर्टल न खुलने से निराश होकर किसान वापस लौटे। किसान सोमवार को ई-लाटरी के माध्यम से किसानों को कृषि यन्त्रों का आवंटन होना था। विकास भवन सभागार में उप कृषि निदेशक रवि चन्द्र प्रकाश और अन्य अधिकारी एवं कृषकगण ई-लाटरी का इन्तजार कर रहे थे। पूरा दिन इन्तजार करने के बाद विभागीय पोर्टल ने धोखा दे दिया और किसान दिन भर इंतजार करने के बाद मायूस होकर वापस लौट गये पोर्टल पूरा दिन ठप रहा जिससे अधिकारी, कर्मचारी व दूर दराज से आए किसान परेशान नजर आए। काफी इंतजार के बाद भी जब पोर्टल नही चला तो सभी किसान वापस लौट गये। सब मिशन आन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत 16 कस्टम हायरिंग सेण्टर व अन्य यन्त्र एवं इन सीटू योजना के अर्न्तगत 02 कस्टम हायरिंग सेण्टर व अन्य यन्त्र की ई- लाटरी होनी थी ।विकास भवन सभागार में अपराहन्न 01:30 से मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ई- लाटरी के माध्यम से कृषि यंत्र आवंटित किये जाने थे। उप कृषि निदेशक उन्नाव ने बताया कि ई-लाटरी के माध्यम से किसानों को कृषि यन्त्रों का आवंटन होना था लेकिन तकनीकी दिक्कत होने से पोर्टल नही चल सका। ई- लाटरी के लिए अब अगली तिथि निर्धारित की जायेगी।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

सीतापुर। मानपुर क्षेत्र में सीतापुर-बिसवां मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।हैबतपुर निवासी संजय कुमार 26 पुत्र मैकू किसी काम से अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से बिसवां से वापस अपने गांव को आ रहा था। सीतापुर-बिसवां मार्ग पर लालपुर कोठी चैराहा पर वह बाइक से उतर कर रोड के किनारे खड़ा था। तभी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगने के बाद युवक ट्रक में फंसकर करीब 50 मीटर तक घसीटता रहा।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# डीएम ने औद्योगिक आस्थान का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ.राजागणपति आर. ने जिला उद्योग केन्द्र सीतापुर एवं औद्योगिक आस्थान सीतापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उद्यमियों द्वारा औद्योगिक आस्थान की जल निकासी की समस्या का निस्तारण कराये जाने का अनुरोध किया गया। सेठिया मिल के प्रबंधक सुधीर मेहरोत्रा द्वारा बिजवार रेलवे क्रासिंग पर बने ओवरब्रिज के दोनों और सर्विस रोड को चैड़ा कराये जाने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने ओवरब्रिज के पास बने सर्विस रोड एवं नाली को देखा तथा समस्या के निस्तारण हेतु उ0प्र0 सेतु निगत एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, औद्योगिक आस्थान सरायं मलुही में उच्चीकरण/ सुदृढ़ीकरण का कार्य करा रही कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी कानपुर के अधिशासी अभियन्ता, पूर्वात्तर रेलवे के सहायक मण्डलीय अभियन्ता, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सेतु निगम एवं पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता, आईआईए के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, उद्यमीगण सुधीर मेहरोत्रा, संजय बंसत सहित अन्य उद्यमीगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा बिसवां में एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत स्थापित कॉमन फैसिलटी सेंटर (सीएफसी) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा डिस्प्ले सेंटर, कॉमन प्रोसेसिंग सेंटर, रॉ मटेरियल बैंक, डिजाइन एवं सैम्पलिंग सेंटर का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सीएफसी के अध्यक्षसचिव एवं सदस्यों तथा निर्यातकों के साथ बैठक कर सामान्य जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने ओडीओपी कंसल्टेंट को सीएफसी के सफल संचालन हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। सीएफसी के निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, विवेक गुप्ता, रफीक अहमद एवं शुभम जोनल कंसल्टेंट सहित सीएफसी के सदस्य उपस्थित रहे।

## लौह पुरुष की जयंती पर एकता पदयात्रा आयोजित



हरगांव (सीतापुर)। देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती अभियान के अंतर्गत हरगांव विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा मुख्यतः भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय हरगांव विधायक व प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही जिला प्रभारी नीरज सिंह व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में निकाली गई।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्रीः अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती श्रद्धा केसाथ मना रही है।ऐसे में देश अपने लौह पुरुष को श्रद्धांजलि समर्पित कर रहा है।साथ ही महापुरुषों के सम्मान की सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ रही है जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुरूप देश में सभी महापुरुषों के सम्मान और उनके बताए मार्ग पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने का कार्य निरंतर गतिशील है।जिसमें भारत का बच्चा-बच्चा जुड़ता जा रहा है।और अखंड भारत ही सरदार साहब का विजन था।हम सब उनके सम्मान को सर माथे रखकर भारत मां की सेवा का कार्य कर रहे हैं।प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री व हरगांव विधायक सुरेश राही ने बताया कि एकता पदयात्रा देश व प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही है आज मेरी कर्मभूमि हरगांव विधानसभा में यह यात्रा निकाली गई है और यहां के लोगों ने इसे सफल बनाया है इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की यह खूबसूरती है कि यह प्रत्येक महापुरुष का सम्मान करने वाली पार्टी है।ऐसे में सरदार साहब का यह सम्मान प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का विषय है।कार्यक्रम को जिला प्रभारी नीरज सिंह ने संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा भारतवर्ष को दिए गए अतुल योगदान जिसमें 562 रियासतों को भारत में विलय किये जाने के विषय पर विस्तार से अपना विचार रखा।

## साइबर फ्रॉड का मामला, बीसी प्वाइंट संचालक बने ठगी का शिकार

फतेहपुर। थाना असोथर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिठवां में बीसी प्वाइंट चलाने वाले एक व्यक्ति के खाते में साइबर फ्रॉड से जुड़ी रकम डलवाकर दो युवकों ने ठगी कर ली। मामला सामने आने पर खाते को बैंक ने होल्ड कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रिठवां निवासी रूपा देवी पत्नी राजबिन्दु ने थाना असोथर में तहरीर देकर बताया कि उनके पति राजबिन्दु पुत्र रामनारायण ग्राम में बीसी प्वाइंट संचालित करते हैं। दिनांक 1 नवंबर 2025 को ग्राम बेरूई निवासी उमेश पुत्र शिवराज तथा राजकरन पुत्र श्यामपाल पासी उनके प्वाइंट पर आए और बोले कि ह्लउमेश की बहन की तबियत बहुत खराब है, हमें तत्काल कुछ पैसों की जरूरत है। हम आपके अकाउंट में वढकसे पैसे डलवा रहे हैं, आप हमें कैश दे दीजिए।उनकी बातों पर भरोसा करते हुए राजबिन्दु ने पैसे दे दिए। आरोप है कि राजकरन ने पहले प्राथीर्नी के खाते में ?17,170 और कुछ देर बाद ?4,000 रुपये भेजे।इसके बाद प्राथीर्नी के पति ने दोनों को उक्त राशि नकद दे दी। अगले दिन जब राजबिन्दु बैंक गए तो बैंक कर्मियों ने बताया कि उनका खाता साइबर फ्रॉड से संबंधित ट्रांजैक्शन में आया है, जिसके चलते खाता होल्ड कर दिया गया है।इस पर पीड़िता रूपा देवी ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों उमेश और राजकरन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच उपनिरीक्षक वीर सिंह को सौंपी गई है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लेखपाल संघ के चुनाव में अध्यक्ष नन्दलाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशान्त पांडे निर्विरोध निर्वाचित

उन्नाव।पुरवा में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उन्नाव की शाखा पुरवा का निर्वाचन तहसील पुरवा के सभागार में निर्वाचन अधिकारी मत्स्येन्द्र सिंह व प्रेक्षक बृजेश प्रताप सिंह के द्वारा निर्वाचन सम्पन्न हुआ।जिसमें तहसील के समस्त लेखपालों ने प्रतिभाग




किया, निर्वाचन में पदाधिकारी तहसील कार्यकारिणी पुरवा में घोषित किये गये। जिसमें तहसील अध्यक्ष नन्दलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशान्त पांडे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार, मंत्री अरुण कुशवाहा, उपमंत्री अखिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष अंशू शुक्ला, आडिटर अमलता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सभी तहसील के लेखपाल सहित अन्य सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश



फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत पैरामीटरों की स्थिति, लर्निंग लैब की प्रगति, पोषाहार व पुष्टाहार वितरण, एनआरसी में बच्चों की भर्ती, पोषण ट्रैकर, गृह भ्रमण, वजन फीडिंग, हॉट कुक्ड मील योजना एवं ई-कवच रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिला कार्यक्रम अधिकारी की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण तलब किया।

जिलाधिकारी ने विकासखंड मलवा व भिटौरा के नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर संबंधित सीडीपीओ से जवाब माँगा। साथ ही निमार्णाधीन केन्द्रों का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी संकेतकों पर संतृप्त किया जाए।सीएमएस को निर्देश दिया गया कि एनआरसी में बच्चों की भर्ती प्रक्रिया पर शासनादेश के अनुसार लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बीएचएनडी सत्रों में महिलाओं, बच्चों व किशोरियों की जांचें एवं स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वजन-लंबाई का अंकन अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती, धात्री महिलाएं, किशोरियाँ और बच्चे समय से पोषाहार प्राप्त करें तथा पोषण ट्रैकर व ई-कवच पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग समय पर की जाए।सैम/मैम बच्चों के चिन्हीकरण और उन्हें शासन की सुविधाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए, ताकि उनका पोषण स्तर सुधारा जा सके। आरबीएसके टीम की जांच, उपस्थिति, बीमारी और उपचार से संबंधित जानकारी का उचित रिकॉर्ड बनाए जाने पर भी जोर दिया गया।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, अधिशाषी अभियंता आरईएस, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और सभी सीडीपीओ उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद ने अधिवक्ता संदीप टंडन की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



उन्नाव। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन ने देश के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अपने पति स्वर्गीय संदीप टंडन की 76वीं जयंती पर उन्नाव में श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संदीप की समाजसेवी सोच ने मुझे सदैव प्रेरित किया है कि समाज के अंतिम, निरीह, दुखी और गरीब व्यक्ति की सहायता करना ही सच्ची सेवा है। स्व. संदीप टंडन की स्मृति में अन्नू टंडन ने उन्नाव जिले की गरीब, असहाय एवं विधवा पात्रों रमा रावत, रीता लोधी, सरला पाल, गुड़िया कुशवाहा, शिखा पांडे, गीता राठौर तथा सविता पाल को दुधारू गायें दान कीं।इनमें से कुछ महिलाओं के पति की मृत्यु पिछले एक वर्ष में हुई थी, जबकि कुछ के पति कई वर्ष पूर्व गुजर चुके थे, जिससे उनके नाबालिग बच्चों सहित परिवारों के भरण-पोषण में कठिनाई उत्पन्न हो गई थी। स्व संदीप टंडन को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों ने प्रमुख रूप से वीर प्रताप सिंह, नीरू टंडन, अनूप मेहरोत्रा, बार अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, बार के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, अंकित सिंह परिहार, विवेक शुक्ला, बार पूर्व महामंत्री हृदय प्रकाश, अमित शुक्ला, अजय श्रीवास्तव एड, सरोज रावत, राजकुमार लोधी, संजय निगम, दीपक श्रीवास्तव, अखंड प्रताप सिंह, राजबहादुर चैहान, राम स्वरूप गौतम, बलराम रावत, राजेश पासवान, देवेंद्र बाजपेई, पवन मिश्रा, कुलदीप पाल, राजेश टंडन, वैष्णव शर्मा, सुजीत पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

## डंपर की टक्कर में कई घायल, इलाज जारी

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के सुमेरपुर के खरही रामपुर पुल के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कानपुर की ओर जा रहे अपाचे बाइक चालक व बैठे युवक अमरेंद्र कुमार पुत्र शिव बालक, रोहित कुमार पुत्र सुरजनाथ निवासी ग्राम छेदा खेड़ा साराय मनिहार जो चचेरे भाई थे ओवरलोड गिट्टी से भरे डंपर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भगवंतनगर की ओर से आ रहा डंपर तेज रफ्तार में था और उसने सामने चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सुमेरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घटना कर भाग रहे ट्रक व उसके चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तथा घटना को लेकर अमरेंद्र कुमार के भाई शिवेंद्र कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। घायल की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम छेदा खेड़ा सराय मनिहार निवासी अमरेंद्र कुमार लोधी पुत्र शिव बालक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमरेंद्र कुमार लोधी उम्र 21 वर्ष हैलट अस्पताल कानपुर में कार्यरत हैं और सुबह करीब 7 बजे अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। बाइक में बैठे उसी गांव निवासी रोहित पुत्र सुर्जनाथ 19 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डंपर को कब्जे में लिया है और चालक फरार बताया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

## प्रगतिशील स्वर्ण महासंघ की स्थापना समारोह का किया गया आयोजन

सीतापुर। नगर पंचायत सभागार में प्रगतिशील स्वर्ण महासंघ की स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री लालजी निर्मल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महासंघ का उद्देश्य समाज के गरीब, दलित और वंचित वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। जिसके लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। लालजी निर्मल ने दिल्ली में हुई कार बम धमाके की घटना को दुखद बताया और कहा कि दोषियों का समूल नाश किया जाएगा।

## खाटू श्याम का विशाल जागरण संपन्न



उन्नाव। राजा जागरण एवं झांकी पार्टी के द्वारा श्री खाटू श्याम जी का भव्य जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम सर्वसनातन उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला एवं समिति पदाधिकारियों के द्वारा राम कुमार शुक्ला के आवास पर संपन्न हुआ। बाबा के जागरण में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। बाबा खाटू श्याम जी का गुणगान सुनकर एवं झांकियां देख कर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए तथा बाबा के जयकारों से एवं तालिया के गड़गड़ाहट से पंडाल गूंजायमान हो उठा। इस कार्यक्रम में आए हुए विशिष्ट अतिथियों में आलोक शुक्ला सनातन उत्थान सेवा समित के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग शुक्ला विधानसभा युवा अध्यक्ष आदर्श अवस्थी सतीश शुक्ला नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा को सम्मानित किया गया।

## थाना प्रभारी ने किसानों व छात्रों से किया संवाद



तंबौर/सीतापुरः थाना तंबौर के थानाध्यक्ष ब्रजेश राय द्वारा किसानों और कृषि वर्ग के छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्राम प्रधानों, किसानों तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान ब्रजेश राय ने किसानों से पराली न जलाने की अपील की और पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं मृदा संबंधी नुकसान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम होती है और उसमें मौजूद केंचुए व उपयोगी जीव मर जाते हैं, जिससे भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है।इस अवसर पर उपस्थित कृषि विशेषज्ञों ने भी किसानों को पराली के प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों और उसके उपयोगी विकल्पों की जानकारी दी। ब्रजेश राय ने छात्रों से संवाद करते हुए कृषि शिक्षा के महत्व पर बल दिया और उनके सवालों के जवाब भी दिए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल एसडीएम लहरपुर आकांक्षा गौतम ने थाना प्रभारी ब्रजेश राय की इस पहल की सराहना की। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली न जलाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें।कार्यक्रम के अंत में एसडीएम आकांक्षा गौतम और ब्रजेश राय ने किसानों को बीज एवं पौधों के सैंपल वितरित किए। इस अवसर पर अनुपम वर्मा, जय कुमार वर्मा, सलिल श्रीवास्तव, जईम खान, रेहान खान (पत्रकार), राजकिशोर प्रधान, जुनेद प्रधान, नबी अहमद प्रधान, सुयश श्रीवास्तव, सर्वेश तिवारी प्रधान, अमित सिंह, शुभम भटनागर, मो. फारूक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने तहसील सिधौली के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील सिधौली के फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग आदि पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण करते हुये



सभी पुराने आवश्यक दस्तावेजों को गहनतापूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलदार के न्यायालय में जो भी कब्जा संबंधी लम्बित वाद चल रहे हैं। उनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये, कोई भी कब्जा संबंधी वाद अधिक समय लम्बित न रखा जाये। इसका मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि निरन्तर न्यायालय में बैठें, जिससे कोई भी वाद लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि निरन्तर जनसुनवाई करते रहें। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि साफ-सफाई निरन्तर कराते रहें। आईजीआरएस0 पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की एवं शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राउंड टेबल 318 और लेडीज सर्कल 176 बच्चों के सपनों को दे रहे नयी उड़ान




जिला संवाददाता

सीतापुर। शहर के सामाजिक सेवा क्षेत्र में दो नाम लगातार प्रेरणा बनकर उभर रहे हैं कृ सीतापुर राउंड टेबल 318 और सीतापुर लेडीज सर्कल 176। शिक्षा, स्वास्थ्य और बाल विकास की दिशा में इन संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्य न केवल सराहनीय हैं, बल्कि समाज में एक नई राह भी दिखा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष पुलकित सिंघानिया और अध्यक्षा सर्क. आस्था अग्रवाल के मार्गदर्शन में, बीते वर्षों में कई ऐसे कार्य हुए हैं जिन्होंने जरूरतमंद बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, आंखों में सपनों की चमक इसी सेवाभाव की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज संस्था द्वारा बच्चों को लेखन-सामग्रीस्टेशनरी वितरित की गई। इसके बाद बच्चों के मनोरंजन और प्रेरणा के लिए चर्चित फिल्म ह्यह्यबाहुबली द एपिकह्य दिखाई गई, जिसे बच्चों ने उत्साह और तालियों के साथ देखा।

### अब खेल के मैदान में होगी नयी ऊर्जा

संस्था ने बताया कि 13 नवंबर को एक भव्य खेल प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और खेल कौशल को बढ़ाना है।

### पर्यावरण की दिशा में भी बढ़ा कदम

भविष्य की योजनाओं में विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने का संकल्प लिया गया है, जिससे बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सकेगा।सीतापुर राउंड टेबल 318 और सीतापुर लेडीज सर्कल 176 का यह अभियान केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की गाथा है। इनके प्रयास यह संदेश देते हैं कि यदि इरादे मजबूत हों, तो हर बच्चे के भविष्य में नई रोशनी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में मानद सदस्य आशीष सिंघानिया, डॉ. हर्षित रस्तोगी, हिमांक दोदेजा, कोमल सिंघानिया एवं दीपिका रस्तोगी मौजूद रहे। सभी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### संस्था ने अब तक किए गए प्रमुख कार्य -

बच्चों के लिए 8 नई कक्षाओं का निर्माण, सुरक्षा जागरूकता हेतु ह्यह्यअच्छा स्पर्श बुरा स्पर्शह्यह्य कार्यक्रम, शुद्ध जल के लिए जल शोधक यंत्र की स्थापना, खेल को बढ़ावा देने हेतु झूले और खेल सामग्री की व्यवस्था, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों को उपहार और सामग्री वितरण, निःशुल्क नेत्र जांच शिविर व चश्मा वितरण, शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का सम्मान, कम्प्यूटर सेट्स की उपलब्धता, लगभग 150 बच्चों के लिए फिल्म प्रदर्शन कार्यक्रम जैसे सार्थक प्रयास शामिल हैं।

## निर्माणाधीन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जायेः जिलाधिकारी

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के अंतर्गत आवश्यक व्यवस्थाओं, विकास कार्यों, संचालित योजनाओं आदि की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निमार्णाधीन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। अनारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए दिए सभी नगरीय निकायों में रिकॉर्ड अद्यतन रखे जाये तथा रिकॉर्ड ऑनलाइन कराए जाने के सम्बन्ध में भी समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। सभी अधिशाषी अधिकारी प्रत्येक सप्ताह कम से कम तीन वार्ड अवश्य निरीक्षण करें। विशेष रूप से सुबह अथवा सायं के समय निरीक्षण अवश्य किया जाये तथा स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्था का गहन निरीक्षण करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाये। प्रस्तावित कार्यों का समय से स्टीमेट प्रेषित कराया जाये। सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए नियमित रूप से संचालन किया जाये। ??कर करेत्तर राजस्व की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकायों में टॉप 20 बकायेदारों को चिन्हित करते हुए इसे नगर पालिका कार्यालय में प्रदर्शित किया जाय। नगरीय निकायों के गैर कर राजस्व में वृद्धि करने हेतु पीपीपी मॉडल पर कार्ययोजना बनाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। नियमानुसार वेडिंग जोन, एडवर्टाइजिंग प्वाइंट, टैक्सी स्टैंड आदि की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, वंदन योजना, नगरीय झील तालाब पोखर योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, सीवरेज एवं जल निकासी योजना आदि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समस्त योजनाओं के अंतर्गत कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी दिए। ??बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य उत्पादों में चौहान स्वीट्स ने हासिल किया प्रथम स्थान

फतेहपुर सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्धारयोजनान्तर्गत जनपद स्तरीय श्री अन्न मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता कार्यक्रम के साथ नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल ऑयल सीड्स योजना के अर्न्तगत तिलहन गेला, फसल अवशेष गोष्ठी एवं स्वी उत्पादकता गोष्ठी-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पवन कुमार गीना, मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता में जनपद के 05 होटल रेस्टोरेन्टों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें हाइड आउट स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट, मुखलाल स्वीट हाउस, रामा स्वीट हाउस, द्विवेदी रेस्टोरेन्ट एवं चौहान स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट जनपद फतेहपुर के शेफ कुक के द्वारा मिलेट्स रेसीपी को तैयार कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल द्वारा मिलेट्स उत्पादों की रेसीपी तैयार किये जाने में उत्कृष्ट खाद्य उत्पादों में प्रथम स्थान- चौहान स्वीट्स बाकरगंज, फतेहपुर, द्वितीय स्थान- रामा स्वीट हाउस, जी०टी०रोड, फतेहपुर एवं तृतीय स्थान- मुखलाल स्वीट हाउस, जी०टी०रोड, फतेहपुर को घोषित कर प्रसस्ति पत्र देकर एवं अन्य प्रतिभागी रेस्टोरेन्ट हाइड आउट स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट, बुलेट चौराहा, फतेहपुर एवं द्विवेदी स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट को भी सांन्त्वना पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संक्षेप

## रील बनाने के प्रयास में ट्रैक्टर से गिरा, गयी जान

ललितपुर। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के लिए तमाम हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं। जिससे कभी-कभी लोगों की जान पर आफत बन आती है। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है, जिसमें सोशल मीडिया के ब्लॉगर पर एफआईआर दर्ज की गयी है। निकटवर्ती ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी अनिल पुत्र राजाराम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई 19 वर्षीय नीलेश पुत्र राजाराम वीडियो बनाने का काम करता था। बताया कि 10 नवम्बर को ग्राम कल्यानपुरा निवासी लोकेन्द्र सिंह पुत्र राजाराम राजपूत ने उसके भाई नीलेश को स्टण्ट करते हुये रील बनाने के लिए बुलाया। नीलेश अपने भाई अनिल के साथ मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.बी. 8707 पर सवार होकर कल्यानपुरा गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई नीलेश को लोकेन्द्र सिंह ने अपने ट्रैक्टर जोन्डियर के इंजन के पीछे की सीट पर बैठाकर तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चला दिया, जिससे उसका भाई नीलेश जमीन पर गिर पड़ा और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। वह अपने भाई को उठाकर तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने नीलेश को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। अनिल अहिरवार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने लोकेन्द्र सिंह राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मानस सम्मेलन 15 नवंबर से स्टेशन परिसर में

बांदा। शहर के रेलवे स्टेशन परिसर में मानस सम्मेलन 15 नवंबर से प्रारंभ होगा। श्रीरामचरित मानस सम्मेलन समिति के सचिव राजकुमार बाजपेयी, विद्यासागर द्विवेदी ने बताया कि यह आयोजन 19 नवंबर तक चलेगा। सम्मेलन में संत मदनगोपालदास प्रमुखद्वार चित्रकूटधाम, आदित्य त्रिपाठी सतना, संत रमेशदास नागा हनुमानगढ़ी अयोध्या, संत रामदेवदास गौरीगंज अमेठी, अखिलेशमणि शांडिल्य देवरिया आश्रम, धर्मराज शास्त्री विंध्याचल, साध्वी उमा तिवारी करेली नरसिंहपुर मुख्य वक्ता होंगे। सम्मेलन का शुभारंभ राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल, विधायक प्रकाश द्विवेदी, ओममणि वर्मा व आयुक्त अजीत कुमार करेंगे। मंडल रेल प्रबंधन के प्रतिनिधि अपर डीआरएम के भी आने की स्वीकृति मिल चुकी है।

## यातायात पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स ने किया जागरूक

ललितपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चैराहो पर बिना हेलमेट, तीन सवारी, प्रेशर हॉर्न, बिना नंबर प्लेट, मोडिफाइड साइलेंसर, ओवरहाइट वाहनों के विरुद्ध चलाया गया चेकिंग अभियान चलाया गया। टेजफिक पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स के साथ शहर के वर्णी चैराहे पर अभियान चलाया। जागरूकता अभियान के दौरान आम जनमानस को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया।

# दिल्ली में धमाके के बाद जनपद में हाई अलर्ट

### डीएम-एसपी ने दलबल के साथ चलाया सघन चेकिंग अभियान



ललितपुर। राजधानी दिल्ली कार ब्लास्ट होने के बाद यूपी समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। इसके मद्देनजर देर रात तक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड के अलावा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच कर गहनता से जांच-पड़ताल की। स्टेशन पर यात्रियों की जांच कर उनके सामान की भी यंत्रों से गहनता पूर्वक जांच की गयी। हालांकि किसी अधिकारी का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन प्रशासन व पुलिस महकमे के अचानक चले इस अभियान से कयास पुख्ता हो रहे थे कि दिल्ली कार धमाके के बाद हाई अलर्ट के चलते जांच-पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में हुये धमाके के बाद से तमाम चचाओं का बाजार तेजी से गर्म हो उठा। ऐतिहातन भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश समेत कई महत्वपूर्ण राज्यों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। हाई अलर्ट घोषित होते ही ललितपुर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक दलबल के साथ शहर भर में भीड़भाड़ वाले इलाकों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड पहुंचे, यहां उन्होंने आने जाने वालों के साथ वहां घूम रहे लोगों से पूछताछ की और उनके सामान की गहनता से जांच-पड़ताल की। रेलवे स्टेशन पर स्पेशल फोर्स के साथ यात्रियों की जांच की गयी। संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए डिटेक्ट डिवाइस का भी प्रयोग किया गया। डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से जांच करते हुये आमजन की सुरक्षा को सर्वोपरि बताया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार, एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सहायक अभियंताओं सहित जेई से गाली गलौज कर धमकाने के खिलाफ धरना जारी



ललितपुर। सिंचाई निर्माण खण्ड द्वितीय में तैनात अधिशाषी अभियंता (द्वैत कार्यभार) छत्रपति सिंह के खिलाफ मनमानी, शिकायत वापस लेने, धमकाने और अवैध धन की मांग करते हुये अभद्रता कर गालियां देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये उ.प्र. सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ व उ.प्र. सिंचाई विभाग सहायक अभियन्ता संघ के संयुक्त तत्वाधान में चैथे दिन भी धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहा। मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे अधीनस्थों ने बताया कि 3 जुलाई 2023 को अधिशाषी अभियंता के खिलाफ शिकायत की गयी थी, जिसे वापस लेने के लिए अब धमकाते हुये दबाव बनाया जा रहा है। इसके अलावा अवैध धन की मांग, गाली-गलौज व अभद्रता की जा रही है। ऐसी दूषित कार्यप्रणाली के विरोध में बीती 7 नवम्बर से लगातार प्रदर्शन जारी है। इस सम्बन्ध में बीती 27 अक्टूबर 2025 को मुख्य अभियन्ता (परियोजना-बेतवा) झांसी एवं अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मण्डल झांसी के समक्ष साक्ष्यों सहित लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन कार्यवाही न होने से प्रदर्शन किया जा रहा है। अधीनस्थ कर्मियों ने अधिशाषी अभियंता के द्वैत कार्यभार को तत्काल समाप्त किये जाने अन्यथा अधीनस्थों को तत्काल अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी गयी है। इस दौरान सहायक अभियंता रीतेश बंसल, इंजी. मुराद खान, सहायक अभियंता पंकज सिंघल, इंजी.विपिन कुमार, सहायक अभियंता दिलशाद हुसैन, इंजी. रमाकांत वर्मा, इंजी. पूजा कुमारी, इंजी. रेशमा अहिरवार, इंजी.रौली याज्ञनिक, इंजी. कालका प्रसाद, इंजी. बृजेश सिंह, इंजी. विनोद कुमार, इंजी. विकास दी, इंजी. विजय सिंह, इंजी. राजेन्द्र बाबू, इंजी. देवकुमार, इंजी. अरूण कुमार, इंजी.ओमप्रकाश, इंजी. पंकज सेन, इंजी. शैलेन्द्र सिंह, इंजी. सुरेन्द्र अहिरवार, के अलावा अन्य इंजीनियर्स मौजूद रहे।

## 9717 वाहनों का चालान, 1.16 करोड़ जुर्माना



बांदा। जिले में दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रैलियों, नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्मों, पंपलेट के जरिए लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाने तथा दूसरी सवारी को भी हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की नसीहत दी जा रही है। वाहन चालकों को बताया जा रहा है कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानून की दृष्टि से जरूरी है बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस लगातार अनेक स्थानों पर चेकिंग कर रही है। इसके अलावा कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय किए गये हैं। यातायात के उल्लंघन में बीते 1 नवंबर से अब तक 9717 वाहनों का चालान कर 1 करोड़ 16 लाख 52 हजार से अधिक का जुर्माना किया गया है। इसमें सबसे अधिक बिना हेलमेट के 8219, बिना सीट बेल्ट 298 बगैर ड्राइविंग लाइसेंस 354, मोबाइल पर बात करने वाले 98, तीन सवारी के 539 वाहन, नो पार्किंग स्थल पर 383 वाहन, गलत नंबर प्लेट 165 वाहन, अधिक गति वाले 13, काली फिल्म लगे 26 वाहन और नशे में वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालक शामिल हैं। इस दौरान बिना वैध परिपत्र के 15 वाहनों को सीज किया गया है।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण से मजबूत होगा लोकतंत्र : उत्तम सक्सेना



बांदा। मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के जरिए अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिए भाजपा ने कार्यकताओं को सहयोग करने का निर्देश दिया है। नरैनी विधानसभा भाजपा की कार्यशाला मण्डल अध्यक्ष आदित्य चतुर्वेदी की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मतदाता पुनरीक्षण अभियान के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना ने कहा कि 4 नवम्बर से शुरू हुए इस कार्यक्रम में सभी को सक्रियता निभानी है। गहन पुनरीक्षण से लोकतंत्र मजबूत होगा, पात्र व्यक्तियों को वोटर लिस्ट से जोड़ना भाजपा का संकल्प है। पदाधिकारी व कार्यकत्रा बूथ से लेकर शक्तिकेंद्र तक टीम बनाकर काम करें जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रवासी व बी एल ए - 2 की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बी एल ओ के साथ प्रत्येक बूथ पर जाकर एक-एक घर पहुंचकर प्रत्येक सदस्य को मतदाता बनाना है ताकि शत प्रतिशत नाम सूची में शामिल हो सकें। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने कहा कि सभी को 2003 व 2025 की मतदाता सूची का ध्यान से मिलान करते हुए लोगों को जागरूक करना है जिससे शुद्ध सूची बनकर तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस अभियान में भागीदारी कर वास्तविक मतदाता सूची का निर्माण करें जिससे लोकतंत्र मजबूत हो और कोई भी मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न हो सके। बबेरू विधानसभा प्रत्याशी रहे अजय पटेल ने कहा कि कार्यकत्रा अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस सघन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें। कार्यशाला में जिला मंत्री देवेंद्र सिंह भदौरिया, राकेश मिश्रा, दिलीप राजपूत, मण्डल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह, आशीष अनुरागी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, भरत कोटार्य हरीराम चारुवेदी, आत्माराम शुक्ला, राममूर्ती उपाध्याय, राजकिशोर बाजपेई, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## रबर पाथ निर्माण में मानकों की अनदेखी, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

### पूर्व में कम्पनी बाग के बाहर भी हुआ था अधोमानक कार्य

ललितपुर। शहर के मध्य स्थित चन्द्रशेखर आजाद उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) के दो पार्क स्थानों पर किया जा रहा। रबर पाथ के निर्माण में मानकों व गुणवत्ता की किस कदर धज्जियां उड़ायी जा रहीं हैं, इसका जीवन्त उदाहरण कम्पनी बाग में देखा जा सकता है। जिम्मेवारों द्वारा निगरानी न करने के चलते किये जा रहे घटिया निर्माण से शासन को राजस्व की बेखौफ होकर हानि पहुंचायी जा रही है। ऐसा ही ताजा मामला कम्पनी बाग में देखने को मिल रहा है। यहां नियमों को ताक पर रखकर कराये जा रहे रबर पाथ निर्माण में मानकों व गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं। जनहित में यहां आने वाले लोगों ने जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करायी जाकर ठेकेदार व कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पूर्व में कम्पनी बाग के बाहर लाखों रूपयों का अधोमानक कार्य कराया जा चुका है। नगर के बीचों-बीच स्थित चन्द्रशेखर आजाद उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) में सुबह-शाम घूमने आने वाले लोगों की सेहत सुधारने के लिए पहले से पथ बना हुआ है, जो कि करीब 300 मीटर का है। इसके अलावा एक्यूपंचर पद्धति से भी एक घेरा बना हुआ है, जिसमें लोग सेहत को बेहतर बना रहे हैं। लेकिन इसी बीच योग चबूतरा के पास खाली पड़े पार्क में रबर पाथ का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। इस रबर पाथ के निर्माण को मजबूती से कराये जाने के बजाय कच्ची मिट्टी के ऊपर मानकों की अनदेखी करते हुये सीमेंट, गिट्टी के अलावा निम्न स्तर की डस्ट को डाला जा रहा है, जिससे रवर पाथ की गुणवत्ता कच्ची मिट्टी होने के चलते कुछ ही समय में खराब होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं, जिससे लोगों को रबर पाथ का लाभ नहीं मिल सकेगा और सरकार को भी राजस्व की हानि पहुंचेगी। वहीं अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि अवर अभियंता को मौके पर भेजकर गुणवत्ता व मानकों की जांच करायी जायेगी।

## आग से बचाव के लिए मेडिकल कॉलेज में मॉकड्रिल



ललितपुर। आकस्मिक आग लगने की घटनाओं से निपटने के लिए जिला महिला चिकित्सालय सम्ब्द्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायर मैन राकेश कुमार एवं मदन कुमार ने चिकित्सालय परिसर में उपस्थित चिकित्सा शिक्षकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों, मरीजों तथा तीमारदारों को अग्नि सुरक्षा के नियम बताये तथा किसी भी तरह की आगजनी, शार्टसर्किट व आग लगने की स्थिति में बिना घबराए मरीजों, जान माल को सुरक्षित कैसे किया जाय विस्तार से समझाया। मेडिकल कालेज के अग्नि सुरक्षा के प्रभारी अधिकारी डॉ मनीष कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के चिकित्सालय में पानी की निर्वहन पाइप लाइन की व्यवस्था है साथ ही जगह जगह अग्निशामक यंत्र रखे हुए हैं। अग्निशमन संयंत्रों की विशेष व्यवस्था है। मेडिकल कॉलेज में किसी भी तरह की आग लगने की स्थिति में मौके पर उपलब्ध अग्निशामक ( फायरस्टिंगयुशर) का प्रयोग किस प्रकार करना है यह विस्तार से समझाया। जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ श्रीमति आरती सिंह ने आग से बचाव एवं आग लगने पर उत्पन्न धुंए से अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा किस प्रकार करें, के बारे में विस्तार से जानकारियां दीं। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला ने बताया की उपलब्ध अग्निशामक अलग-अलग तरह की आग में प्रयोग में लाए जाते हैं जैसे यदि आग शॉर्ट सर्किट से लगी हो तो कभी भी उस पर पानी नहीं डालना चाहिए तथा जिस अग्निशामक यंत्र से पाउडर के रूप में आग बुझाने का पदार्थ निकलता है उसका प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया की यदि आग लकड़ी व कागज में लगी हो तो उस पर पानी का प्रयोग किया जा सकता है। जब भी भवन में आग लगी हो तो कभी भी ऊपर की ओर नहीं जाना चाहिए सभी लोगों को ऊपर की मंजिलों से नीचे उतर की तरफ आना चाहिए तथा कहीं सुरक्षित स्थान पर एकत्र होना चाहिए क्योंकि आग लगने के बाद धुआं ऊपर की ओर जाता है जिससे यदि ऊपर मरीज या कोई अन्य उपस्थित है तो धुएं के कारण उसका दम घुट सकता है। इसलिए आग लगने पर हमें सावधान रहना चाहिए तथा उस स्थान से अन्य कहीं हट जाना चाहिए। साथ ही प्रधानाचार्य द्वारा कहा गया कि मेडिकल कॉलेज मैं अग्निशमन संयंत्र उपलब्ध है, अगर किसी तरह की आगजनी की घटना होती है तो हम उससे निपटने में समर्थ है।

## प्रशासन की शह पर चल रहे प्राइवेट वाहन, सीएम को पत्र



बांदा। रोडवेज कर्मचारी संघ के मंडलीय मंत्री पवन कुमार ने आयुक्त कार्यालय में प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि लगभग प्रति बस 25 हजार रुपये हर माह अतिरिक्त कर के रूप में शासन को प्रदेश भर से महीने की पहली तारीख को जमा किया जाता है जबकि प्राइवेट वाहन बिना परमिट के सभी राष्ट्रीयकृत मार्गों में प्रशासन की मिलीभगत से चल रहे हैं। बिना नियमावली के किराया लेते हैं और अधिक स्पीड से चलते हैं। इससे दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक होती है। डग्गामार वाहनों के चलते राजस्व की हानि होती हैं। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने मोटर एक्ट में संशोधन कर यात्री बसों में मानक निर्धारित किया था। सभी बसों के लगेज कैरियर उतार दिए गए जबकि प्राइवेट वाहनों में आज भी लगे हैं। यात्री उठाने में जिला प्रशासन के निर्देश हैं कि शहर के बाबूलाल चैराहा में कोई बस खड़ी नहीं होगी, परन्तु प्राइवेट वाहन दिनभर संचालित होते हैं, काफी देर तक खड़े रहते हैं। जिला प्रशासन व यातायात विभाग मूकदर्शक बना देखता रहता है। क्षेत्रीय मंत्री ने कहा कि ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री और अन्य उच्चाधिकारियों को भेजी है।

## दिल्ली कार ब्लॉस्ट के बाद पुलिस ने चलाया सघन चेंकिग अभियान




बिजनौर। दिल्ली स्थित लाल किला एरिया में सोमवार की शाम कार ब्लास्ट होने से 12 लोगों की मौत हो गयी और दर्जनों घायल हैं। ब्लास्ट के बाद बिजनौर में भी पुलिस महकमे ने अलर्ट जारी कर दिया। सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किला के पास एक कर में धमाका हुआ है जिसमें दर्जनभर लोगों की जान चली गई है। घटना के बाद से देश भर में अलर्ट जारी हो गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर पूरे जनपद में पुलिस ने सोमवार की रात्रि से ही रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस द्वारा बिजनौर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान वहां मौजूद यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। इसके साथ ही स्टेशन पर बेवजह घूमने वाले लोगों को हिदायत देकर छोड दिया। बिजनौर जिले में पुलिस देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर जाकर चेकिंग करती रही। उधर सीओ नगीना अंजनी कुमार ने पुलिस टीम के साथ नगीना रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध लोगों की तलाश में अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों और यात्रियों के सामान की गहन जांच की। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन के आसपास भी पुलिस टीम ने सघन तलाशी अभियान जारी रखा। सीओ अंजनी कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। दिल्ली में जिस कार में ये ब्लास्ट हुआ हैं वह कार हरियाणा नंबर की थी और उसने कई अन्य गाड़ियों को भी अपनी चपेट में लिया। पुलिस ने कार बेचने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है। घटना मे अब तक लगभग 12 लोगों के जान जाने की पुष्टि हो चुकी हैं।

## अपहरण का प्रयास करने के मामले में वांछित गिरफ्तार

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र में विगत माह पहले व्यापारी को दुकान छोड ? का झांसा देकर अपहरण करने का प्रयास करने, तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। प्रकरण में वांछित चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने पकड ? में सफलता हांसिल की है। गौरतलब है कि एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देश, एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह, सीओ पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में नाराहट पुलिस ने दर्ज मामला धारा 140 (3), 351 (3) बीएनएस के मामले में मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी अंतर्गत थाना पृथ्वीपुर के मोहल्ला नाले की बस्ती निवासी कल्लू आदिवासी पुत्र बाबूलाल को हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व मौके का गहनता से निरीक्षण उपरान्त सभी टेक्निकली और मैन्यूअल साक्ष्यों के आधार पर चार टीमों का गठन कर जांच की गयी थी। प्रकरण के पटाक्षेप को लेकर अलग-अलग थानों, चैकियों की पुलिस फोर्स के अलावा सर्विलांस और स्वाट टीम भी जुटी हुयी थी। जल्द खुलासे को लेकर पुलिस ने ललितपुर, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, ओरछा/निवाड़ी व जनपद झांसी के करीब 300 कि.मी. के दायरे में लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिससे संदिग्धों की पहचान करायी गयी।

## कानून व्यवस्था को डीएम, एसपी ने दिए मातहतों को निर्देश



बांदा। कानून व्यवस्था को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कानून व्यवस्था एवं आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए गांवों व कस्बों में पुलिस एवं प्रशासन को सतर्क नजर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को संयुक्त रूप से भ्रमण करने और आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं थाना समाधान दिवस में मिले शिकायती आवेदनों का समय पर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये। डीएम जे0 रीभा ने जिले में लगने वाले मेलों एवं त्यौहार के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं उप जिलाधिकारी को क्षेत्र में भ्रमण कर कानून व्यवस्था पर पैनी निगाह रखने के निर्देश दिये साथ ही लगातार क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाये जाने एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सिमौनी मेले के आयोजन के लिए पुलिस एवं प्रशासन की व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा अवैध सम्पत्ति अर्जित करने वालों को चिन्हित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध खनन, परिवहन एवं ओवर लोडिंग पर संयुक्त रूप से कार्यवाही किये जाने के निर्देश पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को दिये। डीएम ने कस्बों एवं दुर्घटना वाले स्थलों पर नो इंट्री का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने तथा आवश्यकतानुसार भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने भी कानून व्यवस्था को चुश्त रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को लगातार समन्वय बनाये रखने एवं संयुक्त रूप से क्षेत्रों का आकस्मिक भ्रमण करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

- समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये



**बिजनौर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह द्वारा विकासखंड नूरपुर के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने बीते दिन महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है व 5 महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम किया गया, व 16 महिलाओं द्वारा अपनी अपनी समस्याओं को प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल दुबे, वन स्टॉप सेंटर पैरामेडिकल स्टॉफ नाज परवीन, शुभम चैधरी द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। इस दौरान सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह द्वारा बाद में ग्राम राहुनगली विकासखंड नूरपुर में महिला चैपाल का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग 105 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। सदस्य द्वारा थाना नूरपुर व थाना शिवाला कला का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ नूरपुर, विकासखंड अधिकारी नूरपुर, महिला थाना बिजनौर, महिला थाना चांदपुर व अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## मनमर्जी से काम कर रहे बीएलओ

जिला संवाददाता

**नगीना।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को बीएलओ और सुपरवाइजर बनाने से शिक्षण कार्य प्रभावित हो गया है। शिक्षण अवधि में ही शिक्षाकर्मी एसआईआर (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण) का काम कर रहे हैं जिस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी है। जबकि शासनादेश के मुताबिक शिक्षा कर्मियों को यह काम विद्यालय अवधि के बाद करना है। इसके लिए सरकार के तरफ से उन्हें अलग से पारिश्रमिक राशि भी देय है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर जिले में एसआईआर का काम शुरू हो गया है। इसके लिए नगीना विधानसभा आंशिक व बढ़ापुर विधानसभा आंशिक जो नगीना तहसील के अंतर्गत आते है तहसील नगीना चुनाव विभाग के नितिन थापन के अनुसार निर्वाचन संबंधी लगे कुल नगीना विधानसभा क्षेत्र में 392 बीएलओ बढ़ापुर विधान सभा मे 405 बीएलओ और सु. नगीना विधान सभा मे 41 सुपरवाइजर व बढ़ापुर विधान सभा मे 43 सुपरवाइजर बनाये गए है इनमें बेसिक शिक्षा विभाग से नगीना विधान सभा मे 145 बीएलओ और बढ़ापुर विधान सभा में बेसिक शिक्षा विभाग से 188 बीएलओ तथा नगीना विधान सभा मे 13 सुपरवाइजर और बढ़ापुर विधान सभा में 11 सुपरवाइजर बेसिक शिक्षा विभाग से हैं। गौरतलब है कि यह बीएलओ और सुपरवाइजर अधिकतर परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक हैं। नियमानुसार निर्वाचक नामावली से संबंधित कोई भी काम विद्यालय अवधि के बाद ही करना है, लेकिन शिक्षाकर्मी इसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं। विद्यालयों में सुबह हाजिरी बनाने के बाद शिक्षाकर्मी निर्वाचक नामावली कार्य हेतु निकल जाते हैं। वहीं कई विद्यालयों में दो ही शिक्षक हैं, उनमें से भी एक की डयूटी निर्वाचक नामावली के काम में लग गई है। इसके चलते स्कूलों में पढ़ाने को एक ही शिक्षक बच गए हैं। उनके उपर ही सभी विषयों की पढ़ाने की जिम्मेदारी आ गई है। इधर अक्टूबर माह में काफी छुट्टियां पड़ जाने से विद्यालयों में कक्षाएं नियमित रूप से नहीं चल पाई हैं। छात्रों का पाठयक्रम पूरा नहीं हुआ है। अगले माह में अर्द्धवार्षिक परीक्षा होनी प्रस्तावित है। दूसरी तरफ विद्यालयों को मार्च 2026 तक निपुण भी बनाना है। बीएलओ बने शिक्षकों का कहना है कि एसआईआर का काम काफी विस्तृत है उन्हें सुबह से की काम पर लग जाना पड़ रहा है। ऐसे भी शिक्षक हैं जो पहले से प्रभारी प्रधानाध्यापक और संकुल शिक्षक का भी काम देख रहे हैं। अब उन पर तीन कामों को करने की जिम्मेदारी आ गई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस सम्बंध में अभी तक कोई दिशा निर्देश शिक्षकों के लिए जारी नहीं किये हैं।

# ट्रेड डील में देरी ठीक नहीं

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के सामने लगातार आंतरिक चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। ट्रंप की पार्टी चुनाव हार रही है। एक महीने से अधिक का शटडाउन और रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में मिली असफलता ने ट्रंप के तेवर को ढीला कर दिया है। ऊपर से ट्रंप की टैरिफ नीति अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में है जहां ट्रंप को बड़ा झटका भी लग सकता है। ऐसे में यह समय ऐसा है जब भारत को आगे बढ़कर ट्रेड डील को यथाशीघ्र फाइनल करना चाहिए ताकि इससे दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार में भारतीय निर्यात के समक्ष जो चुनौती पेश आ रही है वह दूर हो जाये। वैसे ट्रंप की टैरिफ नीति को सुप्रीम कोर्ट ध्वस्त कर सकता है। यूएस में आम तौर पर न्यायालय लंबे समय तक सुनवाई करता है। परंतु ऐसा लगता है कि इस मामले की सुनवाई जल्दी निपट जाएगी। पिछले सप्ताह न्यायालय में बहस का जो दौर चला उसमें उन वकीलों की स्थिति मजबूत नहीं दिख रही थी जो कार्यपालिका को शुल्क तय करने का अधिकार देने वाले 1977 की एक व्यवस्था का बचाव कर रहे थे। यह कहता है कि आपातकालीन व्यापार उपायों को विधायिका के पास भेजने की आवश्यकता नहीं है। संवैधानिक रूप से, शुल्क और सभी प्रकार के कर लगाने का अधिकार संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस के पास सुरक्षित है, लेकिन ट्रंप ने इस दशकों पुराने आपातकालीन अधिकार का उपयोग करके अमेरिका की लंबे समय से चली आ रही व्यापार नीति को प्रभावी रूप से पलट दिया है। विभिन्न वजहों से सर्वोच्च न्यायालय की पीठ के 9 न्यायाधीशों में से अधिकांश इस कदम को लेकर आशंकित हैं। इनमें से कई तो स्वयं ट्रंप द्वारा नियुक्त किए गए हैं। निश्चित तौर पर राष्ट्रपति, खुद भी थोड़े असहज नजर आ रहे हैं। रविवार को उन्होंने अपने सोशल नेटवर्क पर अपनी शुल्क नीति की आलोचना करने वालों को मूर्ख कहा जो यह नहीं मानते हैं कि अमेरिका अब दुनिया का सबसे अमीर, सबसे सम्मानित देश है जहां न के बराबर मुद्रास्फीति है और जिसके शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। उन्होंने यह भी कहा, केवल शुल्क के कारण ही अमेरिका में खूब कारोबार आ रहे हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि उनके वकीलों ने सर्वोच्च न्यायालय को यह बताया या नहीं। अमेरिका में चल रहा यह आंतरिक विवाद जाहिर तौर पर शेष विश्व की रुचि का विषय है। खासतौर पर वे देश जहां की अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षा से अधिक शुल्क दर से बेहाल हैं। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है कि यूरोप समेत उनमें से कुछ इस बात से खुश होंगे कि असमान व्यापारिक रिश्ते और शुल्क थोपने की शक्ति राष्ट्रपति के हाथों से छिनकर वापस कांग्रेस के पास चली जाए जिसके साथ कम से कम लॉबीइंग की जा सकेगी और दबाव बनाया जा सकेगा। भारत इस चर्चा में एक खास मुकाम पर है। हमारा देश उन देशों में शामिल है जिन पर सबसे अधिक शुल्क दर थोपी गई है। इसके अलावा भारत उन देशों में से एक है जो एक ऐसे व्यापार समझौते को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सके हैं जो उन शुल्क दरों को घटाने या उनके प्रभाव को कम करने की इजाजत दे सके। ऐसे में यह संभव होगा कि अंतिम समझौते को टाल दिया जाए। इस उम्मीद में कि सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आने के बाद शायद ऐसा कोई समझौता करने की जरूरत ही न पड़े। यदि समझौता हो भी जाता है तो यह लालच फिर भी रहेगा कि अगर न्यायालय का फैसला राष्ट्रपति के विरुद्ध गया तो कारोबारी रिश्ते पहले जैसे किए जा सकेंगे। परंतु ऐसी उम्मीद करना सही नहीं है। अगर ट्रंप को आपात उपाय नहीं अपनाने को कहा जाता है तो भी लगता नहीं कि वे उन देशों पर पर व्यापार प्रतिबंध लगाने से पीछे हटेंगे जिनके बारे में वे मानते हैं कि उन्होंने अमेरिकी उदारता का फायदा उठाया है। भारत को वे खासतौर पर ऐसे देशों में शामिल करते हैं। उनके पास कानूनी विकल्प भी मौजूद हैं। इसलिए अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करने के बजाय सरकार को जल्द से जल्द अमरीका के साथ ट्रेड डील कर लेनी चाहिए।



**भारत को यथाशीघ्र अमेरिका के साथ ट्रेड डील फाइनल कर निर्यातकों के समक्ष जो चुनौती आयी है उसे दूर करने का प्रयास करना चाहिए।**

# आतंकी साजिश या आंतरिक सुरक्षा में चूक



विजय कपूर



**हाफिज सईद जैसे ग्लोबल आतंकी और पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत के भीतर बड़ी वारदातें अंजाम देने की साजिश है, जिसका पर्दाफाश होना आवश्यक है ताकि नागरिक सुरक्षित रहें। हमारी इंटेलिजेंस को भी अधिक मुस्तैद होने की जरूरत है और जो अब तक चूक हुई है, उनमें जवाबदेही निर्धारित की जानी चाहिए ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हो पाएं।**

पुरानी दिल्ली में जब सोमवार (10 नवम्बर 2025) की शाम को लगभग 6 बजकर 52 मिनट में लोग काम से घर लौट रहे थे, तो लालकिले से मात्र 300 मी के फासले पर, मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के निकट, एक आई-20 गाड़ी के पिछले हिस्से में इतना भयंकर विस्फोट हुआ कि भीड़ भरे इलाके में आसपास की अनेक गाड़ियों में आग लग गई, कुछ कारों के शीशे धमाके की आवाज से चूर चूर हो गये और इस लेख के लिखे जाने तक, पुलिस के अनुसार, 13 व्यक्तियों की मौत हो चुकी थी, जिनमें से कुछ व्यक्तियों के तो घटनास्थल पर ही चीथड़े उड़ गये थे यानी लाशें पड़ी नहीं थीं बल्कि बिखरी हुई थीं। यह हादसा था या कोई आतंकी साजिश? आधिकारिक तौरपर अभी कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन सभी संकेत आतंकी वारदात के ही लग रहे हैं, इसलिए दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान आदि आसपास के राज्यों में रेड अलर्ट जारी कर दी गई है। अगर यह आतंकी साजिश है, जिसकी आशंका अत्यधिक है, तो निश्चितरूप से सुरक्षा व्यवस्था में भारी चूक हुई है और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। पुलवामा या पहलगाम की सुरक्षा चूकों की तरह उसे ठंडे बस्ते में नहीं डालना चाहिए।

पुरानी दिल्ली की यह भयावह घटना तीन मुख्य कारणों से आतंकी साजिश प्रतीत होती है। एक, हाल की चिंताजनक इंटेलिजेंस रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है कि वैश्विक आतंकी हाफिज सईद, जो मुंबई हमलों का भी दोषी है, के नेतृत्व में पाकिस्तान-स्थित आतंकी भारत में आतंकी हमले करने के लिए नये मोर्चे खोल रहे हैं और बांग्लादेश को नये लांचपैड के रूप में तैयार कर रहे हैं। इस संदर्भ में साक्ष्य सीधा एक वीडियो से सामने आया है, जोकि 30 अक्टूबर 2025 को खैरपुर तमेवाली, पाकिस्तान में आयोजित एक रैली का है, जिसमें लश्कर का कमांडर सैफुल्लाह सैफ ने एक खतरनाक रहस्योद्घाटन करते हुए स्पष्ट कहा, ह्लहाफिज सईद खामोश नहीं बैठा है, वह बांग्लादेश के जरिये भारत पर हमले कराने की तैयारी में लगा हुआ है।' उसने दावा किया कि लश्कर पहले से ही ह्यपूर्वी पाकिस्तान' (यानी बांग्लादेश) में 'सक्रिय' है और 'भारत को जवाब देने के लिए तैयार है'। अतिरिक्त जानकारी यह भी मिली है कि सईद ने अपने एक अति करीबी साथी को बांग्लादेश भेजा है कि 'जिहाद' की आड़ में स्थानीय युवाओं का ब्रेनवाश किया जाये और उन्हें आतंकी ट्रेनिंग दी जाये। वीडियो में यह भी देखने को मिलता है कि सैफ भारत के खिलाफ लोगों को 'युद्ध' करने के लिए भड़का रहा है।

**दिल्ली कार विस्फोट**

दूसरा यह कि हाल के दिनों में हजारों किलो विस्फोटकों व हथियारों की बरामदगी मात्र संयोग नहीं है बल्कि किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रही है। गौरतलब है कि एक कश्मीरी मेडिकल प्रोफेसर की गिरफ्तारी के बाद जम्मू कश्मीर, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से आईईडी बनाने वाला 2,900 किलो पदार्थ बरामद हुआ है और इसके अतिरिक्त अनेक असाल्ट राइफल्स, पिस्तौलें, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स और ज्वलनशील पदार्थ भी मिले हैं। यह हाल के वर्षों में सबसे अधिक बरामदगी है। पुलिस का कहना है कि जैश-ए-मुहम्मद और अंसार गजवा-ए-हिन्द से जुड़े एक अंतर्राष्ट्रीय मॉडयूल ने अकादमिक व प्रोफेशनल सर्किट में तथाकथित घुसपैठ की हुई है और वह फंड्स इधर उधर करने, रिक्रूटस तैयार करने और विस्फोटकों को एसेम्बल करने के लिए एंक्रिप्टेड चैनलों, चैरिटेबल फ्रोंट्स और विश्वविद्यालय नेटवर्क्स का प्रयोग कर रहा है। इस सिलसिले में जांच उस समय शुरू हुई जब 19 अक्टूबर 2025 को जैश के धमकीभरे पोस्टर्स श्रीनगर के बनपुरा नोगांव क्षेत्र में अनेक स्थानों पर लगे हुए नजर आये। पुलिस इसे 'वाइट-कॉलर आतंकी इकोसिस्टम' कह रही है। तीसरा संकेत इससे मिलता है कि गुजरात के आतंकी विरोधी दस्ते (एटीएस) ने एक व्यक्ति को अहमदाबाद से गिरफ्तार करने के बाद उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी से दो व्यक्तियों को और एक व्यक्ति को हैदराबाद से गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि यह लोग दिल्ली, लखनऊ व अहमदाबाद में आतंकी हमले करने की योजना बना रहे थे। पुलिस का यह भी कहना है कि इन संदिग्धों को पाकिस्तानी हैंडलर्स से ड्रोनों द्वारा हथियार मिले थे, जिनमें दो ग्लोक पिस्तौल, एक बेरेट्टा पिस्तौल, 30 गोलियां और 4 लीटर कैस्टर आयल, जो घातक टोक्सिन रिसिन बनाने में काम आता है, शामिल थे।

बहरहाल, पुरानी दिल्ली में बिहार विधानसभा चुनावों में मतदान के दूसरे व अंतिम चरण की पूर्व संध्या पर हुए भयावह विस्फोट के सिलसिले में फॉरेंसिक रिपोर्ट की प्रतीक्षा है, जिससे इस बात की पुष्टि हो सके कि यह मात्र हादसा था या कोई गहरी आतंकी साजिश। अगर यह आतंकी हमला था, जिसकी आशंका अधिक है, तो यह दिल्ली में 14 वर्षों बाद ऐसी घटना होगी; क्योंकि पिछला आतंकी हमला 2011 में हाईकोर्ट के निकट हुआ था। 10 नवम्बर की शाम 6:52 पर जिस आई-20 कार के पिछले हिस्से में यह भयंकर विस्फोट हुआ, वह सीसीटीवी फुटेज के अनुसार पिछले तीन घंटे से दिल्ली की सड़कों पर घूम रही थी। उसके विस्फोट की तीव्रता से यह अंदाजा तो सहज ही लगाया जा सकता है कि कार में कुछ ऐसा था (और वह भी बड़ी मात्रा में) जो अवैध था। इसलिए विस्फोट का कारण जो भी हो, सुरक्षा व्यवस्था में चूक तो अवश्य हुई है। इस घटना से पुलवामा की याद ताजा हो जाती है, जिसमें हमारे 41 सैनिक शहीद हुए थे। विस्फोटों से भरी एक गाड़ी तीन दिन तक सड़कों पर घूमती रहती है, कोई उसे रोकता नहीं है, वह कॉन्वॉय के एक ट्रक से टकरा जाती है, भयंकर विस्फोट होता है और सैनिक शहीद हो जाते हैं। विस्फोटों से भरी गाड़ी वहां कैसे पहुंची? इस आतंकी साजिश के पीछे कौन था? इंटेलीजेंस की चूक कैसे हुई? संवेदनशील क्षेत्र में जवानों को हवाईजहाज की जगह सड़क मार्ग से क्यों भेजा जा रहा था? यह और इस जैसे अनेक प्रश्न हैं, जो अब वर्षों बाद भी जवाब की प्रतीक्षा में हैं।

किसी की भी जवाबदेही अब तक निर्धारित नहीं की जा सकी है। इसी तरह पहलगाम की आतंकी घटना है, हजारों पर्यटक मौजूद हैं, कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, 4-5 आतंकी आते हैं, बिना रोक-टोक, नाम मालूम करके 26 महिलाओं को विधवा करके गायब हो जाते हैं, ऑपरेशन सिंदूर होता है, लेकिन यह अभी तक मालूम नहीं हो पाया है कि वह आतंकी कहां से आये, कहां गायब हो गये और सुरक्षा व इंटेलिजेंस में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई? इसकी जवाबदेही किसकी है? ध्यान रहे कि दोनों दिल्ली व जम्मू कश्मीर की पुलिस सीधे गृहमंत्री अमित शाह के अंडर में आती है। जिस प्रकार से देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद हो रहे हैं और आतंकियों के वीडियोज सामने आ रहे हैं, उससे यही प्रतीत हो रहा है कि हाफिज सईद जैसे ग्लोबल आतंकी और पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत के भीतर बड़ी वारदातें अंजाम देने की साजिश है, जिसका पदार्फाश होना आवश्यक है ताकि नागरिक सुरक्षित रहें। हमारी इंटेलिजेंस को अधिक मुस्तैद होने की जरूरत है और जो अब तक चूक हुई हैं, उनमें जवाबदेही निर्धारित की जानी चाहिए ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हो पाएं।

## सोशल मीडिया

आज भी कुछ लोग हैं, जो रहेंगे हिंदुस्तान में, खायेंगे हिंदुस्तान में, लेकिन वंदे मातरम् नहीं गायेंगे। हम उनकी मंशा समझें। जो वंदे मातरम् का विरोध कर रहे, वे देश का विरोध कर रहे हैं। सीएम योगी.



मैं भारी मन से यहां आया हूं, कल शाम दिल्ली में जो भयानक घटना हुई उससे सभी बहुत दुखी हैं। मैं प्रभावित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। पीएम मोदी.



दिल्ली कार बलास्ट पर व.अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, इस घटना के पीछे के प्रत्येक दोषी की तलाश करने के निर्देश दिये। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को सजा मिलेगी। अमित शाह.



# हर गुजरते दिन के साथ बिगड़ रही है धरती की आबोहवा...



पर्यावरण

धरती बीमार है। यह शब्द हम पिछले दो दशकों से सुन रहे हैं। लेकिन अब यह शब्द धरती की सेहत का हाल नहीं बताता। क्योंकि धरती अब बीमार नहीं, आईसीयू में है। किसी भी दिन ब्रह्मांड के इस सबसे खूबसूरत ग्रह पर कुछ भी घट सकता है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर लगातार पर्यावरण वैज्ञानिकों की चेतावनियों और हर गुजरते दिन के साथ बिगड़ती आबोहवा के बावजूद आखिर हम धरतीवासियों ने इसकी इतनी उपेक्षा क्यों की? धरती एक दो नहीं पर्यावरण सुरक्षा के 7 बिंदुओं को पार कर चुकी है। दूसरे शब्दों में हम खतरे के 7 बैरियर्स तोड़ चुके हैं और खतरनाक तरीके से 8वें के तोड़ने के नजदीक पहुंच गए हैं। यहां तक पहुंचने के बाद ज्यादातर पर्यावरण वैज्ञानिकों को उम्मीद नहीं बची कि फिर से हम उस साफ और शुद्ध वातावरण का कभी एहसास कर सकते हैं, जो कभी धरती की खूबी थी। दुनिया के 40 वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिकों की मानें तो धरती में करीब 5 लाख से ज्यादा जीव प्रजातियां पिछले कुछ दशकों में लुप्त हो चुकी हैं। हजारों वनस्पतियां गायब हो चुकी हैं। धरती का समूचा मौसम पैटर्न बदल चुका है। सबसे भयावह बात यह है कि इतनी खराब स्थिति के बावजूद हर साल आज भी पृथ्वी में 15 अरब से ज्यादा पेड़ काटे जा रहे हैं।

सवाल है आखिर हम सब कुछ जानते हुए भी इतने निष्ठुर कैसे हो गए? सब कुछ देखने समझने के बावजूद आखिर हमने धरती को बचाने की ईमानदार कोशिश क्यों नहीं की? धरती आखिर इतनी बीमार कैसे पड़ गई जबकि पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चीख चीखकर धरती की सेहत का हाल हमें बता रहे थे? पर्यावरण पर काम करने वाले संगठन यूरो न्यूज की मानें तो हम मनुष्यों ने अपने छोटे छोटे फायदों के लिए मनुष्य जाति के साझे भविष्य को भयानक संकट के हवाले कर दिया है। धरती में इंसान का जीवन अब खतरे से घिर गया है। यूरो न्यूज की वैज्ञानिक टीम द्वारा किये गये एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले दो दशकों से लगातार आगाह किए जाने वाले के बावजूद हम नियमित रूप से गर्म से गर्मतर हो रहे तापमान की तरफ बढ़ रहे हैं। इस पर 40 अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के वैज्ञानिकों की एक टीम ने पर्यावरण के मसौदे पर दुनिया के सभी देशों की चालाक रणनीतियों से क्षुब्ध होकर पहली बार अपने अध्ययन निष्कर्ष को धरती के स्वस्थ जीवन के संबंध में इस इंसानी हरकत को न्याय की कसौटी पर कसने और परिभाषित करने की कोशिश की है। मतलब यह कि वैज्ञानिक कह रहे हैं कि धरती के साथ अन्याय करने वाले देशों को इसकी सजा मिलनी चाहिए। क्योंकि अपने निजी हितों की दुहाई में दुनियाभर के ताकतवर देशों ने धरती की विभिन्न जातियों, समुदायों, लिंगों को प्रलय के दरवाजे पर ला खड़ा किया है। हालांकि यह शोध पिछले साल का है और वैज्ञानिकों के इस अंतर्राष्ट्रीय समूह ने अपनी यह तीखी टिप्पणी नेचर जर्नल में प्रकाशित भी करवाया था। वैज्ञानिकों के मुताबिक धरती के सहन करने की जो 7 सीमाएं थीं, वो थीं- बिगड़ती जलवायु, जहरीली होती वायु, रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध इस्तेमाल, पानी का फास्फोरस और नाइट्रोजन से प्रदूषण, भूजल का खात्मा, ताजे पानी का मनमाना दुरुपयोग और मानव निर्मित भू-वातावरण। वैज्ञानिकों के मुताबिक सबसे खतरनाक सीमा वायु प्रदूषण की थी। आखिरकार धरती जैसे संवेदनशील ग्रह की हवा के जहरीली होने की एक सीमा थी। लेकिन लगातार वैज्ञानिको के आगाह किए जाने के बाद भी हवा को जहरीले बना रहे संगठनों, संस्थानों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। क्योंकि हवा को जहरीला बना रहे लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर ताकतवर देशों का संरक्षण हासिल था। स्वीडन स्थित वैज्ञानिकों के इस समूह ने माना है कि धरती के संयम और उसकी सहन करने की एक सीमा थी, लेकिन धरती के साथ अन्याय करने वालों, खिलवाड़ करने वालों ने इस सीमा की लाज नहीं रखी। इन वैज्ञानिकों के मुताबिक धरती का कोई एक छोर पृथ्वी के विरूद्ध इस अत्याचार में अकेला शामिल नहीं है। हर क्षेत्र बढ़ चढ़कर धरती को लहूलुहान करने पर तुला है। चाहे वो पूर्वी यूरोप हो, दक्षिणी एशिया हो, मध्यपूर्व हो, दक्षिण पूर्व एशिया हो, मैक्सिको हो, ब्राजील, चीन और दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमरीका ही क्यों न हो। सभी ने धरती की सेहत के साथ बेहद गंभीर खिलवाड़ किया है। **वीओएल.**

## विचार

अगर कोई व्यक्ति दृढ़ रहता है तो उसे पतन का गम नहीं होना चाहिए। वह उठकर फिर से चल देगा।

–महर्षि अरविन्द.

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा ही एक बड़ा राष्ट्रीय पाप है।

–स्वामी विवेकानन्द.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना, दूसरों के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड्स.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी आवश्यकता है जितनी शरीर को व्यायाम की।

-जोसेफ एडीसन.

जहां दया रहती है, वहां धर्म रहता है। जहां लोभ रहता है, वहां पाप का वास होता है। जहां क्रोध रहता है, वहां मृत्यु रहती है और जहां क्षमा रहती है, वहां भगवान रहते हैं।

–संत कबीर.

# मनुष्य का स्वार्थ

अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# साहित्य में इवेंट मैनेजमेंट

व्यंग्यलोक

मैं खास तौर पर मां सरस्वती का साहित्य सेमिनार मैनेजमेंट पुत्र हूं। जब भी उन्हें हिंदी साहित्य के किसी संगठन विशेष के साहित्यकारों से संवाद करना होता है, वे मुझसे संपर्क करती हैं और तब मैं हिंदी साहित्य के उनके द्वारा बताए संगठन के साहित्यकारों को इकट्ठा कर उनसे उनके संवाद के बहाने उनके साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा पर सेमिनार करवा चार पैसे मैं भी कमा लेता हूं। दूसरे शब्दों में कहें तो साहित्य इवेंट मैनेजर। वैसे भी आज का जमाना इवेंट मैनजरों का जमाना है। वे जीव के पैदा होने से लेकर उसके मरने तक के सारे इवेंट मैनेज करने लगे हैं। बस इवेंट मैनेज करवाने वाले की जेब में पैसा होना चाहिए। वैसे आदमी की जेब में पैसा हो तो वह आज की तारीख में कुछ भी करने का मौलिक अधिकार रखता है। आज कल के आदमी के पास समय ही कहां है जो वह अपने जीवन के हर इवेंट को मैनेज कर सके। आजकल वह बहुत व्यस्त चल रहा है। उसके पास आज मरने तक की फुर्सत नहीं। इसलिए वह अपने बदले दूसरों को मार रहा है। कल बड़े अरसे बाद मां सरस्वती का फोन आया। आजकल के हिंदी साहित्य के हालचाल पूछने के बाद बातों ही बातों में उन्होंने इच्छा जताई कि वे सावन मास में एक सेमिनार में हिंदी के साहित्यकारों से रूबरू होना चाहती हैं तो मैंने कहा, नो टेंशन मां! हो जाएगा। आप बजट का आइडिया दे दें तो... पर मां! कौन से साहित्यकारों से आप रूबरू होना चाहती हैं? अगर आप साहित्यकारों की कैटेगरी, सब कैटेगरी साफ कर दो तो..., तो वे बोली, कौन से का क्या मतलब? साहित्यकार चाहे वामपंथी हो या काम पंथी! वह मूलतः साहित्यकार ही होता है। साहित्यकार की न कोई जात होती है न धर्म। उसकी न कोई नस्ल होती है, न कोई फसल! मैं हिंदी साहित्यकारों के सर्वमुखी सेमिनार को संबोधित करना चाहती हूं जिसमें वामपंथी से लेकर कामपंथी, आरामपंथी, सलामपंथी सब साहित्यकार हों। नहीं मां! ऐसा नहीं हो सकता। यहां तो एक ही पंथ के साहित्यकार एक टेंट में एक साथ नहीं खाते और आप? अब साहित्यकारों की परिभाषा पूरी तरह बदल गई है, अब अलग अलग नस्ल के साहित्यकार भी हैं और अलग अलग फसल के भी। बुरा मत मानना मां शारदे! मेरे कहने का मतलब ये कि अब साहित्यकारों की बहुत सी श्रेणियां, सब श्रेणियां हो गई हैं। गया वो वक्त जब साहित्यकार केवल साहित्यकार होता था। वक्त बदला तो वह वामपंथी और दक्षिणपंथी हो गया। बीच में कुछ कुछ वह सरकार कंठी हो भी होता रहा। पर अब तो उसकी कितनी श्रेणियां हैं, उसे भी नहीं पता।



अशोक गौतम

## आपकी बात

### सड़क पर बरतें सावधानी

यातायात प्रबंधन को और बेहतर करने की जरूरत है ताकि सड़कों पर दुर्घटनाएं कम से कम हों। इस समय महाकुंभ चल रहा है और करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं, इनको आवागमन में अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी ताकि दुखद हादसों से बचा जा सके। हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं।

हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**राम कुमार मौर्य, लखनऊ.**

### न्याय की राह कठिन

जटिल न्याय प्रक्रिया न्याय मिलने की राह में सबसे बड़ी बाधा है7 वैधानिक-लोकतांत्रिक व्यवस्था में राज्य-शासन के प्रत्येक स्तम्भ को जनता की आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। सांविधानिक व्यवस्था में न्याय पालिका एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है, लेकिन जब वर्षों तक मुकदमे लंबित रहते हैं, न्याय की आस जनता से टूटती है, तो फिर न्यायपालिका पर भी सवाल उठते हैं। इसलिए न्याय पालिका का दायित्व है कि वह सरकार और अधिवक्ता संगठनों के साथ मिलकर ऐसी राह निकाले जिससे प्रत्येक पीड़ित को सस्ता और शीघ्र न्याय सुलभ हो सके। देश के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक समारोह में बोलते हुए कहा कि कई बार लोग अदालती प्रक्रिया से तंग हो किसी तरह समझौता करना चाहते हैं। लोक अदालतों की उपलब्धियां और संस्मरण साझा करते हुए कहा कि वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतें ऐसा मंच हैं जहां लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा या समझौता किया जाता है। पारस्परिक रूप से स्वीकृत समझौते के विरुद्ध कोई अपील दायर नहीं की जा सकती। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, यह लंबी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है और यह हम सभी जजों के लिए चिंता का विषय है। लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को अश्वस्त करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं। इसे और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत है।

**विनीत श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## सड़क हादसे में दुकानदार की मौत

रूदौली-अयोध्या। बाबा बाजार थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय दुकानदार राम प्रकाश यज्ञसैनी उर्फ गुड्डू की मौत हो गई। वह अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। यह घटना रुदौली कोतवाली क्षेत्र के नयागंज निवासी राम प्रकाश यज्ञसैनी (पुत्र पाटनदीन यज्ञसैनी) के साथ हुई। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर बाबा बाजार पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल राम प्रकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रुदौली पहुंचाया। सीएचसी रुदौली में चिकित्सकों ने राम प्रकाश यज्ञसैनी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद रुदौली कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय अयोध्या भेज दिया है। बाबा बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार आजाद ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## साइबर ठगों ने ठगे दो लाख से अधिक रुपये, केस दर्ज

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। कस्बा गोसाईगंज निवासी अभिजीत जायसवाल पुत्र श्री विजय कृष्ण जायसवाल के पंजाब नेशनल बैंक के गोसाईगंज शाखा के खाते से जालसाजों ने धोखे से 2,26,313 रुपये निकाल लिए। पीड़ित को जब जानकारी हुई तो कोतवाली पहुंचकर केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक 24 अगस्त 2025 को उनके बैंक खाते (0194000110127363) से कुछ ही घंटों के भीतर चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 2,26,313 की राशि निकाल ली गई। ये ट्रांजेक्शन 999, 99,000, 83,000, और 43,214 एक मोबाइल नंबर 79802ग्गग्ग के माध्यम से किए गए। पीड़ित ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 33108250103106 है। समय रहते की गई शिकायत के कारण शुरूआती तौर पर 26,000 की राशि फ्रीज (जमा) करने में सफलता मिली है। एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर ली है। पुलिस अब ट्रांजेक्शन आईडी और मोबाइल नंबर के आधार पर जालसाजों की तलाश और आगे की रकम फ्रीज कराने की कार्रवाई में जुट गई है।

## सरकारी क्रय केन्द्र पर अब तक तौला गया आठ किसान का धान

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र में वैसे तो किसानों के धान खरीददारी को लेकर आधा दर्जन सरकारी धान खरीद केंद्र संचालित है। लेकिन नेशनल हाईवे के किनारे जुबेरगंज पशु बाजार के पास सब्जी मंडी में जगह और स्थल के अभाव में एक ही सेंटर पर दो धान क्रय केंद्र संचालित है। यहां सब्जी मंडी में विपणन शाखा का सोहावल धान क्रय केंद्र स्थापित है। जिस पर जुबेरगंज धान क्रय केंद्र का भी धान खरीद की जा रही है। हालांकि यहां बीते 4 नवंबर से धान तौल शुरू की गई है। सोमवर तक आठ किसान से लगभग साढ़े तीन सौ कुंतल की तौल हो चुकी है। यहां पर अब तक 252 किसान को टोकन दिया गया है। जबकि खरीद का लक्ष्य 15 हजार कुंतल का रखा गया है। मंगलवार को जब तौल क्रय केंद्र पर पहुंचकर स्थित का जायजा लिया। तब पता चला कि सब्जी मंडी में संचालित केंद्र पर खुले आसमान के नीचे तौल कर सैकड़ों कुंतल धान रखा गया है। विपणन निरीक्षक मनोज वर्मा ने बताया कि सोहावल क्रय केंद्र पर जुबेरगंज क्रय केंद्र की भी तौल की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान डंप स्थल पर सब्जी के व्यापारियों ने अभी कब्जा कर रखा है। व्यापारियों को अपनी सब्जी आलू और प्याज हटाने की बात कही गई है। फड़ खाली होने के बाद दूसरे सेंटर के तौल का धान सुरक्षित रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि तौल कर रखे गए धान को भीगने से बचाने के लिए पन्नी और तिरपाल की व्यवस्था बनाई गई है। अब तक आधा दर्जन किसान के खाते में बेचे गए धान का मूल्य भी पहुंच गया है।

# ध्वजारोहण में आमंत्रित अतिथियों के लिए विशेष प्रबंध

- पूरे देश को मिलेगा लाइव दर्शन का लाभ, अयोध्या के 30 से अधिक स्थानों पर लगेंगी एलईडी स्क्रीनें
- दीपोत्सव से भी अधिक जगमगाएगा रामनगरी का तोरणद्वार, लाइटिंग और फूलों से सजेगा पूरा शहर

जिला संवाददाता



अयोध्या। रामजन्मभूमि परिसर में विवाह पंचमी के दिन 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण के निर्बाध आयोजन के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामनगरी के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाली राम बरात चार बजे के बाद ही निकालने का अनुरोध किया है। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने कहाकि आमंत्रित अतिथियों को ठहराने के निमित्त ट्रस्ट ने 1600 कमरों की व्यवस्था की है। इसके साथ कारसेवकपुरम, रामसेवकपुरम और तीर्थ क्षेत्र पुरम में भी आवासीय व्यवस्था है। व्यवस्था संभालने में लगाए गए कार्यकताओं को एक दिन पहले 24 नवंबर को ही बुलाया गया है। सर्दी के मौसम के दृष्टिगत अतिथियों के ओढ़ने-बिछाने का प्रबंध ट्रस्ट कर रहा है। महामंत्री चंपतराय ने मंगलवार को एक वीडियो संदेश जारी कर आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहाकि राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में संपूर्ण भारत से लोगों को आमंत्रित किया गया था, किंतु ध्वजा के आरोहण में पूर्वी उत्तर प्रदेश को ही वरीयता दी गई है। तब से अब तक मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकल्पों का निर्माण हो चुका है, इसलिए परिसर में बैठने का स्थान कम हो गया है। इसी कारण आमंत्रित अतिथियों की संख्या सीमित रखी गई है और आयोजन स्थल पर प्राण प्रतिष्ठा से लगभग डेढ़ हजार कुर्सियां कम रखी जाएंगी। ध्वजारोहण के दिन प्रातः आठ बजे से प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा। अतिथि नौ बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अति विशिष्ट अतिथि होंगे। विवाह पंचमी को देखते हुए प्रयास यही किया जा रहा कि दोपहर दो बजे तक संपूर्ण कार्यक्रम पूर्ण कर लिया जाए, इसके बाद आमंत्रित अतिथियों को पंक्तिबद्ध दर्शन कराया जाएगा। इसमें लगभग तीन घंटे लग सकते हैं। महासचिव ने बताया कि धर्म ध्वजा का आकार त्रिकोणीय है और इसे लगभग 190 फीट की ऊंचाई पर चढ़ाया जाना है। प्रधानमंत्री और सरसंघचालक इसका आरोहण करेंगे। तैयारियों को देखते हुए पूर्व संध्या पर कितने समय तक दर्शन चलेगा, यह अभी तय किया जाना है। ध्वजारोहण के दिन प्रतिदिन की भांति रामलला का दर्शन नहीं हो सकेगा। दीपोत्सव और प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तरह प्रमुख चैराहों और स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी कलाकारों से संपर्क कर रहे हैं ताकि रामकथा, नृत्य, भजन और लोक प्रस्तुतियों से पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बन सके। नगर निगम की टीमें दिन-रात साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण में लगी हैं। प्रमुख मार्गों की मरम्मत, घाटों पर रंग-रोगन, सड़क किनारे पौधारोपण कर फूलों के गमले सजाए जा रहे हैं। सरयू तट को भी स्वर्णिम रूप दिया जा रहा है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि शहर को ह्लप्राण प्रतिष्ठा समारोहह्व की तर्ज पर सजाया जा रहा है। हर गली-मोहल्ले को स्वच्छ और आकर्षक बनाया जा रहा है ताकि आने वाले लाखों श्रद्धालु अयोध्या की भव्यता को देख अभिभूत हो उठें। यह आयोजन केवल ध्वजारोहण नहीं, बल्कि रामनगरी की नई पहचान का प्रतीक होगा। यह एक ऐसा क्षण होगा जिसका पूरा देश साक्षी बनेगा और इस पावन स्मृति को युगों-युगों तक याद रखेगा।

# रूदौली सट्टी बाजार में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

## पांच महिला सहित एक पुरूष गिरफ्तार




अयोध्या। पुलिस ने रूदौली क्षेत्र के सट्टी बाजार में सक्रिय महिलाओं के एक टप्पेबाज गिरोह का खुलासा करते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से करीब 60 हजार 370 रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन और एक ईटरिक्शा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, रूदौली कस्बे में महिलाओं से चोरी और टप्पेबाजी की शिकायतें मिल रही थीं। सोमवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गोगाँवा रेलवे क्रॉसिंग के पास सुबह 11:40 बजे छापा मारकर गिरोह की महिलाओं को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कृ नादिरा (35) पत्नी अनवर, निवासी गुन्नौर, सम्भल, नाजमीन (39) पत्नी अकबर, निवासी शिवर्ली किच्छा, रूद्रपुर (उत्तराखंड), शहनाज (36) पत्नी गुड्डू, समरीन (32) पत्नी तौफीक, नुसरत (40) पत्नी चाँद, सभी निवासी रमजान नगर सेक्टर-5, टेलीबाग, लखनऊ व सैफुद्दीन (46) पुत्र अजीमुल्लाह, निवासी बृंदावन योजना सेक्टर-5, लखनऊ शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह अलग-अलग बाजारों में खरीदारी के बहाने भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के पर्स और नकदी पर हाथ साफ करता था। इनके खिलाफ थाना रूदौली में 303(2)/317(2)/3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामद सामान में एक ई-रिक्शा एक आधार कार्ड, 60,370 रुपये नकद और पांच मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और पुराने मामलों की भी जांच कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य, निरीक्षक शत्रुघ्न यादव, चैकी प्रभारी युवराज सिंह, उपनिरीक्षक मनीष चतुवेर्दी, गजेन्द्र कुमार, महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह और स्तुति गुप्ता सहित पुलिस बल के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# एल्युमिनियम कारोबारी के पांच लाख लेकर फरार पिकअप चालक गिरफ्तार



अयोध्या। थाना पटरंगा पुलिस ने एल्युमिनियम कारोबारी के पांच लाख रुपये लेकर फरार हुए पिकअप चालक को रुपये सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मियां का पुरवा ओवरब्रिज के पास से दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंगलेश कुमार (37 वर्ष) पुत्र नरेश कुमार, निवासी ग्राम पल्हरी, जैदपुर रोड, थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 6 नवम्बर 2025 को बाराबंकी निवासी एल्युमिनियम कारोबारी ने माल को अकबरपुर, जनपद अंबेडकर नगर भेजा था। माल पहुंचाने के बाद चालक मंगलेश कुमार ने ग्राहक से पांच लाख रुपये प्राप्त किए, लेकिन व्यापारी को रुपये देने के बजाय उसने 7 नवम्बर को पिकअप गाड़ी को पटरंगा क्षेत्र में हाईवे पर खड़ी कर रुपये लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थाना पटरंगा पुलिस ने टीम गठित कर मंगलेश कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से पूरे पांच लाख रुपये बरामद किए गए। अभियुक्त के खिलाफ मु.अ.सं. 297/2025 अंतर्गत धारा 316(2) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेज दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर

मिल्कीपुर-अयोध्या। मंगलवार की सुबह एनएच 330ए अयोध्या-जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हलियापुर थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, अयोध्या जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर निवासी साहबदीन पुत्र जगदेव (45 वर्ष) तथा घाटमपुर निवासी जग प्रसाद पुत्र गंगाराम (45 वर्ष) मंगलवार की सुबह बुलेट मोटरसाइकिल से अपने घर से जगदीशपुर की ओर जा रहे थे। हलियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 330ए से जगदीशपुर की तरफ जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हलियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. दुर्ग विजय सिंह ने साहबदीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल जग प्रसाद की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद अयोध्या ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक साहबदीन के परिजनों के अनुसार वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री हैं। बताया जा रहा है कि बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है जबकि दोनों पुत्र अभी छोटे हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि साहबदीन जिस व्यक्ति के यहां मजदूरी करता था, उसी की बाइक लेकर कहीं कार्य के लिए निकला था।

# अवैध शराब के व्यापार पर आबकारी निरीक्षकों ने की सेंधमारी

## नशाखोरों पर जारी है आबकारी विभाग की ऑपरेशन क्लीन कार्यवाही



**बाराबंकी।** कच्ची शराब बनाकर राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले नशातिजातियो के खिलाफ आबकारी विभाग की धड़पकड़ मुहिम तेज है। आपरेशन क्लीन की योजना पर कार्य करने वाला आबकारी विभाग जनपद मे नशाखोरो पर कार्यवाही करता हुआ देखा जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर की सख्ती कहे या फिर निर्देश। जिसके अन्तर्गत आबकारी निरीक्षको द्वारा अपने-अपने सर्किलो मे अभियान चलाकर नशाखोरो के अवैध व्यापार मे सेधमारी का काम किया जा रहा है। आज मंगलवार को आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल द्वारा थाना टिकैतनगर अंतर्गत दर्जनों ग्रामों में दबिश दी गई। टीम ने थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खेतासराय, इरशादनगर, आल्हनमऊ सहित दर्जनो गांवो के संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। दबिश के दौरान लगभग 20 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया। मौके पर 300 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया गया। 1 अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही की गई। इसके साथ ही टीम ने सरकारी देशी शराब की दुकान दरियाबाद, टेढ़ीबाजार, दरियाबाद छपिवार्ड, मथुरानगर, जिठौती, बेलहानहर सहित कंपोजिट दुकान दरियाबाद, मथुरानगर, बेलहानहर मे दुकानो का निरीक्षण किया। क्यूआर कोड़ के माध्यम से शराब की गुणवत्ता की जांच की गई। दबिश देने वाली टीम में प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, सिपाही विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी आदि शामिल रहे।

# नेपालगंज एयरपोर्ट से दिल्ली, लखनऊ हवाई सेवा जल्द

- नेपालगंज एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नया टर्मिनल भवन तैयार, व्यापार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

संवाददाता




रूपईडीहा बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे शहर नेपालगंज के एयरपोर्ट से जल्द ही दिल्ली, लखनऊ और वाराणसी के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (उअअ) के महानिदेशक प्रदीप अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि नए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिससे भारत और नेपाल के बीच व्यापार, पर्यटन एवं लोगों की आवाजाही को नई गति मिलेगी। महानिदेशक प्रदीप अधिकारी काठमांडू से नेपालगंज पहुंचे और नवनिर्मित टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टर्मिनल भवन का निर्माण निर्धारित समय से दो माह पूर्व ही पूरा कर लिया गया है। अब शीघ्र ही अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।ह्व फिलहाल विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों के माध्यम से दिल्ली, लखनऊ और वाराणसी के लिए उड़ानें प्रारंभ की जाएंगी। इस संबंध में नेपाल और भारत सरकार के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं।

निरीक्षण के दौरान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के निदेशक दीपेंद्र श्रेष्ठ और निर्माण कंपनी के अध्यक्ष रमेश शर्मा भी मौजूद रहे। निर्माण कंपनी के अध्यक्ष ने बताया कि इस परियोजना पर कुल 2 अरब 74 करोड़ 20 लाख 18 हजार 993 रुपये की लागत आई है, और यह कार्य तीन वर्षों में पूरा किया गया है। नवनिर्मित टर्मिनल भवन की विशेषताएं तीन मंजिला आधुनिक टर्मिनल भवन के बेसमेंट में व्यावसायिक उपयोग हेतु 24 दुकानें जिसका कुल क्षेत्रफलः 5,075 वर्ग मीटर है तथा यात्री जांच के लिए 14 काउंटर, वीआईपी लाउंज 3, बच्चों के खेलने के लिए समर्पित क्षेत्र, कस्टम और क्वॉरेंटाइन जांच हेतु अलग भवन आदि बन चुके है। नेपालगंज एयरपोर्ट के इस नए टर्मिनल भवन और सीधी हवाई सेवाओं से न केवल सीमा क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि भारत और नेपाल के बीच व्यापारिक संबंध और पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।

# पराली जागरूकता प्रचार वाहन को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




बहराइच। सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोड़ ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह के साथ कृषि भवन बहराइच प्रांगण में बनी मिलेट्स कैंटीन का निरीक्षण किया गया। कृषि भवन के प्रांगण से सांसद बहराइच श्री गौड़ जी द्वारा जनपद में पराली जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया। साथ ही उन्होंने जनपद के किसान भाइयों से अपेक्षा किया कि वह पराली कदापि न जलाएं, बल्कि उसे इन-सीटू कृषि यंत्रों का उपयोग कर कंपोस्ट बनाकर अपने खेतों में उपयोग कर अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाएं। इससे पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर रोक लगेगी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, सहायक निदेशक रेशम एम.के. सिंह, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, अवर अभियंता कृषि नितिन कुमार मौर्य सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सांसद श्री गोड़ ने कृषि भवन बहराइच में साफ सफाई उचित व्यवस्था तथा कृषि भवन के जीर्णोद्धार के लिए डीडी एग्री विनय कुमार वर्मा की सराहना भी की।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद का शिक्षा में योगदान सराहनीय: डॉ. पीएल पुनिया




बाराबंकी। मौलाना अबुल कलाम भारतीय इतिहास के एक अत्यन्त महत्वपूर्ण और बहुआयामी व्यक्तित्व थे। वह एक महान विद्वान कवि, पत्रकार, स्वतन्त्रता सेनानी, स्वतन्त्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे। भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में इनके योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कोई तुलना ही नही की जा सकती। उक्त उद्गार पूर्व राष्ट्रपति मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयन्ती पर ओबरी स्थित सांसद आवास पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त व्यक्त किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, के0सी0 श्रीवास्तव, मो0 इरफान कुरैशी, राम हरख रावत, राजकुमार सोनी, मोहम्मद इजहार, अजीत वर्मा, सना चैधरी, रमेश कश्यप, प्रशान्त सिंह, रामपाल रावत, श्रीकान्त मिश्रा, रामानुज यादव, रामकुमार लोधी, अजय यादव, मोहित सिंह, विनोद सिंह, सुधीर पाण्डेय मौजूद रहे।

# बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बूथ चलो अभियान की समीक्षा बैठक



बाराबंकी। विधानसभा हैदरगढ़ में मंडल प्रभारी अयोध्या अजय गौतम की अध्यक्षता में बहुजन समाज पार्टी बूथ चलो अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पूर्ण निरीक्षण करते हुये कहा कि बीएलओ से मिलकर अपना नाम सूची में सुनिश्चित कर लें। किसी पात्र का नाम छूट न पाए। प्रदेश अध्यक्ष ने 9 अक्टूबर को लखनऊ में हुई बसपा की शक्ति प्रदर्शन रैली को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में साहब शरण पटेल, तुलसी प्रसाद, पवन कुमार, अनिल गौतम, उमर हाशमी, संतोष कुमार वर्मा, अरविन्द बाजपेई, सुशील दीक्षित, सुनील दीक्षित, मदन पाल, मोहम्मद नफीश, चन्द रावत, विनोद गौतम, सुरेश गौतम, राम इकबाल, लाला प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# बालक - बालिकाओं ने किया रोमांचक प्रदर्शन



बाराबंकी। राजकीय इण्टर कालेज ऑडिटोरियम में चल रहे 69वीं विद्यालयीय प्रदेशीय कुराश प्रतियोगिता के दूसरे दिन अण्डर 14, 17 और 19 किलोग्राम वर्ग में बालक बालिकाओं में रोमांचक प्रदर्शन किया। 36 किलोग्राम वर्ग में मुद्रिका बंसल, सहारनपुर ने गोल्ड व सम्भल की खिलौनी ने सिल्वर, 40 किलोग्राम वर्ग में मेरठ की कनिका ने गोल्ड व सहारनपुर की दीपिका ने सिल्वर, 44 किलोग्राम वर्ग में सहारनपुर की ज्ञानवी आदिवाल ने गोल्ड व मुरादाबाद की रीनू ने सिल्वर, 48 किलोग्राम वर्ग में वाराणसी की प्राची पटेल ने गोल्ड व मेरठ की अनुष्का पंडित ने सिल्वर, 52 किलोग्राम वर्ग में आगरा की हेमलता ने गोल्ड व सहारनपुर की मंजोत यादव ने सिल्वर, 57 किलोग्राम वर्ग में वाराणसी की शशि पटेल ने गोल्ड व मुरादाबाद की अक्सरा ने सिल्वर, 63 किलोग्राम वर्ग में सहारनपुर की वंशिका ने गोल्ड व वाराणसी की राजनन्दिनी ने सिल्वर, 63 किलोग्राम वर्ग में सहारनपुर की आलिया अली ने गोल्ड व मेरठ की वैष्णवी शर्मा ने सिल्वर मेडल जीता। निर्णायक मण्डल सदस्य मंजू दयाल, विक्रान्त, अक्षत, निकिता व अजीत ने मुकाबलों में खिलाड़ियों के एक-एक पैतरे व दॉव पर अंक प्रदान किये।

# दिल्ली बम धमाकों के बाद सीमा पर हाई अलर्ट



रूपईडीहा बहराइच। राजधानी दिल्ली में हुए बम धमाकों के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है तथा सीमा पर पेट्रोलिंग और निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह ने मंगलवार को अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ सीमा क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा, परिस्थिति को देखते हुए सीमा पर हो रहे आवागमन की गहनता से जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बिना पहचान-पत्र के किसी को भी आने-जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसी के साथ सीमा पर तैनात एसएसबी की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने भी जवानों को निर्देशित करते हुए कहा कि डॉग स्क्वॉड और अन्य जाँच दलों की मदद से प्रत्येक व्यक्ति और वाहन की सख्ती से तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि सीमा पर तैनात जवानों को विशेष सतर्कता और कड़ा अनुपालन रखने के लिए कहा गया है। निरीक्षण टीम ने सीमा पर सुरक्षा चौकियों व पेट्रोलिंग रूटों पर अतिरिक्त जवान तैनात कर दिए हैं और सभी प्रवेश-पथों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। अधिकारियों ने कहा कि संभावित अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर सीमा के पार प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि जनता की सुरक्षा प्राथमिकता है, इसलिए यात्रा करने वाले लोगों से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। यात्रियों से निवेदन है कि वे अपने पहचान-पत्र साथ रखें और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत सीमा सुरक्षा बल या स्थानीय पुलिस को दें। पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ाए हुए है और संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी जारी रहेगी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन नियंत्रण नियमित रूप से समीक्षा के बाद आवश्यकतानुसार और सख्त किए जाएंगे।

# सांसद ने कृषकों बांटे प्याज एवं लहसुन के बीज

बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोड जी द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्याज एवं लहसुन के बीज का वितरण किया गया। सांसद श्री गोड़ जी द्वारा जगन्नाथ मौर्य, देवी प्रसाद, देशराज, दिनेश कुमार, राम गोपाल, श्रीमती गीता देवी, दुर्गेश, जगदीश आदि कृषकों को प्याज एवं लहसुन का बीज वितरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। साथ ही सांसद जी द्वारा एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन के अन्तर्गत प्रदर्श स्थल का निरीक्षण किया गया। इस पद्धति के द्वारा बिना कीटनाशक/पेस्टीसाइज के प्रयोग से शाकभाजी की खेती की जाती है। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच द्वारा आई.पी.एम. संयत्र यथारू सोलर लाईट ट्रैप, स्टिकी ट्रैप, फेरोमन ट्रैप, फ्रूट फ्लाई टैज्प के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके प्रयोग से बिना कीटनाशक/पेस्टीसाइज के कीट, पतंकों के प्रकोप से फसलों को बचाया जा सकता है तथा विष मुक्त उत्पादन लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के साथ कृषि की लागत में कमी कर सकते हैं।

संक्षेप

## एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला 18 को

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं श्री राम स्मारक डिग्री कालेज, शुकुलबाजार, अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में आकांक्षात्मक ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 18 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से श्री राम स्मारक डिग्री कालेज, शुकुलबाजार, अमेठी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 10 निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेला 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुरूप उपलब्ध कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही रोजगार मेले के दिन अपने फोटो एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

## दुराचार व पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** दो वर्षों से फरार चल रहे दुराचार एवं पक्सो एक्ट के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि दो वर्ष पूर्व राजस्थान के पाली जिले के सेनडा थाने के झूठा का बाडिया खोखरी के रहने वाले फतेह सिंह के ऊपर दुराचार एवं पाक्सो एक्ट के अंतर्गत कोतवाली में केस दर्ज था। तब से वह फरार चल रहे थे। मंगलवार को पुलिस ने धोपाप घाट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## मोबाइल नेटवर्क खराब ग्रामीणों ने सीएम से लगायी गुहार

**कूरेभार, सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के धनपतगंज ग्राम पंचायत धनजई और आसपास के करीब दर्जनभर पुरवों में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है। नेटवर्क की खराब स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40017925040457 के माध्यम से मामला दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता अंकित पांडेय सहित ग्रामीणों ने बताया क्षेत्र में जिओ, एयरटेल, बीएसएनएल और वीआई जैसी प्रमुख मोबाइल कंपनियों की सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी वर्षों से बाधित है, जिससे विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई, किसानों की डिजिटल योजनाओं तक पहुंच और आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस व पुलिस से संपर्क भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने पत्र में लिखा है कि आसपास के मोतीगंज (9 किमी), कूरेभार (9 किमी), धनपतगंज (8 किमी), चैरे बाजार (7 किमी) और निधियावा बाजार (6.5 किमी) में टावर मौजूद हैं, लेकिन धनजई और उसके आस-पास का इलाका नेटवर्क विहीन है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है संबंधित विभागों और दूरसंचार कंपनियों को निर्देश देकर धनजई या समीप किसी क्षेत्र में मोबाइल टावर स्थापित कराया जाए, जिससे लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र की संचार व्यवस्था सामान्य हो सके।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनी अबुल कलाम की जयंती



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में उत्साह पूर्वक मनाई गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ मौलाना आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर छात्रों ने मौलाना आजाद के जीवन, विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री के सम्मान में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का उद्देश्य समूचे विश्व में शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। अबुल कलाम एक महान शिक्षाविद व स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने आईआईटी और यू जी सी जैसे संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बताया कि मौलाना अबुल कलाम आजाद ने भारत में शिक्षा के प्रसार व राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने में अमूल्य योगदान दिया, उन्होंने छात्रों से आह्वान किया किया कि वे शिक्षा को समाज परिवर्तन का माध्यम बनाएं और देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अजय सिंह, शुभी सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**एनएसबीवीएम में मनायी गयी अबुल कलाम जयंती :** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के असवर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने उनको पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौलाना आजाद ने लम्बे समय तक भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। एक सच्चे भारतीय होने के कारण उन्होंने स्वतंत्रता के बाद भारत में रहकर इसके विकास में कार्य किया। वे देश के पहले शिक्षामंत्री बने और शिक्षा पद्धति सुधारने की जिम्मेदारी ली। वे कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी भी थे। प्रख्यात शिक्षाविद् अबुल कलाम आजाद की जयंती को लोग राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। स्कूल टीचर्स अनामिका मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और अबुल कलाम की जयंती पर स्कूल के बच्चों को सामायिक विशायानुकूल विचार व्यक्त करते हुए गीत सुनाकर अबुल कलाम की स्मृतियां ताजी कर दीं।

# हाईकोर्ट में अनुराग शुक्ल की याचिका खारिज

**आगरा/ इलाहाबाद।** आगरा कॉलेज, आगरा के प्राचार्य पद पर प्रो. सीके गौतम की नियुक्ति को लेकर उठाये गये सवालों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने डॉ. सी. के. गौतम की नियुक्ति को पूर्णतः वैध ठहराते हुए डॉ. अनुराग शुक्ल की रिट याचिका को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि असफल उम्मीदवार को चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति को चुनौती देने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। इस निर्णय के साथ कॉलेज प्राचार्य पद से जुड़ा कानूनी विवाद समाप्त हो गया है। बता दें कि आगरा कॉलेज, आगरा के प्राचार्य पद के लिए पहले डॉ. अनुराग शुक्ला का चयन हुआ था, लेकिन जांच के दौरान उनके शैक्षिक अभिलेखों में फर्जी दस्तावेज पाए जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी। इस निरस्तीकरण को याची ने पहले भी अदालत में चुनौती दी थी, परंतु इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शासन की कार्यवाही को सही ठहराया था। डॉ. अनुराग शुक्ल की प्राचार्य पद से बर्खास्तगी के बाद यह पद खाली हो गया था। उच्च शिक्षा चयन आयोग ने चयन प्रक्रिया के पुनर्मूल्यांकन के दौरान डॉ. सीके गौतम का एपीआई स्कोर 500 से अधिक पाया था, जिसके आधार पर उन्हें आगरा कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किया गया था। प्रो. गौतम की इस पद पर नियुक्ति को लेकर डॉ. अनुराग शुक्ल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने चयन प्रक्रिया और एपीआई मूल्यांकन की वैधता पर सवाल उठाए और इस नियुक्ति को चुनौती दी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने कहा कि डॉ. अनुराग शुक्ल वर्तमान में असफल उम्मीदवार हैं, इसलिए, उन्हें चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति को चुनौती देने का कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं है। पीठ ने कहा कि डॉ. शुक्ल यह प्रमाणित नहीं कर सके कि डॉ. गौतम का एपीआई स्कोर 500 से कम था या गलत तरीके से निर्धारित किया गया। कोर्ट ने कहा कि चयन समिति को सक्षम प्राधिकारी ने विधिवत गठित किया था और एपीआई पुनर्विचार की प्रक्रिया पूर्णतः कानून सम्मत पाई गई। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति शमशेरी ने कहा कि असफल उम्मीदवार की इस प्रकार की चुनौती अमान्य है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि याची की याचिका रक्षणीय नहीं है और इसलिए इसे पूर्णतः खारिज किया जाता है। हाईकोर्ट के इस निर्णय से आगरा कॉलेज में प्राचार्य पद पर डॉ. सीके गौतम की नियुक्ति को वैधानिक पुष्टि मिल गई है।

# दिल्ली धमाके के बाद अमेठी में हाई अलर्ट



**अमेठी।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके में कई लोगों की मौत के बाद यूपी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में अमेठी प्रशासन भी देर रात सक्रिय हो गया और अधिकारियों ने सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण शुरू किया। सोमवार देर रात अमेठी की पुलिस अधीक्षक एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने अचानक अमेठी कस्बे का दौरा किया। उन्होंने अमेठी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा हालात की समीक्षा की। भीड़ वाले क्षेत्रों में मौजूद पुलिस बल को उन्होंने विशेष सतर्कता बरतने और आने-जाने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी (एसडीएम) आशीष सिंह, क्षेत्राधिकारी (सीओ) मनोज मिश्रा, थाना प्रभारी रवि सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, यात्री हाल, टिकट काउंटर और पार्किंग क्षेत्र में छानबीन की। बस स्टैंड पर भी गाड़ियों की चेकिंग बढ़ाई गई। प्रशासन का कहना है कि दिल्ली की घटना के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना दें।

## निर्माणाधीन पाइप पेयजल परियोजना की डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्त्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य न केवल योजना की प्रगति की समीक्षा करना है, वरन उसे और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार



**सुलतानपुर (वीओएल)।** बीते साल फरवरी में घर से गायब हुई किशोरी साल भर से अधिक समय बाद घर लौटी तो पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के मोबाइल पर मिस्ड कॉल आई थी। मिस्ड कॉल धीरे धीरे बात चीत में बदल प्यार की परवान चढ़ गई। 28 फरवरी 2024 की रात किशोरी प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजन खोजबीन करते रहे सफलता नहीं मिलने पर थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी, लेकिन सफलता नहीं मिली। साल भर से अधिक समय बीतने के बाद दो दिन पहले किशोरी अपने गांव लौट आई। थाने पहुंच किशोरी ने पुलिस को आप बीती बताई तो पुलिस ने पहले से दर्ज मुकदमे में धारा बढ़ाते हुए अभियुक्त की तलाश में लगी। पुलिस को सफलता हासिल हुई अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई। पकड़े गए युवक की शिनाख्त राजस्थान के पाली जिला के सेनडा थाना क्षेत्र के झूठा का बड़िया खोखरी निवासी फतेह सिंह के रूप में हुई। कादीपुर कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया कि किशोरी की शिकायत पर धारा में बढ़ोत्तरी कर आरोपित को हिरासत में लेते हुए न्यायालय भेजा गया है।

# दिल्ली ब्लास्ट के दोषियों को मिलेगा कठोर दंड : दिनेश शर्मा

**हरचंदपुर, रायबरेली।** पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो तत्व राष्ट्र की संवैधानिक व्यवस्थाओं को ध्वस्त करने का सपना देख रहे हैं, वे गलतफहमी में हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में एक सशक्त सरकार है, जो जल्द ही इन घटनाओं का खुलासा करेगी और दोषियों को कठोर दंड मिलेगा। यह बात उन्होंने हिंदुस्तान के भीतर या बाहर के किसी भी तत्व के संदर्भ में कही। उल्लेखनीय है कि पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा का रायबरेली में सकल नारायण मेमोरियल पब्लिक स्कूल के स्टाफ ने स्वागत किया। वे चित्रकूट जाते समय हरचंदपुर स्थित एक निजी होटल में लगभग 30 मिनट तक रुके। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक संजय सिंह और समस्त स्टाफ ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रबंधक संजय सिंह, हरचंदपुर के प्रधानाचार्य अनिल सिंह, अटौरा बुजुर्ग के प्रधानाचार्य अजीत, नागेंद्र सिंह, सुरेंद्र, राजीव सिंह, कौसलेंद्र सिंह, विपिन, प्रतिमा मैडम, दुर्गा शंकर, सुरेश सिंह, चंदेल, चंदन तिवारी, पी के बाजपेयी, सुधांशु बाजपेयी, अमिता सिंह और अर्चना सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।



## दो बाइक सवार घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** सामने से आ रही बाइक से टकराकर दो बाइक सवार घायल हो गए। मंगलवार दोपहर को पूरे औसान मजरे ज्योना निवासी राजाराम 45 वर्ष अपने साथी अखिलेश 30 वर्ष निवासी बरियार सिंह मजरे ज्योना के साथ एक ही बाइक पर चंदापुर की तरफ जा रहे थे तभी रास्ते में पूरे उदवत गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार अंकित पुत्र राम अवतार ने राजाराम की बाइक से टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार जारी है।

## प्रज्ञा पुराण कथा भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू

**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ठेंगहा गांव में मंगलवार से पांच दिवसीय प्रातःकालीन यज्ञ एवं सायंकालीन वेला में प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों की मौजूदगी रही। मंगलवार सुबह ठेंगहा में श्री रणंजय इंटर कॉलेज के बगल स्थित खेल मैदान में मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। मंगलवार सुबह दस बजे रामघाट मालती नदी से जल भर करके भारी संख्या में महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर तथा वरिष्ठ पुरुषों ने अपने सिर पर सद् साहित्य रखकर व युवाओं बच्चों ने ?



ध्वज और सद् वाक्यों के बैनर लेकर मंगल कलश यात्रा गांव के सभी धर्म स्थलों पर पूजन कर सम्पन्न की। कलश यात्रा में रेनू पाण्डेय, रीना देवी, किरन बरनवाल, कमला तिवारी, कृष्णा देवी, उर्मिला, सुभद्रा मौर्य, लालती देवी, वीना बरनवाल के साथ आरएसएस के जिला प्रचारक पवन जी, गायत्री परिवार जिला समन्वयक डा त्रिवेणी सिंह, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक राधे श्याम त्रिपाठी, डा रामेन्द्र तिवारी, बदलू राम, संघ के वरिष्ठ कार्य कर्ता व स्थानीय राधेश्याम तिवारी, अशोक कुमार बरनवाल, पवन बरनवाल, राणा प्रताप सिंह, राकेश मौर्य, जय प्रकाश द्विवेदी, प्रबन्धक राघवेन्द्र सिंह, अविनाश सिंह, पूर्व स्टेशन अधीक्षक त्रिवेणी प्रसाद सिंह, राजेन्द्र सिंह, राय यश मौर्य, सुभाष मिश्रा सहित सैकडों. श्रद्धालु लगातार लगे रहे। पूजन पं सुभाष द्विवेदी और पं इन्द्र देव शर्मा ने कराया। गायत्री परिवार अमेठी के जिला समन्वयक डॉ त्रिवेणी सिंह ने बताया कि पावन प्रज्ञा पुराण इस युग की समस्या के समाधान हेतु आचार्य पं श्री राम शर्मा द्वारा लिखा गया युग साहित्य है। कार्यक्रम का समापन आगामी शनिवार को पूर्णाहुति, कन्या भोज के साथ होगा।

# महिला सहायता परामर्श केंद्र की पहल से विवाहित जोड़ा हुआ एकजुट



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस की सक्रियता और महिला सहायता परामर्श केंद्र के अथक प्रयासों से एक और विवाहित जोड़ा फिर एकजुट हो गया। परिवारिक विवाद के कारण अलग रह रही मेहनाज खातून पत्नी मोहम्मद सुफियान, निवासी बढ़ौली थाना दोस्तपुर, को समझा-बुझाकर उनके पति के साथ सकुशल विदा कराया गया। लंबे समय से चले आ रहे विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में पुलिस प्रशासन और परामर्श टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह समाधान पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत की देखरेख में संभव हो सका। परामर्श केंद्र की टीमकृमहिला आरक्षी रेनू यादव, सीमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मनोरमा पांडेय, अपराध निरोधक समिति सचिव अमर बहादुर सिंह, व समाजसेविका नजमा बानो ने प्रयास कर पति-पत्नी को परस्पर समझाया। अंततः दोनों ने मनमुटाव भूलकर साथ रहने का निर्णय लिया और सुफियान अपनी पत्नी को सम्मानपूर्वक घर ले गए। इस महत्वपूर्ण पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। बताया गया कि महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा अनेक ऐसे परिवारों को भी पुनः मिलाया गया है, जो आपसी नाराजगी के चलते अलग रह रहे थे। अब वे फिर से साथ जीवन व्यतीत कर खुशहाल जीवन बिता रहे हैं। इस प्रयास से समाज में सकारात्मक संदेश गया है कि संवाद और समझदारी से किसी भी विवाद को सुलझाया जा सकता है। पुलिस विभाग और परामर्श केंद्र की यह पहल सामाजिक सौहार्द और परिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में प्रभावी साबित हो रही है।

## श्री बालाजी मंदिर में संपन्न जागरण में धार्मिक भजनों का भक्तों ने उठाया आनंद

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के श्री बालाजी मंदिर में जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बालाजी की भक्ति में भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर बालाजी के स्वयंभू स्वरूप का विधिवत अभिषेक किया गया और सोने का चोला चढ़ाया गया।

जागरण के दौरान, श्रद्धालुओं ने मेवा, मिश्री, लड्डू और सवामणी का भोग अर्पित कर परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। मुकेश शुक्ला के भजनों के बीच

बालाजी के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। बालाजी मंदिर रोड पर भारी भीड़ रही। पुलिस को व्यवस्था संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। लालगंज सब्जी मंडी के बालाजी धाम में यह जागरण एक यादगार अवसर था, जहां श्रद्धालुओं ने बालाजी की भक्ति में अपने आप को समर्पित किया। वही श्री बालाजी सरकार सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री अशोक शुक्ला, व्यवस्थापक अशोक चड्ढा, उपाध्यक्ष राकेश यादव की व्यवस्था बहुत ही सराहनीय रही। कमेटी के लोगों ने श्री मेहंदीपुर बालाजी तीन पहाड़ से आए योगी राम अवतार और उनके साथ के संतों का शानदार ढंग से स्वागत भी किया। कार्यक्रम में मुकेश शुक्ला के द्वारा प्रस्तुत राम लक्ष्मण जानकी और पवन सुत बजरंगबली की झांकी भी बहुत सराही गई।

स अवसर पर सुशील शुक्ला, कैलाश वाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, राजन अवस्थी, राघवेंद्र सूर्यवंशी, गोपाल बाबू, बच्चा पांडे, समर्थ गुप्ता, मंटू बाजपेई, रुद्रांश चड्ढा, बंसी गुप्ता, जय वाजपेई, विनय गुप्ता शक्ति सिंह आदि हजारों दर्शक मौजूद रहे।

# बैनामे की जमीन पर बनी दुकानों पर कब्जा, डीएम से गुहार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बैनामे की जमीन पर बनी दुकानों पर विपक्षी ने कब्जा कर लिया है। कब्जा की गई दुकानों पर उचित दर की दुकान संचालित हो रही है। युवक ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पीढी गांव निवासी शुभम्-मौर्य पुत्र स्व अरुण कुमार मौर्य ने डीएम कुमार हर्ष को शपथ पत्र युक्त शिकायती पत्र दिया है। शुभम ने बताया कि कूरेभार विकास खंड की बेलगरा ग्राम पंचायत के मेहाइया में गाटा संख्या- 853 में दुकाने बनी हुई है। जिसका बैनामा उनके दादा ने लिया था दादा की मौत के बाद जमीन दादी व उनके पिता के नाम आ गई थी। उनके पिता अरुण कुमार की मौत के बाद जमीन अब उसके नाम आ गई है। जिस पर परिवार के ही सुशील कुमार मौर्य जो कि पीढी गांव के उचित दर विक्रेता है कब्जा कर रखा है। आरोप है कि दुकानें खाली करने के लिए कहने पर विपक्षी हमलावर हो जाते है।

**जयसिंहपुर विकास खंड की उचित दर की दुकान कूरेभार में संचालित**

बताते चलें कि सुशील कुमार मौर्य जयसिंहपुर विकास खंड के पीढी गांव के उचित दर विक्रेता है, जबकि उनकी उचित दर की दुकान कूरेभार विकास खंड के बेलगरा ग्राम पंचायत के मेहाइया में संचालित हो रही है। वर्षों से संचालित उचित दर विक्रेता की दुकान का क्या पूर्ति निरीक्षक द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया। अगर निरीक्षण किया गया है तो जिस विकास खंड की दुकान है उस विकास खंड में क्यों संचालित नहीं है। फिलहाल पीड़ित ने डीएम को संबोधित शिकायती पत्र दिया है देखना होगा कि जिला पूर्ति अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

# शिक्षा व संस्कार के लिए शिक्षकों का जीवन देवतुल्य

- सच्चे संकल्प के साथ संस्कृत को बहु आयामी बनाने की आवश्यकता : हरीषानन्द मिश्र

**रायबरेली।** शिक्षा व संस्कार के लिए शिक्षकों का जीवन देवतुल्य है। शिक्षक सदैव दीपक की तरह जलकर राष्ट्र और समाज को प्रकाशित करता है। उक्त उद्गार अमेरिका में चिकित्सक के पद पर कार्यरत बतौर मुख्य अतिथि डॉ ह्दयेश पाठक ने श्री अंबिकाजी संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय मुरारमऊ में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जन जन की सेवा बेहतर शिक्षा से पूर्ण हो जाती है। आईटी सेक्टर के प्रबंधक विकास दीक्षित दिल्ली ने कहा कि संस्कृत शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए वेबसाइट व अन्य कंप्यूटरीकृत संसाधनों का सहयोग लेना होगा। संस्कृत अंग्रेजी की शिक्षा साथ ही यदि मिले तो हमारी संस्कृत शिक्षा भी उन्नत और प्रगतिशील होगी। वहीं डलमऊ बड़ा मठ के स्वामी दिव्यानन्द ने कहा कि भारतीय संस्कृति की संरचना वैदिक काल से आज तक परस्पर रूप से लोगों में आत्मतत्व के रूप में निहित है, जिससे मनुष्य का जीवन पूर्ण होता है। उन्होंने संस्कृत के प्रति लोगों को जागरूक किया। संस्कृत शिक्षा के जिला नोडल हरीशानन्द मिश्र ने कहा कि वर्तमान की जरूरत में सभी को वैदिक मूल्य पर आधारित राष्ट्रप्रेम और सच्चे संकल्प के साथ संस्कृत को बहु आयामी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के मूल्यों में संस्कृत शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। अपने बच्चों को हर समय संस्कृत शिक्षा की ओर प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ राकेश पाठक एवं विद्यालय प्रधानाचार्य विवेक दीक्षित ने संयुक्त रूप से शिक्षकों और समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्र अशोक कुमार शुक्ल जयंती देवी विनोद त्रिपाठी बृजेश त्रिपाठी आदि सैकड़ों शिक्षक गण एवं समाज के लोग मौजूद रहे।




## मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में होगा युवा उत्सव व साइंस मेला का आयोजन 12 को

**अमेठी।** जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, जनपद अमेठी द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 के अंतर्गत युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन दिनांक 12 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से मनीषी महिला पी.जी. कॉलेज, गौरीगंज (अमेठी) में किया जाएगा। इस आयोजन में 01 सितम्बर 2025 को 15 से 29 वर्ष आयु के बीच के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। जनपद स्तर पर सांस्कृतिक एवं इनोवेशन ट्रैक के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें – डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह कविता लेखन, तथा इनोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी) शामिल हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के भोजन, आवागमन विकास खंड से जनपद तक आने-जाने का खर्च), निर्णायकों का मानदेय, पुरस्कार एवं रेल, बस किराया द्वितीय श्रेणी अनुसार) विभाग द्वारा देय होगा। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों के नामांकन के लिए वही नाम मान्य होगा जो उनके हाईस्कूल प्रमाणपत्र में अंकित है। हाईस्कूल प्रमाणपत्र न होने की स्थिति में प्रतिभागी का नाम उसके बैंक विवरण के अनुसार लिखा जाएगा। साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को अपने आधार कार्ड की छायाप्रति भी प्रस्तुत करनी होगी। कार्यक्रम की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी की होगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक बंधुता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा किसी भी धर्म, भाषा, जाति, वर्ग, राजनीतिक दल या सरकार के संबंध में कोई टिप्पणी या प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिल्मी गीतों को कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

संक्षेप

## शादी के लिए दिल्ली जा रही महिला की मौत

**मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे माइल स्टोन 115 पर शादी के लिये इटावा से दिल्ली सामान खरीदने जा रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल है जिनका प्राईवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। महावन थाना क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 115 के पास बीती देरशाम आगरा से दिल्ली की ओर जाती कार का टायर यकायक फट गया जिससे यह कार अनियंत्रित यमुना एक्सप्रेस वे के सहारे गहरे गडढे में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की सहायता टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। कार में फंसे दंपत्ति को कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी से बाहर निकालकर उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने इटावा के विजय नगर निवासी दुर्गा (25) को मृत घोषित कर दिया। जबकि पति अभिषेक की दशा गंभीर बनी हुयी है जिनका उपचार प्राईवेट अस्पताल में चल रहा है। पोस्टमार्टम गृह पर परिजनों ने बताया कि अभिषेक की बहिन की शादी आगामी 16 नवंबर को होनी थी। शादी समारोह को लेकर परिवार में तैयारियां चल रही थी। दोनों पति पत्नी पांच दिन बाद होने वाली शादी के लिये खरीददारी करने दिल्ली जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ। दुर्घटना में महिला की मौत के बाद शादी समारोह के घर में कोहराम मच गया है।

## कांग्रेस नेता पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**आगरा।** थाना बासौनी पुलिस और सर्विलांस सेल (पूर्वी जोन) की संयुक्त टीम ने सोमवार की रात एक वांछित अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर शादी समारोह से 28 अक्टूबर को लौट रहे कांग्रेस नेता और उनके भाई पर जानलेवा हमला और फायरिंग करने का आरोप है। एसीपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मिताइली रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने पुलिस टीम पर अवैध पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। इस मौके का लाभ उठाते हुए उसका साथी फरार हो गया। घायल आरोपी की पहचान रामलखन उर्फ गोलू पुत्र कृष्ण मुरारी, निवासी ग्राम उमरैठा थाना बासौनी के रूप में हुई है।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद मथुरा में बढ़ी सर्तकता

## एडीजी ने की हाईपावर कमेटी संग बैठक, किया जन्मभूमि का निरीक्षण



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। दिल्ली में हुए धमाकों के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण बैठक लगभग चार घंटे तक चली। इसमें सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी आईबी विनीता शर्मा, आईजी इंटेलिजेंस तरुण गावा, आईजी सीआरपीएफ अनिल कुमार, डीआईजी आगरा शैलेश पांडेय, डीएम मथुरा सी.पी. सिंह और एसएसपी मथुरा श्लोक कुमार सहित कई वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जन्मभूमि परिसर, परिक्रमा मार्ग और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की प्रस्तावित सनातन पदयात्रा को लेकर भी अलग से रणनीति बनाई गई। इसमें भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा बलों की तैनाती, ड्रोन सर्विलांस बढ़ाने, चेकिंग प्वाइंट्स को मजबूत करने और रूट प्लान पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र में सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रवेश द्वारों पर हाईटेक निगरानी, अतिरिक्त बल की तैनाती और निरंतर पैदल गश्त सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

## वाहन ने युवक को रौंदा, मौत

**छाता।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बहिन से मिलने बाइक पर आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। बताया गया कि राजस्थान के डीग स्थित नौनेरा गांव निवासी सचिन उर्फ देवराज पुत्र ओमप्रकाश देर शाम अपीन बहिन की ससुराल छाता आ रहा था तभी हाईवे पर रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## वकीलों ने किया सदर तहसील पर प्रदर्शन, एसडीएम से हुई नोंकझौंक

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मथुरा की तहसीलों में भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं के कब्जे का गंभीर आरोप लगाते हुए राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन ने मंगलवार को सदर तहसील में प्रदर्शन किया। साथ ही न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओ को शांत करने आए एसडीएम सदर अभिनव जैन से भी नोकझोंक हो गई। जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन में, राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन ने कहा है कि तहसील सदर, महावन, गोवर्धन और मांट में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है।

जनपद की तहसीलों में भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं के कब्जे का गंभीर आरोप लगाते हुए राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन ने मंगलवार को सदर तहसील में प्रदर्शन किया। साथ ही न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।

अधिवक्ताओ को शांत करने आए एसडीएम सदर अभिनव जैन से भी नोकझोंक हो गई। जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन में, राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन ने कहा है कि तहसील सदर, महावन, गोवर्धन और मांट में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। इन तहसीलों में न्यायालयों की न्यायिक प्रक्रिया, कार्यशैली और निर्णयों पर भू-माफियाओं व कुछ विशेष समूहों का कब्जा हो गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि मुकदमों का निर्णय, तारीखें और न्यायिक प्रक्रिया भी उन्हीं के अनुसार प्रभावित हो रही हैं, जिससे वकीलों के लिए स्वतंत्र रूप से न्यायिक कार्य करना असंभव हो गया है।



## बम धमाका के बाद सनातन एकता पदयात्रा को लेकर सुरक्षा चाक चौबंद



**मथुरा।** दिल्ली में सोमवार को हुए बम धमाका के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया है। बागेश्वर बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में 13 नंवबर को कोसी आने वाली सनातन एकता पदयात्रा को लेकर चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बॉर्डर से कोसी तक हाईवे पर बुधवार से सभी होटल और रेस्टोरेंट बंद करवा दिए गए हैं। हाईवे किनारे किसी भी वाहन को खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। जो वाहन खड़े थे, मंगलवार को हटवा दिए गए। इसके साथ ही कांशीराम आवासों में तलाशी और पूछताछ शुरू कर दी गई है। सनातन एकता पदयात्रा 13 नवंबर को शाम को बॉर्डर से यूपी सीमा में प्रवेश करेगी। कोसी में मंडी समिति परिसर में पड़ाव रखा गया है। पदयात्रा की सुरक्षा के लिए तमाम सुरक्षा एजेंसियां और सुरक्षा बल सक्रिय हो गए हैं। सोमवार रात से ही सभी एजेंसियों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी संभाल ली। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग, संदिग्धों की पहचान के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। मंगलवार को भी ऑपरेशन जारी रहा। इधर, दिल्ली में बम धमाके के बाद अति संवेदनशील श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। बाँके बिहारी मंदिर और कई और महत्वपूर्ण मंदिरों को पुलिस ने अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया है। सनातन एकता पदयात्रा को लेकर पुलिस लाइन में हाई पावर सिक्योरिटी मीटिंग भी अपर पुलिस महानिदेशक की मौजूदगी में आनन फानन में बुलाई गई। एडीजी सुरक्षा ने सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। इसके आलावा 13 नवंबर को धीरेन्द्र शास्त्री की सनातन यात्रा भी आ रही है, उसके लिए सुरक्षा के सभी प्रबंध करने को कहा। कहा कि इस यात्रा का तीन दिन का जिले में पड़ाव है और लाखों लोग यात्रा में शामिल होंगे उनकी सुरक्षा शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## आलू बीज घोटाला में जनप्रतिनिधियों ने हक लूटा

**आगरा।** जनप्रतिनिधियों को एक फोन कॉल पर 100 क्विंटल आलू बीज मिल गया, लेकिन एडवांस पैसा जमा करने वाले किसान खाली हाथ रह गए। आगरा में आलू बीज वितरण में हुए भ्रष्टाचार की परतें धीरे-धीरे खुलती जा रही हैं। वितरण के लिए आया कुफरी बहार किस्म का बीज वीआईपी यानी जनप्रतिनिधि डकार गए। उन्हें एक फोन कॉल पर 100 क्विंटल तक बीज मिल गया, जबकि 10-10 क्विंटल बीज के लिए एडवांस पैसे जमा करने वाले वाले छोटे किसान खाली हाथ रह गए। 1300 से अधिक किसानों ने उद्यान अधिकारियों के पास एक करोड़ से अधिक रुपये जमा कराए थे, लेकिन एक हजार किसानों को बीज ही नहीं मिला। अब ये किसान अपने रुपये वापस पाने के लिए भटक रहे हैं। जिले में 4300 क्विंटल आलू बीज आवंटित हुआ था। 1300 से अधिक किसानों ने बीज खरीद के लिए आवेदन किया और एक करोड़ रुपये से अधिक जमा कराए। हालांकि, जब बीज बांटने की बारी आई तो किसानों पर वीआईपी भारी पड़ गए। विभागीय सूत्र बताते हैं कि 14 जनप्रतिनिधियों ने आलू का कुफरी बहार बीज लिया है। किसी को 50 क्विंटल तो किसी को 100 क्विंटल बीज मिला। वहीं रकम जमा कराने वाले 1300 से अधिक किसानों में से करीब हजार किसान बीज के लिए भटक रहे हैं। उन्हें जमा की गई रकम भी वापस नहीं मिली। ऐसे में किसानों को मेहनत की कमाई डूबने का डर सता रहा है। जिले में 1.20 लाख से अधिक आलू किसान हैं। बीज वितरण में हुई धांधली सामने के बाद से किसानों में आक्रोश है। उद्यान विभाग ने आलू बीज खरीदने वालों किसानों के सामने सब्जी बीज खरीदने की शर्त रखी गई। किसान कहते रहे कि आलू व सब्जी की फसल एक साथ नहीं कर सकते, लेकिन उद्यान अधिकारी नहीं मानें। सब्जी बीज के नाम पर किसी से 500 से 2500 रुपये तक अतिरिक्त वसूले गए। जबकि, सब्जी का बीज वितरण के लिए आया ही नहीं। ऐसे में सब्जी बीज के नाम पर बड़े फर्जीवाड़े की आशंका है। आलू बीज वितरण में धांधली पर उप निदेशक उद्यान धर्मपाल यादव, उप निदेशक आलू नीरज कुमार कौशल, जिला उद्यान अधिकारी बैजनाथ सिंह, वितरण प्रभारी संजीव यादव, कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार को निलंबित किया जा चुका है। अधिकारियों समेत पांच के निलंबन से उद्यान विभाग में तीन दिन से काम ठप है। बीज नहीं मिलने पर किसान रकम वापसी के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं है।

## संस्कृति विवि की टीम स्टार्टअप प्रतियोगिता की बनी विजेता



**मथुरा।** संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का झंडा लहराया है। दरअसल आईआईटी कानपुर में द इंडस एंटरप्रिन्योर (टीआईई) उप्र स्टार्टअप प्रतियोगिता 2025 का आयोजन हुआ था जिसमें संस्कृति ववि के स्टार्टअप ऑम्रिक्स की टीम वैश्वविक पिच प्रतियोता के अंतर्गत आयोजित टीआई प्रतियोगिता 2025 में विजयश्री हासिल कर नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश भर के युवा नवप्रवर्तकों के अभूतपूर्व विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करती है। संस्कृति की टीम ऑम्रिक्स ने अपने अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा नवाचार (स्टार्टअप), ऑम्रिक्स के एसडी-वान डीडीओएस(कॅ ह्य क्क्वै) डिफेंडर, से निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। यह एक एआई-संचालित और ब्लॉकचेन-समर्थित नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली है जिसे आधुनिक उद्यमों को ऑनलाइन खतरों और वितरित सेवा निषेध (डीडीओएस) हमलों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

वरुण कुमार (सीईओ), यश श्रीवास्तव (सीटीओ), राजन शर्मा (सीएफओ) और सूरज (उत्पाद प्रबंधक) के नेतृत्व में, टीम ने एक मजबूत व्यावसायिक और तकनीकी मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें वास्तविक समय में खतरे का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सुरक्षित घटना लॉगिंग के लिए ब्लॉकचेन का संयोजन किया गया है। यह प्रणाली छोटे और मध्यम उद्यमों, फिनटेक फर्मों और दूरसंचार नेटवर्क के लिए किफायती, प्लग-एंड-प्ले सुरक्षा प्रदान करती हैकृजिससे एंटरप्राइज-स्तरीय साइबर सुरक्षा सभी के लिए सुलभ हो जाती है। टीआईई उत्तर प्रदेश के निर्णायकों और सलाहकारों ने तकनीकी उत्कृष्टता, बाजार की समझ और मापनीयता क्षमता के लिए टीम की सराहना की और ऑम्रिक्स को शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र में उभर रहे सबसे आशाजनक अगली पीढ़ी के साइबर सुरक्षा स्टार्टअप्स में से एक माना। यह आयोजन टीआईई उत्तर प्रदेश, टीआईई यूनिवर्सिटी ग्लोबल और आईआईटी कानपुर के बीच एक सहयोग कार्यक्रम था, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में छात्र संस्थापकों के बीच उद्यमिता, मार्गदर्शन और नवाचार को बढ़ावा देना था।

## आगरा में 'जहरीले दूध' का खुलासा, 5300 लीटर केमिकल दूध बरामद, बजरंग डेयरी सील

**आगरा।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खेरागढ़ क्षेत्र के डूंगर वाला गांव में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यहां बजरंग डेयरी के नाम से चल रही फैक्ट्री में केमिकल से दूध तैयार किया जा रहा था। विभाग की टीम ने मौके पर छापा मारकर करीब 5300 लीटर मिलावटी दूध नष्ट कराया और भारी मात्रा में दूध तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला खतरनाक रासायनिक पदार्थ (केमिकल) बरामद किया। जब्त किए गए केमिकल की कीमत पांच लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, डेयरी में दूध की मात्रा बढ़ाने और उसे गाढ़ा दिखाने के लिए सिंथेटिक केमिकल्स और डिटर्जेंट जैसे तत्वों का इस्तेमाल किया जा रहा था। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने कबूल किया कि दूध की मांग पूरी करने के लिए यह मिलावटी दूध आसपास के इलाकों में सप्लाई किया जाता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डेयरी संचालक पवन शर्मा और प्रमोद के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। साथ ही बजरंग डेयरी का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है और उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इस तरह का मिलावटी दूध जनस्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है, और विभाग अब अन्य संदिग्ध डेयरियों पर भी निगरानी बढ़ा रहा है।

## दो लाख में बेच दी साली, आरोपी जीजा गिरफ्तार

**आगरा।** अपहरण के बाद साली को बेचने के आरोपी जीजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की छानबीन कर रही नागपुर पुलिस जीजा को अपने साथ ले गई है। फतेहाबाद में साली का अपहरण करने के बाद दो लाख रुपये में बेचने के आरोपी थाना निबोहरा क्षेत्र के एक गांव के युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र के नागपुर से पहुंची पुलिस आरोपी जीजा को अपने साथ ले गई। थाना कपिल नगर, नागपुर महाराष्ट्र के उपनिरीक्षक अविनाश संभाराव खटके ने बताया कि मई 2025 में आरोपी अवधेश उर्फ ब्रह्मचारी ने साथियों के साथ मिलकर साली का अपहरण किया था और उसे राजस्थान में दो लाख रुपये में बेच दिया था। इस मामले में पुलिस ने केस दर्जकर एक आरोपी को पहले ही जेल भेज दिया है। निबोहरा के प्रभारी निरीक्षक जय नारायण सिंह ने बताया कि साली का अपहरण कर बेचने के मामले में नागपुर पुलिस ने वांछित आरोपी अवधेश उर्फ ब्रह्मचारी को गिरफ्तार कर ले गई है।

# आत्मनिर्भर भारत एक सामाजिक आंदोलन : दिनेश शर्मा

- आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यालय पर प्रोफेशनल सम्मेलन संपन्न




**मथुरा।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा सरस्वती कुंड स्थित नेशनल चैंबर में महानगर जिलाध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव की अध्यक्षता में प्रोफेशनल सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभभाजपा के प्रेरणा स्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा महापौर विनोद अग्रवाल महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू पूर्व महानगर अध्यक चेतन स्वरूप पाराशर नेशनल चैंबर के अध्यक्ष राजेश बजाज ने संयुक्त पुष्पार्चन दीप प्रज्वलन कर एवं सामूहिक वंदे मातरम् के साथ हुआ।सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का एक सामाजिक आंदोलन है जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षक एवं उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत के विजन पर विस्तृत चर्चा हुई तथा प्रोफेशनल वर्ग की भूमिका पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया। सम्मेलन में राकेश चतुवेर्दी राजेश बजाज, राजेंद्र वर्मा,मूल चन्द्र गर्ग वर्मा ,रामकिशन पाठक, मदन मोहन श्रीवास्तव, संजय शर्मा, चंद्रपाल कुंतल,योगेश आभा, अंकुर अग्रवाल, विनीत शर्मा, पवन हिंडोल,हेमंत खंदौली, गोला, मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, विजय शर्मा,दीपक गोला,विशाल गुप्ता , नितिन चतुवेर्दी,नट्टू पंडित दीपक गोला, ललित अग्रवाल,अनीश वर्मा, जितेंद्र वार्ष्णेय,राजेश तोमर, प्रमोद बंसल ,सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## सिम्स ने लगाया निःशुल्क नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी स्वास्थ्य शिविर

**मथुरा।** मूत्र एवं किडनी के मरीजों के बेहतर इलाज के लिए सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सिम्स हॉस्पिटल में एक निःशुल्क नेफ्रोलॉजी एवं यूरोलॉजी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस फ्री हेल्थ कैम्प में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष शर्मा और यूरोलॉजिस्ट डॉ. शिवकुमार चाहर ने लगभग 60 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इसके साथ ही ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जाँचें निःशुल्क की गई। रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जाँचों पर 30 प्रतिशत की छूट तथा बी.एम.सी. और यूरोफ्लोमैट्री (मूत्रजाँच) पर 50प्रतिशत की छूट दी गयी। फ्री हेल्थ कैम्प में अधिकतर यूरिन इंफेक्शन, प्रोस्टेट, पेशाब रुक-रुक कर आना, गुर्दे की पथरी, डायलिसिस के मरीज, किडनी में संक्रमण के मरीज देखे गये। कैम्प में आये हुए उपस्थित लोगों ने सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज और डॉ. आशीष शर्मा और डॉ. शिवकुमार चाहर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि बृजवासियों की सेवा का मेरा सपना पूरा हो रहा है, फ्री किडनी हेल्थ कैम्प में मरीज डॉ. आशीष शर्मा और डॉ. शिवकुमार चाहर की ओपीडी के बाहर अपनी बारी का इन्तजार करते हुए मरीजों को देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। सिम्स हॉस्पिटल का किडनी रोग विभाग बृज क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ रीनल साइंसेस सेंटर है यहाँ किडनी से जुड़ी सभी बीमारियों का विश्वस्तरीय इलाज उपलब्ध है। सिम्स हॉस्पिटल में 24 घण्टे सभी बीमारियों के विश्वस्तरीय इलाज के लिए अनुभवी चिकित्सक एवं अत्याधुनिक उपकरण मौजूद है। सिम्स है तो मुमकिन है।

## खाद्य विभाग की टीम का अभियान जारी सात सैम्पल भेजे प्रयोगशाला जांच को



**मथुरा।** खाद्य विभाग की टीम ने आज जनपद भर में कई स्थानों पर छापामार करवाई कर घटिया एवं दूषित खाद्य सामग्री को फिक्रवा कर कई डेरियों के सैंपल भी भरे हैं। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी, मथुरा के आदेश के अनुपालन में ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दलवीर सिंह, भरत सिंह, अरूण कुमार एवं रीना शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु नौहझील स्थित पनीर निर्माण इकाई से पनीर का एक नमूना, बाजना स्थित पनीर निर्माण इकाई से एक पनीर का व एक क्रीम नमूना तथा महोली रोड स्थित डेयरी से पनीर एवं घी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया तथा गौरा नगर, उल्लू का बाग, वृन्दावन स्थित रिजवान की दुकान से सोया सॉस का एक नमूना एवं वेज चटनी (सॉस) का एक नमूना संग्रहित किया गया एवं 25 बोतल सोया सॉस की व 20 पैकेट वेज चटनी सॉस के सीज किये गये। संग्रहित किये गये कुल सात नमूनों को जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य कारोबारकताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने, अपने प्रतिष्ठानों में दृश्य स्थान पर अनुज्ञप्ति/पंजीकरण प्रदर्शित करने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने तथा खाद्य परिसर व आस-पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## दिल्ली धमाके के बाद आगरा हाई अलर्ट पर रेलवे स्टेशन से ताजमहल तक बढ़ी सुरक्षा

**आगरा।** दिल्ली में हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया है कि धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और परिवहन केंद्रों पर सुरक्षा कड़ी की जाए। निर्देशों के अनुपालन में ताजनगरी आगरा में भी चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस, आरपीएफ और खुफिया टीमें शहर के प्रमुख स्थलों पर गहन जांच कर रही हैं। आगरा के प्रमुख रेलवे स्टेशनों आगरा कैंट, आगरा फोर्ट और ईदगाह स्टेशन पर यात्रियों के सामान की सघन चेकिंग की जा रही है। बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड की टीमें लगातार राउंड ले रही हैं। आईएसबीटी पर भी सुरक्षा बलों ने बैरियर लगाकर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। मस्जिदों, मंदिरों और गिरजाघरों के आसपास पुलिस तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज मॉनिटरिंग को भी तेज कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें और आमजन को सतर्क रहने के लिए जागरूक करें। संजय प्लेस, सदर बाजार, फतेहाबाद रोड, ताजमहल के आसपास और मॉल्स में पुलिस की फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। पर्यटन स्थलों पर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात की गई है। सभी होटलों, लॉज और धर्मशालाओं को निर्देश दिया गया है कि ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान दर्ज करें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि शहर पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन एहतियात के तौर पर निगरानी बढ़ाई गई है।

# मथुरा अपराध और अव्यवस्था की चपेट में : मुकेश




**मथुरा।** बढ़ती आपराधिक घटनाओं और बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर कांग्रेस ने चिंता व्यक्त की है। मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा आज अपराध और अव्यवस्था की चपेट में है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार का ह्लयोगी-मोदी मॉडलह्न विफल हो गया है। जिलाध्यक्ष धनगर ने हाल ही में भाजपा के जिला अध्यक्ष पर हुए हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब सत्ताधारी दल के प्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में अपराधियों का भय समाप्त हो गया है और पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है। धनगर ने यह भी कहा कि पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक बस्तियों में विकास योजनाएँ दिखाई नहीं देतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कटौती कर गरीब बच्चों के अवसरों को सीमित किया है। एनसीआरबी और स्थानीय अपराध आँकड़ों का हवाला देते हुए धनगर ने बताया कि अपराध दर लगातार बढ़ रही है, जबकि चार्जशीट दर कम है। उन्होंने मथुरा में बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि गोवर्धन क्षेत्र साइबर धोखाधड़ी का केंद्र बन रहा है, लेकिन अभी तक कोई साइबर थाना स्थापित नहीं किया गया है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने मगोर्रा थाना क्षेत्र में एक बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना का उल्लेख किया। धनगर ने कहा कि सरकार का ह्लमिशन शक्तिह्न केवल पोस्टरबाजी तक सीमित रह गया है। कांग्रेस ने सरकार से गोवर्धन में साइबर थाना, महिला सुरक्षा यूनिट, फास्ट-ट्रैक कोर्ट, हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही, उन्होंने पुलिस तंत्र से राजनीतिक दबाव खत्म करने की भी अपील की।

## ड्राइवर ने उड़ाये लाखों के जेवर-नकदी, गिरफ्तार

**आगरा।** घर से चोरी करने वाला ड्राइवर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने 2.30 लाख रुपये की नगदी भी बरामद की है। थाना एकता क्षेत्र में घर से चोरी करने वाले ड्राइवर को पुलिस ने 125 फीट रोड बंबू रिसोर्ट के सामने से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 2.30 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। एसीपी पीके राय ने बताया कि पंचवटी बिभव ग्रांड सोसाइटी निवासी प्रवीन त्यागी के घर से 16 अगस्त को उनका ड्राइवर मेरठ के थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरी निवासी संजीव घर में कपड़े धोने के बहाने घुसा था। प्रवीन की मां और पत्नी अन्य काम में व्यस्त थीं। आरोपी ने कमरे में रखे बेड से चार लाख रुपये और करीब 15-16 तोले सोने के जेवर चोरी कर लिए।

## बाल दिवस कार्यक्रम तरंग के तहत हुई प्रतियोगिता

**मथुरा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने अवगत कराया है कि विशेष बाल दिवस कार्यक्रम तरंग 10 नवम्बर से 20 नवंबर) के आयोजन के अवसर पर आज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा की उपस्थिति में पुलिस लाईन के परेड ग्राउण्ड में राजकीय बाल गृह (शिशु) एवं सम्प्रेक्षण गृह (किशोर),मथुरा में निरूद्ध बालिका/बालक/किशोरों आदि ने प्रतिभाग किया।50 मीटर की रेस एवं लेमन रेस में 12 बालक/ बालिकाओं तथा 400 मीटर की रिले रेस में 16 किशोरों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। 50 मीटर की रेस एवं लेमन रेस में 06 से 10 वर्ष के बच्चों ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की रिले रेस (जूनीयर वर्ग) में 11 से 14 वर्ष एवं (सीनियर वर्ग 15-18 वर्ष) के किशोरां ने प्रथम स्थान, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी विजेताओं को सचिव द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मनित किया गया। प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथिगणों को मोमेंटो देकर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान राजेश दीक्षित, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, राजेश कुमार-अधीक्षक, राजकीय बाल गृह , प्रभाकर सिंह-अधीक्षक, सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), मथुरा, बाल गृह के अध्यापक / अध्यापिका हरवीर सिह, पल्लवी सिरोतिया, सम्प्रेक्षण गृह किशोर के अध्यापक प्रवीन अरोड़ा एवं अंशुमान भारद्वाज, जिला क्रीड़ा विभाग के कोच, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा है।

संक्षेप

## पीएंडजी हेल्थ का लिवोजन आयरन गमीज लॉन्च

बंगलुरु। प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड ने आज लिवोजन आयरन गमीज के लॉन्च की घोषणा की, जिनका उद्देश्य महिलाओं को उनकी दैनिक आयरन आवश्यकता पूरी करने में सहायता करना है। ये आयरन गमीज लिवोजन द्वारा विकसित की गई हैं जो पीएंडजी हेल्थ के पोर्टफोलियो में भारत का 1 डॉक्टर द्वारा सुझाया गया आयरन सप्लीमेंट ब्रांड है। आयरन थकान और बाल झड़ने की समस्या को कम करने में मदद करता है। लिवोजन आयरन गमीज दो कटोरे पालक के बराबर आयरन प्रदान करती हैं। ये आयरन गमीज स्वादिष्ट स्ट्रॉबेरी फ्लेवर में आसानी से खाई जा सकने वाली फॉर्म में आती हैं और पेट पर हल्की रहती हैं, जिससे आयरन सप्लीमेंटेशन के अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाती हैं।

## टैफे ट्रैक्टर्स ईवी ने बनायी टॉप 5 फाइनलिस्टों में जगह

बंगलुरु। एग्रीटेक्निका 2025 में, टैफे - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड विश्व के एक सबसे बड़े ट्रैक्टर निमार्ता ने अपने अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक हाइब्रिड ट्रैक्टर टैफे ईवीएक्स75 का अनावरण किया, साथ ही टैफे ईवी28 इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को सस्टेनेबल ट्रैक्टर श्रेणी में ट्रैक्टर ऑफ द ईयर 2026 पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट चुने जाने की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न भी मनाया गया। ईवीएक्स75 के अलावा, टैफे ने अपनी नई विजन गाइडेंस सिस्टम और नई रेंज भी प्रदर्शित की। इसमें एक नए कैब वाला 100 एचपी का ट्रैक्टर (टैफे 1015), 74 एचपी का ऑर्चर्ड और फ्रूट ट्रैक्टर (टैफे 7515 जीई), और कॉम्पैक्ट यूटिलिटी सीरीज, 65 एचपी (टैफे 6065) का ट्रैक्टर शामिल है।

## भारत 56.35 प्रतिशत रोजगार क्षमता के साथ ग्लोबल टेलेंट पावरहाउस के रूप में उभरा

बंगलुरु। वैश्विक शिक्षा और प्रतिभा समाधान संगठन ईटीएस की ओर से जारी 2026 इंडिया स्किल्स रिपोर्ट में भारत के कार्यबल की उभरती डायनमिक्स और भविष्य के लिए उसकी तत्परता दर्शाई गई है। ईटीएस ने आज यह रिपोर्ट सीआईआई, एआईसीटीई, एआईयू और टैग्ड के सहयोग से जारी करने की घोषणा की है। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत की रोजगार क्षमता 2025 में 54.81 प्रतिशत से बढ़कर 2026 में 56.35 प्रतिशत हो गई है।

## सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 का रजिस्ट्रेशन 20 तक

नयी दिल्ली। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 का रजिस्ट्रेशन विंडो 20 नवम्बर 2025 को बंद करने की घोषणा की है। यह एमबीए के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। पांच दशकों की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सिम्बायोसिस उन छात्रों के लिए टॉप चॉइस है जो विश्व स्तर पर प्रासंगिक, उद्योग जगत के अनुरूप और अकादमिक रूप से दृढ़ प्रबन्धन शिक्षा पाना चाहते हैं। आवेदन के लिए अंतिम दिनांक को और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को अंतिम दिनांक से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन तीन तारीखों पर होगा, यानि उम्मीदवार तीन बार तक परीक्षा दे सकते हैं।

## विद्याज्ञान ने की 9वीं ऑल इंडिया वार्षिक कला प्रदर्शनी आयोजित

नोएडा। विद्याज्ञान स्कूल, जो ग्रामीण इलाकों के होनहार छात्रों के लिए बनाया गया है, उसने ईस्टर्न फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर के साथ मिलकर 6 से 8 नवंबर तक 9वीं अखिल भारतीय वार्षिक कला प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देशभर से 80 से ज्यादा कलाकार शामिल हुए। साथ ही छात्रों के लिए वर्कशॉप्स भी रखी गईं। इनमें से एक वर्कशॉप किरण नादर म्यूज़ियम ऑफ आर्ट्स द्वारा द आर्ट ऑफ सीइंग थी, जिसमें छात्रों ने सीखा कि किस तरह किसी पेंटिंग को ध्यान से देखकर उसके अंदर छिपे गहरे अर्थ को समझा जा सकता है। कला की अपनी एक अनोखी भाषा होती है।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने उत्कृष्ट ग्रेड हासिल किया

नयी दिल्ली। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने राष्ट्रीय CANSAT और मॉडल रॉकेट्री प्रतियोगिता में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया ने IN-SPACe-ISRO के सहयोग से किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को अंतरिक्ष मिशन की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव देना था।

# सेंसेक्स में 336 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांक में बीएसई सेंसेक्स 336 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के करीब पहुंच गया।

भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के बीच सेवाओं और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 411.32 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,124.03 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 125.1 अंक यानी 0.48 प्रतिशत टूटकर 25,449.25 अंक पर आ गया। हालांकि, दोनों मानक सूचकांकों ने अच्छी वापसी की और कारोबार के अंत में उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 335.97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 83,871.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 120.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत चढ़कर 25,694.95 अंक पर रहा। दिल्ली विस्फोट के प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच घरेलू बाजार की शुरुआत हल्की रही। हालांकि, अमेरिकी सीनेट द्वारा विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पारित किए जाने से वैश्विक संकेतों के समर्थन से, बाजार में तेजी से सुधार हुआ और यह लाभ के साथ बंद हुआ। महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र समाप्त होने वाला है। मझोली तथा छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांकों के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के चलते इसके सकारात्मक रुख के साथ समाप्त होने की उम्मीद है। आईटी, वाहन, धातु और एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों) क्षेत्रों में बढ़त के कारण यह तेजी बरकरार रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटर्नल, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड और टाटा स्टील शामिल हैं। बजाज फाइनेंस का शेयर सात प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसका कारण कंपनी के प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) की वृद्धि का कम अनुमान और परिसंपत्ति दबाव के बढ़ते संकेतों के बाद निवेशकों का सतर्क रुख अपनाना है। निवेशक अब घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

# म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में निवेश अक्टूबर में 19 प्रतिशत घटकर 24690 करोड़





मुंबई। म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश अक्टूबर में लगभग 19 प्रतिशत घटकर 24,690 करोड़ रुपये रह गया।

एक उद्योग निकाय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह लगातार तीसरा महीना है, जब इसमें गिरावट आई है। खुदरा निवेशकों के पसंदीदा निवेश विकल्प व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में कुल प्रवाह सितंबर के रिकॉर्ड 29,631 करोड़ रुपये की तुलना में 29,529 करोड़ रुपये रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, सोने की कीमतों में तेजी के बीच इस महीने गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 7,743 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। इस श्रेणी में कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गईं। इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटकर 30,421 करोड़ रुपये रह गया। इससे पहले यह अगस्त में 22 प्रतिशत घटकर 33,430 करोड़ रुपये रह गया था। बाजारों में तेजी के बीच मुनाफावसूली के कारण अधिक निकासी हुई। अक्टूबर में कुल निकासी 38,920 करोड़ रुपये रही, जबकि सितंबर में यह 35,982 करोड़ रुपये थी। इक्विटी योजनाओं का एयूएम 31 अक्टूबर तक 35.16 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले महीने यह 33.68 लाख करोड़ रुपये था।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह सात प्रतिशत बढ़कर 12.92 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। कॉरपोरेट कर संग्रह में वृद्धि और धीमी रिफंड दर के कारण चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सात प्रतिशत बढ़कर 12.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

इस साल एक अप्रैल से 10 नवंबर के बीच रिफंड जारी करने की दर 18 प्रतिशत घटकर 2.42 लाख करोड़ रुपये से कुछ अधिक थी। इस अवधि में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह लगभग 5.37 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान 5.08 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अब तक व्यक्तियों और एचयूएफ सहित गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह लगभग 7.19 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि में लगभग 6.62 लाख करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन अवधि में अब तक प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 35,682 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में लगभग 35,923 करोड़ रुपये था। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह, जिसमें व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर शामिल हैं, चालू वित्त वर्ष में 10 नवंबर तक सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 12.92 लाख करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी अवधि में यह लगभग 12.08 लाख करोड़ रुपये था। रिफंड समायोजित करने से पहले, सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 15.35 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

# रुपया 16 पैसे बढ़कर 88.57 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे बढ़कर 88.57 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कई अमेरिकी विभागों का कामकाज ठप होने संबंधी (शटडाउन) विधेयक पर प्रगति और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों के बीच रुपये में यह तेजी देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों ने रुपये को समर्थन प्रदान किया। हालांकि, कच्चे तेल की उंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.69 पर खुला और दिन के दौरान 88.52 के उच्चस्तर तक गया और 88.72 के निचले स्तर तक आया। अंत में, रुपया 88.57 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे अधिक है। सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 88.73 पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता में वृद्धि और डॉलर के कमजोर होने के कारण मंगलवार को रुपये में तेजी आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के शटडाउन के खत्म होने की उम्मीदों ने वैश्विक बाजार की कारोबारी धारणा को मजबूत किया। वैश्विक बाजारों में तेजी और डॉलर में कमजोरी के चलते रुपये के थोड़े सकारात्मक रुख् के साथ कारोबार करने की उम्मीद है। हालांकि, कच्चे तेल की उंची कीमतें और आयातकों की डॉलर मांग इस बढ़त को सीमित कर सकती हैं। अमेरिकी सरकार के शटडाउन के खत्म होने के साथ ही बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 88.30 से 88.80 के बीच रहने की उम्मीद है।

# चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन होने का अनुमान

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय इस्मा ने मंगलवार को कहा कि अक्टूबर में शुरू हुए विपणन वर्ष 2025-26 में भारत का चीनी उत्पादन 18.58 प्रतिशत बढ़कर तीन करोड़ 9.5 लाख टन होने की उम्मीद है। यह पिछले वर्ष दो करोड़ 61 लाख टन था।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) ने कहा कि चालू वर्ष के लिए शुरुआती स्टॉक 50 लाख टन का था, जबकि एथनॉल के लिए स्थानांतरण लगभग 34 लाख टन होने का अनुमान है। इस्मा ने नए विपणन वर्ष के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में कहा कि शुरुआती स्टॉक और अधिक उत्पादन सहित कुल चीनी उपलब्धता 2025-26 में तीन करोड़ 59.5 लाख टन तक पहुंच जाएगी, जो दो करोड़ 85 लाख टन की घरेलू आवश्यकता से अधिक है। इस्मा ने कहा कि शीर्ष तीन चीनी उत्पादक राज्यों - महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में उपज बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है। विपणन वर्ष 2025-26 के लिए महाराष्ट्र का उत्पादन 1.3 करोड़ टन, उत्तर प्रदेश का 1.03 करोड़ टन और कर्नाटक का 63.5 लाख टन रहने का अनुमान है। चीनी उत्पादन के संतोषजनक संतुलन के साथ, भारत इस सत्र में लगभग 20 लाख टन चीनी निर्यात करने की स्थिति में है। हमने सरकार से जल्द से जल्द निर्यात नीति की घोषणा करने का पुरजोर आग्रह किया है।

# टाटा पावर का लखनऊ में ईजी होम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस लॉन्च



लखनऊ। टाटा पावर ने लखनऊ में अपने अत्याधुनिक ईजेड होम ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स लॉन्च किए हैं।

यह पहल तकनीक और स्थिरता के माध्यम से दैनिक जीवन को और अधिक सुविधाजनक और स्मार्ट बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। शहर में स्थापित ईजेड होम एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के साथ, अब लखनऊ के निवासी स्मार्ट होम इनोवेशन का अनुभव कर सकते हैं जो सरलता, सुविधा और ऊर्जा दक्षता को एक साथ लाते हैं। टाटा पावर की भरोसेमंद विरासत और नवाचार की ताकत से संचालित ईजेड होम ऑटोमेशन उपभोक्ताओं को एक ही ऐप से लाइटिंग, तापमान, सुरक्षा और ऊर्जा उपयोग पर आसान नियंत्रण प्रदान करता है। यह समाधान न केवल घरों में आराम, सुरक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करता है। इसके रियल-टाइम एनर्जी मॉनिटरिंग, ऑटोमैटिक शेड्यूलिंग, ओवरलोड प्रोटेक्शन और ऑफलाइन फंक्शनलिटी जैसे फीचर्स उपभोक्ताओं को बिजली की बचत करते हुए एक स्मार्ट और सुरक्षित जीवन का अनुभव देते हैं। ईजेड होम रेंज में स्मार्ट सॉकेट्स, टच पैनल स्विच, रेट्रोफिटेबल कन्वर्टर्स और मोशन सेंसर शामिल हैं, जो लखनऊ के तेजी से विकसित हो रहे शहरी ढांचे के साथ-साथ आधुनिक और जुड़े हुए जीवनशैली अपनाने की आकांक्षा रखने वाले अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लिए भी उपयुक्त हैं। लखनऊ टेक्निकल स्टोर में नव उद्घाटित एक्सपीरियंस सेंटर, जो नए हाईकोर्ट के सामने स्थित है, शहर के निवासियों के लिए एक ऐसा वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है।

# टोयोटा और ड्रम ताओ लेकर आये भारत टूर 2025

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जापान के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त परफॉर्मेंस समूह ड्रम ताओ के साथ मिलकर ड्रम ताओ इंडिया टूर 2025 की आधिकारिक घोषणा की है। यह सहयोग भारत और जापान के बीच कलात्मक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और साझा सौहार्द को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें परंपरा, रचनात्मकता और आधुनिक अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। टोयोटा की ड्रम ताओ के साथ यह साझेदारी कंपनी के मोबिलिटी फॉर ऑल सिद्धांत को दर्शाती है। यहाँ मोबिलिटी केवल परिवहन या वाहन तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों, कला, भावनाओं और मानवीय आत्मा की गतिशीलता तक विस्तृत है। इस पहल के माध्यम से टोयोटा का उद्देश्य भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संवाद को गहन बनाना और विशेष रूप से युवाओं को कला और विविध सांस्कृतिक पहचान के प्रति प्रेरित करना है। ड्रम ताओ इंडिया टूर 2025 की शुरूआत 15 नवंबर को शिलांग में आयोजित चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल के भव्य मंचन से होगी। इसके बाद यह टूर वाराणसी, किसामा, दिल्ली, मुंबई, जयपुर, चेन्नई, कोलकाता सहित कुल 14 शहरों का सफर तय करेगा।

# सिग्नेचर एसेंशियल ऑयल्स नये लुक में लॉन्च



लखनऊ। ब्लॉसम कोच्चर अरोमा मैजिक ने अपने प्रतिष्ठित एसेंशियल ऑयल्स के संग्रह को एक नए, आकर्षक रूप में फिर से लॉन्च करने की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ. ब्लॉसम कोच्चर, संस्थापक और चेयरपर्सन झ ब्लॉसम कोच्चर ग्रुप ऑफ कंपनीज ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने न सिर्फ इन एसेंशियल ऑयल्स के महत्व पर प्रकाश डाला, बल्कि दो नए प्रोफेशनल सलून फेशियल किट्स झ पेप्टाइड पोशन और विटा बूस्ट फेशियल किट को भी प्रस्तुत किया। डॉ. ब्लॉसम कोच्चर ने कहा कि एसेंशियल ऑयल्स पौधों की आत्मा माने जाते हैं। ये पौधों की पत्तियों, फलों, फूलों और बीजों से प्राप्त अत्यधिक सांद्र अणु होते हैं। हमारे एसेंशियल ऑयल्स केवल सौंदर्य या वेलनेस उत्पाद नहीं हैं, बल्कि ये मन, शरीर और आत्मा को शांत, सुंदर, ऊजार्वान, संतुलित और सामंजस्यपूर्ण बनाने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। उन्होंने लखनऊ के सलून प्रोफेशनल्स के लिए नए पेप्टाइड पोशन एडवांस्ड सीरम मास्क किट और विटा बूस्ट फेशियल किट का भी शुभारंभ किया। किट्स के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पेप्टाइड और सेरामाइड पोशन एडवांस्ड सीरम मास्क किट मेरा सिग्नेचर प्रोडक्ट है। जो विशेष रूप से सलून और स्पा इंडस्ट्री के लिए तैयार किया गया है।

# पीबीपार्टनर्स ने उत्तर प्रदेश में किया रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन



लखनऊ। पीबीपार्टनर्स, जो पॉलिसीबाजार की पीओएसपी शाखा है, उसने लखनऊ में एक कार्यक्रम आयोजित की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में अपने शानदार विकास और विस्तार की जानकारी दी। बढ़ती ग्राहक जागरूकता और तेजी से बढ़ते एजेंट नेटवर्क के साथ, उत्तर प्रदेश पीबीपार्टनर्स के लिए एक प्रमुख विकास स्तंभ बन गया है। पीबीपार्टनर्स के नेशनल सेल्स हेड हेल्थ इंश्योरेंस नीरज अधाना ने बताया कि उन्होंने कंपनी की क्षेत्रीय मौजूदगी बढ़ने, मजबूत व्यावसायिक वृद्धि और ऐसे नए इनोवेशन पर चर्चा की जो एजेंट पार्टनर्स और ग्राहकों दोनों को सशक्त बनाते हैं। उत्तर प्रदेश पीबीपार्टनर्स के लिए एक प्रमुख हेल्थ इंश्योरेंस मार्केट बन गया है। लखनऊ में पीबीपार्टनर्स 225 पिन कोड्स में काम करता है और 1,000+ पार्टनर्स के साथ जुड़ा है, जो वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में पार्टनर बेस में 56% की बढ़ोतरी है।

## पेज एक का शेष

### बख्शे नहीं

हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने चांगलीमेथांग स्टेडियम में हजारों भूटानी नागरिकों की मौजूदगी में दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि भूटानी नेतृत्व ने दिल्ली विस्फोट में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और सभी प्रभावित परिवारों के लिए विशेष प्रार्थना की।

### एनआईए करेगी

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान शीर्ष अधिकारियों ने विस्फोट के बाद की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सूत्रों ने बताया कि दोपहर की सुरक्षा समीक्षा बैठक में भी लगभग यही अधिकारी शामिल हुए। गृह मंत्रालय ने विस्फोट की जांच एनआईए को भी सौंप दी है। यह स्पष्ट संकेत है कि इस विस्फोट को सरकार ने आतंकवादी कृत्य माना है, क्योंकि एनआईए को केवल आतंकवादी मामलों की जांच करने का अधिकार है।

### दिल्ली विस्फोट

धमाके के मामले में अपनी बेटी की कथित संलिप्तता के बारे में सुनकर हैरान हैं। उन्होंने कहा मेरे तीन बच्चे हैं। मेरा सबसे बड़ा बेटा मोहम्मद शोएब यहां मेरे साथ रहता है। मेरी बेटी शाहीन शाहिद और मेरा सबसे छोटा बेटा परवेज अंसारी है। मैंने शाहीन से आखिरी बार लगभग एक महीने पहले बात की थी। मैंने उसे कभी भी डॉक्टर मुजम्मिल या ऐसी गतिविधियों से जुड़े किसी भी व्यक्ति का जिक्र करते नहीं सुना। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शाहीन के डॉक्टर मुजम्मिल से संबंध होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुजम्मिल के पास से पहले फरीदाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया था।

### कार चला रहे

जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा, हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए डीएनए नमूना लिया है। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद यह मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस विस्फोट को सरकार आतंकवादी कृत्य मान रही है, क्योंकि एनआईए को केवल आतंकवादी मामलों की जांच करने का अधिकार है।

### आरोपियों के पास

गए अंतर-राज्यीय आतंकी सेल के रसद और खरीद नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार शाम को लाल किले के पास हुए विस्फोट के कुछ ही घंटों बाद तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया गया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े एक सफेदपोश आतंकी नेटवर्क का खुलासा हुआ, जो कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ था। अमोनियम नाइट्रेट दोहरे इस्तेमाल वाला रसायन है, जिसे नाइट्रोजन उर्वरक के रूप में और पत्थर की खदानों में नियंत्रित विस्फोट के लिए निर्माण क्षेत्र में इसका बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

### बिहार विस

जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उनके कार्यकाल के सुशासन के सहारे विरोधी लहर को रोकने की कोशिश में जुटा है। इस चरण में नीतीश मंत्रिमंडल के आठ मंत्री मैदान में हैं। इसलिए यह चरण सत्तारूढ़ राजग के साथ-साथ विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जो अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में सरकार-विरोधी माहौल पर भरोसा कर रहा है जबकि राजग विपक्ष पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाता रहा है।

### वंदे मातरम

भी कहा कि यह सच है हमें देवी के तीन रूपों - देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी और देवी दुर्गा - की पूजा करके भारत और भारतीयता को आगे बढ़ाने की शक्ति मिली है। आदित्यनाथ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के तहत कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता यात्रा की शुरुआत करने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बाराबंकी में थे। मुख्यमंत्री ने कहा कोई भी मत, मजहब या जाति राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती। हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। राष्ट्र एक है तो हम एक हैं। वंदे मातरम के मार्ग की बाधा राष्ट्रीय एकता के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। इस बयान से एक दिन पहले सोमवार को आदित्यनाथ ने कहा था राज्य के प्रत्येक स्कूल और शैक्षणिक संस्थान में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया जाएगा।

### मुगलों व अंग्रेजों

से एकजुट रहा भारत, ब्रिटिश काल में एक-एक करके टुकड़ों में बंट गया। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन 14 अगस्त, 1947 को हुआ, जब अंग्रेजों ने भारत के दो हिस्से करके बड़ी चोट पहुंचाई। अंग्रेजों की मंशा भारत को कई टुकड़ों में बांटने की थी।

### एग्जिट पोल

बार फिर से चुनाव जीतने की संभावना जताई गई है। इस सर्वेक्षण के अनुसार राजग को 133 से 159 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 75 से 101 सीटों से ही संतोष करना पड़ सकता है। इस सर्वेक्षण ने जनसुराज को शून्य से पांच सीट मिलने की संभावना जताई है। चाणक्या स्ट्रेटजीज के एग्जिट पोल में कहा गया है कि राजग 130 से 138 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकता है, जबकि महागठबंधन को 100 से 108 सीटों के साथ एक बार विपक्ष में बैठना पड़ सकता है।

### सरकार का

उपलब्ध कराया जा सके। जनता से प्राप्त शिकायतें केवल सूची भरने की प्रक्रिया न बनें, बल्कि हर शिकायत पर समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासन प्रशासन के अधिकारियों को उक्त निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग हो और फीडबैक प्रणाली को इतना मजबूत बनाया जाए कि शिकायतकर्ता खुद भी उसकी प्रगति से लगातार अवगत रह सके। मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती वर्ष से जुड़े भव्य आयोजनों के सफल समापन के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अब सीधे जनता से संवाद को और व्यापक बनाने में जुट गए हैं। इसी क्रम में विभिन्न जिलों से आये लोगों ने भूमि, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, बिजली-पानी, सड़क निर्माण, सामाजिक सुरक्षा, स्वरोजगार योजनाओं और विभागीय प्रक्रियाओं से जुड़ी कई शिकायतें रखीं। मुख्यमंत्री ने हर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बख्शे नहीं

हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने चांगलीमेथांग स्टेडियम में हजारों भूटानी नागरिकों की मौजूदगी में दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि भूटानी नेतृत्व ने दिल्ली विस्फोट में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और सभी प्रभावित परिवारों के लिए विशेष प्रार्थना की।

### एनआईए करेगी

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान शीर्ष अधिकारियों ने विस्फोट के बाद की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सूत्रों ने बताया कि दोपहर की सुरक्षा समीक्षा बैठक में भी लगभग यही अधिकारी शामिल हुए।

### दिल्ली विस्फोट

धमाके के मामले में अपनी बेटी की कथित संलिप्तता के बारे में सुनकर हैरान हैं। उन्होंने कहा मेरे तीन बच्चे हैं। मेरा सबसे बड़ा बेटा मोहम्मद शोएब यहां मेरे साथ रहता है। मेरी बेटी शाहीन शाहिद और मेरा सबसे छोटा बेटा परवेज अंसारी है। मैंने शाहीन से आखिरी बार लगभग एक महीने पहले बात की थी। मैंने उसे कभी भी डॉक्टर मुजम्मिल या ऐसी गतिविधियों से जुड़े किसी भी व्यक्ति का जिक्र करते नहीं सुना। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शाहीन के डॉक्टर मुजम्मिल से संबंध होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुजम्मिल के पास से पहले फरीदाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया था।

### कार चला रहे

जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा, हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए डीएनए नमूना लिया है।

### आरोपियों के पास

गए अंतर-राज्यीय आतंकी सेल के रसद और खरीद नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार शाम को लाल किले के पास हुए विस्फोट के कुछ ही घंटों बाद तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया गया।

### बिहार विस

जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उनके कार्यकाल के सुशासन के सहारे विरोधी लहर को रोकने की कोशिश में जुटा है। इस चरण में नीतीश मंत्रिमंडल के आठ मंत्री मैदान में हैं। इसलिए यह चरण सत्तारूढ़ राजग के साथ-साथ विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जो अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में सरकार-विरोधी माहौल पर भरोसा कर रहा है जबकि राजग विपक्ष पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाता रहा है। यह चरण कांग्रेस के लिए भी विशेष रूप से अहम माना जा रहा है।

### वंदे मातरम

भी कहा कि यह सच है हमें देवी के तीन रूपों - देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी और देवी दुर्गा - की पूजा करके भारत और भारतीयता को आगे बढ़ाने की शक्ति मिली है। आदित्यनाथ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के तहत कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता यात्रा की शुरुआत करने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बाराबंकी में थे। मुख्यमंत्री ने कहा कोई भी मत, मजहब या जाति राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती। हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए।

### मुगलों व अंग्रेजों

से एकजुट रहा भारत, ब्रिटिश काल में एक-एक करके टुकड़ों में बंट गया। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन 14 अगस्त, 1947 को हुआ, जब अंग्रेजों ने भारत के दो हिस्से करके बड़ी चोट पहुंचाई। अंग्रेजों की मंशा भारत को कई टुकड़ों में बांटने की थी।

### एग्जिट पोल

बार फिर से चुनाव जीतने की संभावना जताई गई है। इस सर्वेक्षण के अनुसार राजग को 133 से 159 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 75 से 101 सीटों से ही संतोष करना पड़ सकता है। इस सर्वेक्षण ने जनसुराज को शून्य से पांच सीट मिलने की संभावना जताई है।

### सरकार का

उपलब्ध कराया जा सके। जनता से प्राप्त शिकायतें केवल सूची भरने की प्रक्रिया न बनें, बल्कि हर शिकायत पर समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।




# जम्मू कश्मीर ने दिल्ली को हराया

## रणजी : सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के पतन के कई कारण

एजेंसी



नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को यहां दिल्ली को सात विकेट से शिकस्त देकर इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 65 साल में पहली जीत दर्ज की। दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी।

सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी। जम्मू कश्मीर ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 55 रन पर दो विकेट से आगे से की। इकबाल ने रात्रि प्रहरी वंशज शर्मा (60 गेंद में आठ रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत से दूर कर दिया। बीते दिन जिस पिच पर बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था वहां इकबाल ने खुद जिम्मेदारी उठाते हुए मनन भारद्वाज और ऋतिक शौकिन जैसे दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी की। इन स्पिनरों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली। इकबाल ने शतक पूरा करने के बाद एक हाथ से स्लॉग स्वीप पर मन मुताबिक छक्के जडे। जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गये डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाये।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्णः सिराज

कोलकाता। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पूरा विश्वास है कि वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के गत विजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करेंगे। भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अभी तीसरे स्थान पर है। उसने इस चक्र के शुरू में घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज को दो टेस्ट मैच में हराने से पहले इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 2-2 से श्रृंखला बराबर की थी। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ के साथ की। सिराज ने जियोस्टार पर कहा, यह श्रृंखला नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है। भले ही उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ खेली, लेकिन हम अपनी अच्छी फॉर्म से आश्वस्त हैं।

### मध्यप्रदेश ने गोवा को तीन विकेट से हराया

पोरवोरिम (गोवा)। ऑलराउंडर सारांश जैन के नाबाद 82 रन की बदौलत मध्यप्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के चौथे और अंतिम दिन मंगलवार को यहां रोमांचक मुकाबले में गोवा को तीन विकेट से हरा दिया। पहली पारी में 97 रन से पिछड़ने वाले मध्यप्रदेश ने 328 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन एक विकेट पर 21 रन से आगे खेलते हुए 94 ओवर में सात विकेट पर 328 रन बनाकर जीत दर्ज की। सारांश ने अर्शद खान (25) के साथ आठवें विकेट के लिए 65 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। सारांश ने 132 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके मारे। कप्तान शुभम शर्मा (72) और हर्ष गवली (54) ने भी अर्धशतक जड़े। केरल और सौराष्ट्र तथा कर्नाटक और महाराष्ट्र के मुकाबले ड्रॉ रहे। पुणे में कर्नाटक ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि महाराष्ट्र को एक अंक मिला। पहली पारी में 13 रन की मामूली बढ़त हासिल करने वाले कर्नाटक ने कप्तान मयंक अग्रवाल की 249 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से 103 रन की पारी और अभिनव मनोहर की 96 रन की पारी की बदौलत जब दूसरी पारी में आठ विकेट पर 310 रन बनाए थे।

## ऐश्वर्या ने रजत, ईशा व राणा की जोड़ी भी दूसरे स्थान पर




काहिरा। ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। ईशा सिंह और सम्राट राणा की भारतीय जोड़ी ने भी इसके बाद 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन के कियानक्सुन याओ और काई हू की जोड़ी से 10-16 से हार का सामना करना पड़ा। ईशा और सम्राट ने कुल 586 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि सुरुचि सिंह और श्रवण कुमार 579 अंक हासिल करने के बावजूद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। ऐश्वर्या ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता।

## ऐतिहासिक पोल पोजीशन के बाद तीसरे स्थान पर रही अतीका मीर

अबू धाबी। भारत की युवा ड्राइवर अतीका मीर यहां फॉर्मूला वन अकादमी की सीओटीएफए यूएई कार्टिंग सीरीज के शुरुआती दौर में ऐतिहासिक पोल पोजीशन हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रही।

दस वर्षीय अतीका पहली भारतीय रेसर हैं जिन्हें फॉर्मूला वन ने अपने कार्यक्रम के लिए चुना है। चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओटीएफए) की अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहले से ही हिस्सा रही अतीका को पिछले महीने फॉर्मूला वन अकादमी ने दो राउंड की सीओटीएफए यूएई चैम्पियनशिप के लिए चुना था। अतीका ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की और इस तरह से सीओटीएफए मिनी वर्ग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली विश्व की पहली महिला बनीं। इसके बाद वह पोडियम पर पहुंचने में भी सफल रही। जम्मू कश्मीर की रहने वाली अतीका ने कहा, यह सप्ताहांत मेरे लिए शानदार रहा। मैंने क्वालिफिकेशन में पोल पोजीशन हासिल की। मैं फाइनल में जीतना चाहती थी लेकिन आखिर में तीसरे स्थान पर रही।

## संक्षेप

### सिनर की एटीपी फाइनल्स में शानदार शुरुआत

तूरिन (इटली)। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सिनर को साल के आखिर तक अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच चल रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में जीत दर्ज करनी होगी और इसके साथ ही उम्मीद करनी होगी कि कार्लोस अल्काराज़ फ़ाइनल में न पहुंचें। सिनर ने पिछले साल तूरिन में एक भी सेट गंवाए बिना खिताब जीता था और 2023 के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद से वह इस प्रतियोगिता में नहीं हारे हैं।

### अनाहत चीन ओपन में जीती अभय व सेंथिलकुमार बाहर

नयी दिल्ली। भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने मंगलवार को शंघाई में चीन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की लेकिन उनके हमवतन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी दिल्ली की अनाहत ने मिस्र की मेना हामिद को इस पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-3 से हराया। अनाहत अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम से भिड़ेंगी। अभय को फ्रांस के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी बापतिस्ते मसोती ने 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। सेंथिलकुमार को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले मिस्र के मोहम्मद अबोलघर के खिलाफ 8-11, 12-14, 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### नैशा कुमामोतो मास्टर्स जापान के क्वालीफायर में हारी

कुमामोतो (जापान)। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी नैशा कौर भटोये मंगलवार को यहां क्वालीफायर में न्यूजीलैंड की शाउना ली से सीधे गेम में हारकर कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वालिफिकेशन राउंड में 32 मिनट में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 18-21 से हार गयी। इस प्रकार प्रतियोगिता के महिला एकल स्पर्धा में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय बुधवार को 475,000 डॉलर इनामी इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## फुटबॉल खिलाड़ियों का आईएसएल शुरू हो

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इस खेल के प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल गई है।

यह अपील ऐसे समय में की गई है जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्टूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है।

इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। इससे देश की सर्वोच्च फुटबॉल प्रतियोगिता आईएसएल का भविष्य अधर में लटक गया है। पने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है। हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं। उन्होंने कहा पूरा भारतीय फुटबॉल तंत्र अनिश्चितता में डूबा हुआ है। सपने थम गए हैं। भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हर दिन हम इंतजार करते हैं। हम व्याकुल हैं। हमें तुरंत कार्वाई करने की जरूरत है। स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू जैसे राष्ट्रीय टीम के कई फुटबॉलरों ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हुए एक संदेश साझा किया।

खिलाड़ियों ने बयान में कहा, हम इंडियन सुपर लीग में खेलने वाले पेशेवर फुटबॉलर मिलकर यह अपील करते हैं कि हम इंडियन सुपर लीग का सत्र शुरू करने के लिए एकजुट हैं। सीधे शब्दों में कहें तो हम खेलना चाहते हैं। बयान में कहा गया है, हमारे गुस्से, हताशा और परेशानी की जगह अब व्याकुलता ने ले ली है। हम उस खेल को खेलने के लिए बेताब हैं जिसे हम प्यार करते हैं। हम अपने परिवार और प्रशंसकों के लिए खेलने को लेकर बेताब हैं जो हमारे लिए सब कुछ हैं। छेत्री ने इसके अलावा इंस्टाग्राम पर लिखा, हम सभी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और अपने प्रिय खेल को फिर से शुरू करने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। बयान में खेल प्रशासकों से आग्रह किया गया कि वे मौजूदा संकट से निपटने का रास्ता निकालें। इसके कारण मोहन बागान जैसे शीर्ष क्लबों को अपना अभ्यास सत्र रोकना पड़ा है। इसमें कहा गया, यह देश में हमारे खेल को संचालित करने वाले सभी लोगों से एक अपील है कि वे फुटबॉल सत्र को शुरू करने के लिए जो भी संभव हो वह करें। भारत को प्रतिस्पर्धी फुटबॉल की आज पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरत है। खिलाड़ियों ने बयान में कहा, जहां तक हमारा सवाल है तो हम प्रतिबद्ध हैं, पेशेवर हैं और जैसे ही हमें बताया जाएगा हम तुरंत खेलने के लिए तैयार हैं।

### टी-20 विश्व कप : भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराया

नयी दिल्ली। भारत ने दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मॉडर्न स्कूल मैदान में इस विश्व कप का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत दिव्यांगजनों के लिए समर्थनम ट्रस्ट की दिल्ली शाखा के छात्रों द्वारा सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत राष्ट्रगान के साथ हुई। ठाकुर ने इस मौके पर कहा, मैं सभी टीमों को विश्व कप के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें हम आपको टेलीविजन पर देखेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद भारत और श्रीलंका का मैच हुआ जिसमें श्रीलंका की दृष्टिबाधित महिला टीम 13.3 ओवर में महज 41 रन पर आउट हो गयी। भारत ने शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए श्रीलंका के सात बल्लेबाजों को रन आउट किया जबकि दीपिका टीसी, गंगा कदम और जमुना रानी टुडू को एक-एक सफलता मिली। भारत ने कप्तान दीपिका टीसी की 14 गेंद में चार चौके जड़ित 26 रन की नाबाद पारी के बूते महज तीन ओवर में इस मामूली लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनेखा देवी ने छह गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 15 रन बनाए।

## विश्व कप विजेता क्रिकेटर राधा यादव सम्मानित




एजेंसी

गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य राधा यादव को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने राधा से बात की और उन्हें एक शॉल भेट की। मुंबई की रहने वाली राधा घरेलू टूर्नामेंटों में बड़ौदा के लिये खेलती हैं। पटेल ने एक्स पर लिखा, भारत की बेटियों ने महिला विश्व कप जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। गांधीनगर में राधा यादव से बात की जो विजेता टीम की अहम सदस्य हैं और बड़ौदा से हैं। उन्हें जीत और शानदार प्रदर्शन के लिये बधाई दी और भविष्य के लिये शुभकामनायें भी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने हाल ही में नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर वनडे विश्व कप जीता।



### गिल ने किया लंबे समय तक अभ्यास, जायसवाल और सुदर्शन ने भी बहाया पसीना

कोलकाता। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि सीमित ओवरों के प्रारूपों से लाल गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव में समय लगता है और इसलिए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपनी तकनीक को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को यहां नेट्स पर करीब डेढ़ घंटा बिताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है क्योंकि पिछले महीने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ कराई थी। गिल ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में अर्धशतक और नाबाद शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे। वह ऑस्ट्रेलिया में वनडे और टी-20 मैचों की आठ पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए और उनका उच्चतम स्कोर 46 रन रहा। लेकिन टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद वह प्रतिबद्ध दिखे और उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत की। नेट अभ्यास से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहायक कोच सीतांशु कोटक को उनके साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया, जिसमें संभवतः उनके खेलने के तरीके पर चर्चा की गई।

गिल बाद में स्लिप में फील्डिंग के अभ्यास के लिए अपने साथियों के साथ शामिल हुए और फिर यशस्वी जायसवाल के साथ नेट पर अभ्यास करने के लिए चले गए। स्पिन से शुरुआत करते हुए उन्होंने रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर का सामना किया। तेज गेंदबाजी की नेट पर गिल ने पहले जसप्रीत बुमराह का कुछ ओवरों तक सामना किया। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी और कुछ स्थानीय क्लब गेंदबाजों का सामना भी किया। इसके बाद सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य ने उनके लिए ऊंचाई से थ्रोडाउन करने के लिए साइडआर्म का इस्तेमाल किया, जिससे गिल को अतिरिक्त उछाल और तेज रफ्तार वाली गेंदों पर अभ्यास करने का मौका मिला।

गिल नेट पर एक घंटे से अधिक समय बिताने के बाद गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल की निगरानी में 30 मिनट तक थ्रोडाउन पर अभ्यास करने के लिए पिच पर चले गए। गेंदबाजी कोच ने यहां पर उनके लिए करीब से खुद गेंदबाजी की। रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिए 67 और 156 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने भी लंबे समय तक विकेट पर मोर्केल और थ्रोडाउन का सामना किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज़ सहज लय में दिख रहा था तथा आत्मविश्वास के साथ ड्राइव और पुल कर रहा था। नेट पर महत्वपूर्ण समय बिताने वाले एक अन्य बल्लेबाज तमिलनाडु के युवा साई सुदर्शन थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से दो अनधिकृत टेस्ट मैचों में केवल 84 रन बनाए थे। टीम प्रबंधन उन्हें तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में तैयार कर रहा है लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं।

ध्रुव जुरेल ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे मैच में दोनों पारियों में शतक लगाकर भारतीय बल्लेबाजी क्रम में एक स्थान के लिए अपना दावा मजबूत कर दिया है और इसमें तीसरा नंबर भी शामिल है। भारत ए टीम के सुदर्शन के साथी केएल राहुल, जुरेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज ने इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन सुदर्शन के लिए किसी तरह का ब्रेक नहीं था। तेज गेंदबाजों में केवल बुमराह ही अभ्यास के लिए आए और उन्होंने लगभग 15 मिनट तक ऑफ स्टंप को निशाना बनाते हुए दो स्टंप पर हल्की गेंदबाजी की।

बुमराह के दाहिने घुटने पर हल्की पट्टी बंधी थी लेकिन उन्होंने गंभीर और मोर्केल की देखरेख में गेंदबाजी की। ध्रुव जुरेल के शानदार फॉर्म को देखते हुए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर काफी चर्चा हो रही है। ऐसी अटकलें हैं कि जुरेल को बतौर बल्लेबाज टीम में रखा जा सकता है चूंकि चोट से उबरकर विकेटकीपर ऋषभ पंत खेलने जा रहे हैं।

## राजस्थान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 24 से




एजेंसी

जयपुर। पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन 24 नवम्बर से पांच दिसंबर तक राजस्थान में होगा। अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान में इन खेलों का आयोजन पहली बार हो रहा है। ये खेल राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में होंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार इन खेलों के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है। साथ ही, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समितियों का गठन कर खेलों के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर से लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। 12 दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में 24 खेलों में 7 हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इन खेलों का आयोजन संभागवार किया जाएगा। जिसके तहत जयपुर में 11, उदयपुर में 3, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं कोटा में 2-2 खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके अनुसार केआईयूजी के लोगो और जर्सी का अनावरण बुधवार को आमेर किला के जलेब चौक पर किया जाना है। केआईयूजी 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिल होंगे। पदक विजेता खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिंग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग शामिल हैं। खो-खो एक प्रदर्शन कार्यक्रम होगा। पहली बार, केआईयूजी में बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग, कयाकिंग और साइकिलिंग को शामिल किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का सत्र भुवनेश्वर में

नयी दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शुरुआती सत्र जनवरी में भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कलिंगा स्टेडियम परिसर में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता की तारीख हालांकि अभी तय नहीं है। एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा, राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप का आयोजन पहले से प्रस्तावित था और हमने इसे 2026 के घरेलू कैलेंडर में शामिल कर लिया है। एथलेटिक्स कैलेंडर में पहली बार राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप को शामिल करना एएफआई द्वारा 2028 एशियाई इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी हासिल करने की कोशिशों के अनुरूप है। सागू के अनुसार एएफआई राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप के अलावा पोल वॉल्ट (पुरुष और महिला) और हेप्टाथलॉन में अलग-अलग इनडोर प्रतियोगिताएं आयोजित करने की भी योजना बनाई है। उन्होंने कहा, 2026 का घरेलू कैलेंडर रोमांचक होगा। दो दिनों तक चलने वाले पुरुषों के लिए इंडोर हेप्टाथलॉन में 60 मीटर, लंबी कूद, गोला फेंक, ऊंची कूद, 60 मीटर बाधा दौड़, पोल वॉल्ट और 1,000 मीटर दौड़ शामिल होंगी। शुरुआती चार स्पर्धाएं पहले दिन आयोजित की जाएँगी, जबकि शेष तीन स्पर्धाएं इस चुनौतीपूर्ण स्पर्धा के दूसरे दिन आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा, 2026 के व्यस्त घरेलू कैलेंडर में लगभग 40 प्रतियोगिताएं होंगी। कैलेंडर को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने, हमारा मुख्य ध्यान घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर है। एएफआई ने 2025 कैलेंडर वर्ष में क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं शुरू की थीं और सागू ने कहा कि उसकी प्रतिक्रिया अच्छी रही है। एएफआई अध्यक्ष ने कहा, इस साल दक्षिण और उत्तर क्षेत्र में क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं ने बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को आकर्षित किया। इसलिए युवा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं की संख्या को और बढ़ाने की योजना है।

# वैश्विक नेताओं ने की दिल्ली में विस्फोट की निंदा

## फ्रांस और इटली समेत कई देशों के दूतावासों ने भारत संग एकजुटता व्यक्त की, शोक जताया



नयी दिल्ली। ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और अन्य देशों ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है और एक दिन पहले दिल्ली में लालकिले के पास हुए विस्फोट में लोगों की मौतों पर शोक व्यक्त किया है।

अमेरिका और फ्रांस ने भी अपने नागरिकों को सतर्क रहने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की सलाह दी है। यह विस्फोट सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक यातायात सिग्नल पर एक धीमी गति से चलती कार में हुआ, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई वाहन जलकर खाक हो गए। फ्रांसीसी राजदूत थिएरी मथौ ने सोमवार रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फ्रांसीसी जनता और सरकार की ओर से मैं लालकिला विस्फोट में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं, और हम सभी घायलों के पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। दूतावास ने एक अन्य पोस्ट में एक पेज का लिंक भी साझा किया जिस पर 10 नवंबर का एक नोट था, जिसमें अपने नागरिकों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने का आग्रह किया गया था। इटली और ईरान के दूतावासों, सिंगापुर और ब्रिटेन के उच्चायुक्तों तथा भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के दूत ने भी एकजुटता व्यक्त की है। इतालवी दूतावास ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कल रात दिल्ली में हुए घातक कार विस्फोट से दुखी हूं। इस त्रासदी के मद्देनजर हम भारत के साथ हैं। हम पीड़ितों के प्रति शोक व्यक्त करते हैं और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने सोमवार को पोस्ट किया कि उनकी संवेदनाएं नयी दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, यदि आप आसपास के क्षेत्र में हैं, तो कृपया स्थानीय अधिकारियों की सलाह का पालन करें। हमारी ओर से यात्रा परामर्श यहां अद्यतन किया जाता रहेगा। उन्होंने लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के बाद विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के यात्रा परामर्श का एक लिंक भी साझा किया।

# भारत-अंगोला के साझा विकास में सक्रिय भूमिका निभायें: मुर्मू



लुआंडा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत और अंगोला के बीच व्यापार, निवेश तथा जनता के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यहां भारतीय समुदाय से इन पहलों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मु चार दिवसीय राजकीय दौरे पर अंगोला में हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की इस अटलांटिक महासागर तटवर्ती अफ्रीकी देश की पहली राजकीय यात्रा है। वह अपने दौरे के तीसरे दिन सोमवार को यहां भारतीय समुदाय के सम्मान में आयोजित एक स्वागत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

अंगोला में लगभग 8,000 भारतीय रहते हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार और अन्य कार्यों से जुड़े हैं। अंगोला में भारत के राजदूत विधु पी. नायर ने बताया कि यहां का भारतीय समुदाय देश के लगभग सभी राज्यों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि अंगोला भारत की ऊर्जा सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण साझेदार है और भारत अंगोला के शीर्ष व्यापारिक भागीदारों में शामिल है। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष भारत-अंगोला द्विपक्षीय व्यापार पांच अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया था। उन्होंने बताया कि भारत अंगोला को औषधियां, खाद्य पदार्थ, परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद, ऑटोमोबाइल और मशीनरी की आपूर्ति करता है।

भारतीय कंपनियां खुदरा, पर्यटन, हीरा, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, आतिथ्य और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हैं और इन निवेशों ने अंगोला की आर्थिक वृद्धि तथा रोजगार सृजन में योगदान दिया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने भारतीय प्रवासी समुदाय को दोनों देशों के बीच सेतु बताते हुए कहा कि व्यापार, निवेश और जन-से-जन संबंधों को और सुदृढ़ करने के असीम अवसर मौजूद हैं और उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों से साझा समृद्धि के इस प्रयास में सक्रियता से भाग लेने का आग्रह किया। भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में हो रहे विकासात्मक परिवर्तनों का अभिन्न हिस्सा है और देश उनके विचारों तथा निवेश प्रस्तावों का स्वागत करता है।

## संक्षेप

### कनाडा में जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

टोरंटो। जी-7 औद्योगिक देशों के शीर्ष राजनयिक कनाडा के ओंटारियो में एक उच्च-स्तरीय बैठक के लिए जुटने लगे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब रक्षा खर्च, व्यापार और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा पट्टी में युद्ध-विराम योजना तथा रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की कोशिशों पर जारी अनिश्चितता को लेकर अमेरिका और कनाडा जैसे पारंपरिक सहयोगियों के बीच तनाव बढ़ रहा है। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने समाचार एजेंसी एपी के साथ साक्षात्कार में कहा कि व्यापार संबंधी मुद्दों पर बढ़ते तनाव के बावजूद कई मामलों में संबंधों को जारी रखना जरूरी है। आनंद मंगलवार और बुधवार को होने वाली दो दिवसीय बैठक के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान के अपने समकक्षों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों को भी बैठक के लिए आमंत्रित किया है। दुनियाभर से 15 विदेश मंत्री ग्रेट व्हाइट नॉर्थ आ रहे हैं और मजेदार बात यह है कि वे हमारे यहां साल की पहली बड़ी बर्फबारी के सप्ताह में एकत्र हो रहे हैं।

# इजराइल में महाराजा दिग्विजयसिंह रणजीतसिंह की प्रतिमा का अनावरण

नेवातिम (इजराइल)। महाराजा दिग्विजयसिंहजी रणजीतसिंहजी की प्रतिमा का अनावरण दक्षिणी मोशाव (किसानों का समुदाय) में किया गया। यह सम्मान उन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कुछ यहूदियों सहित असहाय पोलिश बच्चों को बचाने के उनके प्रयासों के लिए दिया गया।

भारत में एक रियासत, नवानगर के महाराजा को युद्ध के दौरान उनकी अनुकरणीय करुणा के लिए सोमवार शाम को भारतीय यहूदी विरासत केंद्र (आईजेएचसी) और कोचीनी यहूदी विरासत केंद्र (सीजेएचसी) द्वारा सम्मानित किया गया। नवानगर को अब गुजरात राज्य में जामनगर के रूप में जाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब यूरोप संघर्ष और उत्पीड़न की आग में झुलस रहा था, तब महाराजा एक अप्रत्याशित रक्षक के रूप में उभरे और उन्होंने लगभग एक हजार पोलिश बच्चों को बचाया, जिनमें से कुछ यहूदी थे। उन्होंने इन बच्चों को गोद लिया और 1942 में जामनगर के बालाचडी गांव में उनके लिए आश्रय बनवाया।

# इस्लामाबाद में कोर्ट के बाहर बम विस्फोट, 12 की मौत

इस्लामाबाद (पाकिस्तान)। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित एक अदालत के बाहर मंगलवार को एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को बम से उड़ा लिया जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए।

विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले नकवी ने कहा कि हमलावर अदालत परिसर में घुसना चाहता था, लेकिन असफल होने पर उसने दोपहर 12.39 बजे राजधानी के जी-11 इलाके में इमारत के फाटक पर एक पुलिस वाहन के पास विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। मंत्री ने कहा कि इस्लामाबाद जिला न्यायिक परिसर के पास हुए विस्फोट में 12 लोग मारे गए और 27 अन्य घायल हो गए, जिनमें सुरक्षाकर्मी और एक वकील भी शामिल हैं। किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन ऐसे हमले आमतौर पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तानी द्वारा किए जाते हैं। नकवी ने अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता हमलावर की पहचान करना है... जब भी हमलावर की पहचान हो जाएगी, हम मीडिया को जानकारी देंगे। नकवी ने कहा कि पीड़ितों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को प्रायोजित करने वालों ने वित्तपोषण की राशि तीन गुना बढ़ा दी है। उन्होने कहा कि हम आज के विस्फोट को कई कारकों से जोड़ रहे हैं। आने वाले घंटों में चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। इसके कई संदेश हैं...। मैं इस समय कुछ नहीं कहना चाहता, जैसा कि अक्सर भारतीय करते हैं। हम पूरे सबूत और विवरण के साथ आएंगे। पाकिस्तान का स्पष्ट मानना है कि अफगानिस्तान को अपनी धरती से आतंकवाद को रोकना चाहिए, अन्यथा हमें उनके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी।

# प्रियंक खरगे ने अमित शाह को सबसे अक्षम गृह मंत्री बताया



बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने दिल्ली में हुए विस्फोट को लेकर खुफिया विफलता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को अमित शाह को स्वतंत्र भारत का सबसे अक्षम गृह मंत्री बताया और उनके इस्तीफे की मांग की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम को एक यातायात सिग्नल पर धीमी गति से चल रही एक कार में उच्च तीव्रता का विस्फोट हुआ जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई।

खरगे ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्र की जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए कहा, और कितने लोग मारे जाएंगे। कांग्रेस नेता ने देश भर में हुई विभिन्न आतंकवादी घटनाओं का हवाला दिया और अमित शाह के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। खरगे ने कहा, अमित शाह स्वतंत्र भारत के सबसे अक्षम गृह मंत्री हैं और कितने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ेगी? दिल्ली, मणिपुर, पुलवामा, पहलगाम - क्या हमारे पास जवाब हैं? गृह मंत्री होने के नाते वह चुनावी मंच पर जाते हैं और कहते हैं कि बांग्लादेशी भारत में घुसपैठ कर रहे हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इसके लिए विपक्ष जिम्मेदार है? उन्होंने कहा, कोई जवाबदेही नहीं है। उन्हें (शाह को) अक्सर आधुनिक सरदार पटेल कहा जाता है और बार-बार 56 इंच के सीने का दावा किया जाता है। और कितने लोगों की जान जाने के बाद वह इस्तीफा देंगे? खरगे ने कहा, मोदी अमित शाह के खिलाफ कार्वाई करने से क्यों डर रहे हैं? क्या उन्हें डर है कि उनके गुजरात के राज सबके सामने आ जाएंगे? हर चीज की एक सीमा होती है, वे लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। किसी और देश में ऐसा होता तो गृह मंत्री अब तक इस्तीफा दे चुके होते। और कितने लोग मारे जाएंगे? यह खुफिया तंत्र की विफलता है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। खरगे ने सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा, वे आरएसएस-देशभक्त कहां हैं? उन्हें सीमा पर भेज दो। वे बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, इस स्थिति में उनके पास कहने के लिए क्या है? आधुनिक सरदार पटेल कहां हैं?

# व्यापार समझौतों में किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा भारत



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत व्यापार समझौतों में किसानों, डेयरी और श्रमिकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपने मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए रूस जैसे नए बाजारों की तलाश कर रहा है, जो अमेरिका में भारी शुल्क के कारण समस्याओं का सामना कर रहा है। उन्होंने यहां उद्योग समागम-2025 में कहा कि हम एक अच्छे व्यापार समझौते के लिए काम कर रहे हैं।

भारत किसानों, डेयरी और श्रमिकों के हितों से समझौता नहीं करेंगे हम एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। यह राज्यों के उद्योग और वाणिज्य मंत्रियों का सम्मेलन है। मंत्री ने कहा कि यह (व्यापार समझौता) कल हो सकता है, अगले महीने हो सकता है, अगले साल हो सकता है। हालांकि, एक सरकार के रूप में हम किसी भी आकस्मिक स्थिति का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं।

## चिकित्सकीय उपचार के लिए आगमन पर वीजा पर विचार किया जा सकता है: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका जैसे देशों के मरीजों को चिकित्सकीय उपचार के लिए आगमन पर वीजा (वीजा ऑन अराइवल) की सुविधा देने पर विचार किया जा सकता है। आगमन पर वीजा का विचार अच्छा है। हम इसे आगे बढ़ाएंगे। कई देशों के लिए हम आगमन पर वीजा की अनुमति देते हैं। हम ई-वीजा की अनुमति भी देते हैं। इन दोनों पर विचार किया जा सकता है। अमेरिका के लिए, अधिकतर यूरोपीय देशों के लिए... वैसे सभी के लिए नहीं... अधिकतर देशों के लिए जहां हमें काफी सुविधा है और जहां विस्तृत जांच-पड़ताल या पूछताछ की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ को इस विचार पर काम करने और सरकार के साथ साझा करने का सुझाव दिया। गोयल ने कहा कि जाहिर है हमें यह देखना होगा कि क्या प्रमाणन होंगे और वे कौन से देश हैं जिनके लिए हम इसकी अनुमति दे सकते हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# दिल्ली ब्लास्ट पर बॉलीवुड सेलेब्स का रिएक्शन



मुंबई। दिल्ली के लाल किला के पास हुए ब्लास्ट को लेकर देश भर के कई राज्यों में हाई अलर्ट है। इस ब्लास्ट में अब तक 12 लोगों की जान जा चुकी है और कई घायल हैं। इस ब्लास्ट को लेकर बॉलीवुड सेलेब्स ने भी दुख जाहिर किया है। साथ ही मृतकों और पीड़ितों के लिए जल्द ठीक होने की दुआ मांग रहे हैं। एक्टर सोनू सूद ने अपने एक्स पर लिखा 'दिल्ली के लाल किला के पास आज जो ब्लास्ट हुआ है, उसमें पीड़ित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदना है। आइए पीड़ितों को सपोर्ट करें और एक-दूसरे का ख्याल रखें। साउथ एक्टर थलपति विजय ने दुख जाहिर करते हुए लिखा- 'दिल्ली के लाल किला मेट्रो के पास कार ब्लास्ट की खबर से गहरा सदमा और धक्का लगा है, जिसमें कइयों की जान चली गई। जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। सभी घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ करता हूं।' एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने घटना पर दुख जाहिर करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर लिखा 'लाल किला विस्फोट से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदना है। दिल्ली, मजबूत रहें और सुरक्षित रहें।' रवीना टंडन ने अपने एक्स पर लिखती हैं। उन सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं जिन्होंने दिल्ली ब्लास्ट में अपने प्रियजनों को खो दिया। भयानक खबर। वहीं, ईशान खट्टर, अर्जुन कपूर, एक्ट्रेस निम्रत कौर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख दुख जाहिर किया है। बता दें कि सोमवार यानी कि 10 नवंबर को शाम 6.52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास चलती कार में जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके में 12 लोगों की जान चली गई है और 20 लोग घायल हैं। मरने वालों में दो महिलाएं शामिल हैं। इस धमाके के लिए सफेद i20 कार का इस्तेमाल किया गया था।

> ❍ रवीना टंडन बोलीं-भयानक खबर, सोनू सूद ने कहा एक-दूसरे का ख्याल रखें

## साइबर बुलिंग का शिकार हुई अनुपमा परमेश्वरन

मुंबई। एक्ट्रेस अनुपमा परमेश्वरन ने साइबर बुलिंग को लेकर केरल की साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की 20 साल की एक युवती उनके और उनके परिवार के बारे में सोशल मीडिया पर गलत और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर कर रही थी। अनुपमा ने कहा कि युवती ने कई फेक इंस्टाग्राम प्रोफाइल बनाकर उनके नाम पर झूठी बातें और भड़काऊ कमेंट्स फैलाए। अनुपमा ने आधिकारिक बयान में बताया, ₹कुछ दिन पहले मैंने देखा कि एक इंस्टाग्राम प्रोफाइल मेरे, मेरे परिवार और मेरे दोस्तों के बारे में बेहद गलत और भ्रामक बातें पोस्ट कर रही है। इन पोस्ट्स में मोर्फ की हुई तस्वीरें और झूठे आरोप लगाए गए थे। यह देखना बहुत परेशान करने वाला था। रविवार को अनुपमा ने इंस्टाग्राम पर शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी। एक्ट्रेस ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस बारे में पता चला, उन्होंने तुरंत अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने कहा, ₹जानकारी मिलते ही मैंने शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की और उनकी मदद से आरोपी की पहचान हो गई। कानूनी कार्रवाई की पुष्टि करते हुए अनुपमा ने कहा कि उन्होंने आरोपी की पहचान उजागर नहीं करने का फैसला किया है।

# नसीरुद्दीन शाह फार फ्रॉम होम डाक्यूमेंट्री में कार्यकारी निर्माता के रूप में हुए शामिल



नयी दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह फार फ्रॉम होम नामक लघु वृत्तचित्र में कार्यकारी निर्माता के रूप में शामिल हुए। यह वृत्तचित्र भारत में अफगान शरणार्थियों की दुर्दशा पर आधारित है।

एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभिनेता का कार्यकारी निर्माता के तौर पर वृत्तचित्र से पहली बार जुड़े है। शाह का मानना है कि वृत्तचित्र आने वाली पीढ़ियों के लिए फीचर फिल्मों से अधिक मूल्यवान हैं। इस डाक्यूमेंट्री को पुरस्कार विजेता पत्रकार अंकिता एम कुमार द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इसमें समीरा फैजी की कहानी बतायी जाएगी। फैजी एक अफगान शरणार्थी महिला है जो 2021 में तालिबान के हाथों अफगानिस्तान की कमान आने के बाद भारत पहुंची थी। यह भारत में बदलते राजनीतिक परिदृश्य के बीच फैजी के संघर्ष की पड़ताल करता है।

# शिल्पा, राज कुंद्रा का धोखाधड़ी मामले को खारिज करने का अनुरोध



मुंबई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके व्यवसायी पति राज कुंद्रा ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए मुंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। दंपति ने प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करने के साथ-साथ अदालत से पुलिस को मामले में आरोपपत्र दाखिल नहीं करने और उनकी याचिकाओं पर सुनवाई होने तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया है। उनकी याचिकाओं पर सोमवार को मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ के समक्ष सुनवाई हुई।

अदालत ने दंपति को मामले में शिकायतकर्ता दीपक कोठारी को अपनी याचिकाओं की एक प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 20 नवंबर के लिए स्थगित कर दी। कोठारी ने दंपति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि 2015 से 2023 तक अभिनेत्री और उनके पति ने उन्हें अपनी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड में 60 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए मनाया लेकिन इस राशि का इस्तेमाल अपने निजी फायदे के लिए किया। दंपति ने अपनी याचिकाओं में दावा किया कि प्राथमिकी गलत और तोड़-मरोड़ कर पेश किए गए तथ्यों के आधार पर दर्ज की गई है और इसे पैसे ऐंठने की छिपी हुई मंशा से दुर्भावनापूर्ण तरीके से दर्ज कराया गया है। शेट्टी ने अपनी याचिका में कहा कि वह कंपनी की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में शामिल नहीं थीं और बहुत सीमित समय के लिए ही इससे जुड़ी थीं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : **voiceoflucknow@gmail.com**